आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता
वर्ष 59 अंक 182 | उज्जैन, शुक्रवार 17 जुलाई 2026 | आषाढ़ शुक्ल 3
आषाढ़ शुक्ल 3 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## ये दूरी आखिर क्यों

महाआयोजन के लिए तैंयारियों का दौर जमकर जारी है। इन तैयारियों में श्रद्धालुओं के आवागमन को लेकर करीब दो दर्जन पुलों का निर्माण किया जा रहा है। भीड़ प्रबंधन का एक बड़ा हिस्सा इनमें छुपा हुआ है। इन पुलों का उपयोग एकांगी मार्ग के रूप में किया जाना तय है। यानिकी की आने और जाने के लिए अलग-अलग पूलों का उपयोग किया जाएगा जिससे की भीड़ प्रबंधन में सहुलियतें हों और भीड़ के जमाव की स्थिति में भी एक और ही श्रद्धालु चलते रहें। पुलों के निर्माण में हाल ही में एक मुद्दा इंदौर रोड हरिफाटक से अंदर की और बन रहे एक निमार्णाधीन पूल को लेकर उठा। किसी जमीन को छोड़ने के लिए निर्माणाधीन पूल को पुराने पूल के समानांतर न बनाते हुए 30-35 डिग्री का दायरा देकर बनाया जा रहा है। मामले के सार्वजनिक हो जाने के बाद संबंधित अधिकारी तमाम सफाई देते फिर रहे हैं।




मामला सार्वजनिक होने की स्थिति में । इससे पूर्व मामले में संबंधित चौथे स्तंभ की और से उनसे चर्चा किए जाने के तमाम प्रयास उन्होंने विफल कर दिए और अब इस बात की सफाई दे रहे हैं। खास तो यह है कि यह एक मात्र उदाहरण है। महाआयोजन के लिए तैयारी के लिए किए जा रहे निर्माणों की स्थिति यह है कि चौथा स्तंभ के लिए साइड पर कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। न तो विभागीय स्तर पर निर्माण से संबंधित सूचना पट्ट ही लगाए गए हैं और न जानकारी देने के लिए कोई उपलब्ध ही है। संबंधित विभागीय अफसर दफ्तरों में उपस्थिति कब होती है कब नहीं इसका कोई तय समय नहीं है। चलायमान फोन अफसर उठाते नहीं हैं। गलती से कभी उठा लिया तो उनका जवाब होता है कि अभी जानकारी उपलब्ध नहीं है दफ्तर में देखकर ही बता सकेंगे। कल जानकारी दे सकेंगे। दूसरे दिन चलायमान फोन पर संबंधित नंबर उठाया ही नहीं जाता है या फिर मुद्दा जानने के बाद नंबर ब्लाक की स्थिति तय कर दी जाती है। कई प्रयासों के बाद चौथा स्तंभ के जिम्मेदार सामने आ रही स्थिति एवं संदिग्धावस्था को पेश करते हैं तो बाद में उन्हें झुठलाने की तमाम बातें और अपने आप को सही बताने का दस्तावेजी कार्यक्रम का आयोजन शुरू कर दिया जाता है। क्या काम में यही पारदर्शिता की स्थिति है। इससे पहले भगवान के लोक निर्माण में भी बडी भारी पारदर्शिता का उपयोग किया गया था। प्रकृति ने ऐसा भला किया कि पूरी पारदर्शिता को ही सामने ला खड़ा किया। बाद में मामले में जो हुआ और जो हो रहा है सबके सामने है। खुसूर-फुसूर है कि महाआयोजन के लिए किए जा रहे निमार्णों में 2016 की तरह स्थलों पर सूचना पट्ट जानकारियों के लगाने में हर्ज ही क्या है। साइड के जिम्मेदार अधिकारियों एवं अफसरों के दफ्तरों तक जानकारी उलझाकर रखने के पीछे की मंशा के पीछे किस आवरण में रखा जा रहा है और क्यों। जब निर्माण सार्वजनिक किया जा रहा है तो जानकारी के सार्वजनिक किए जाने और चौथा स्तंभ को उपलब्ध नहीं करवाने के पीछे की मंशा सही तो नहीं कही जा सकती है। अब महाआयोजन का समय नजदीक आ गया है ऐसे में निर्माणों की पूरी जानकारी चौथा स्तंभ के साथ साझा करते हुए इसका प्रचार प्रसार किया जाना आम श्रद्धालु के हित में होगा न की इन जानकारियों को दस्तावेजों में दफ्तरों की फाइलों में दबाकर उन्हें स्नान के लिए प्रेरित करवाना। पूनश्चः स्थितियों में बाद में उठने वाले सवालों को झुठलाने से भी मुक्ति का यही मार्ग है।

## न्यूज कॉलम

- मंगलनाथ मार्ग पर स्थित शासकीय धन्वंतरि आयुर्वेद महाविद्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश लगभग 200 से अधिक औषधीय पौधों का रोपण किया गया।
- सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- युवाओं में कौशल विकास, नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए आज लीडरशिप कोहोर्ट 2026 माधव भवन स्थित शलाका दीर्घा में सुबह 11 बजे से होगा।
- बुधवार को एक दिन पहले ही रथयात्रा मनोरथ का आयोजन अंकपात मार्ग स्थित 73वीं बैठक पर सजे रथ में विराजमान होकर ठाकुरजी ने दिए दर्शन
- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महेश नगर में आयोजित हुई लाठी-कराटे प्रतियोगिता में 45 बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रदर्शन किया।
- शालिग्राम तोमर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दौलतगंज में 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- सुरीली संध्या में आज गूंजेंगे रोमांटिक फिल्मी गीत, वरिष्ठ रंगकर्मी नितिन सेठिया को 'जीवन संगीत कला सम्मान' से नवाजा जाएगा।
- हड्डी एवं जोड़ रोगों के निदान के लिए रविवार को लगेगा निःशुल्क परामर्श शिविर, मरीजों की निःशुल्क बीएमडी जांच भी होगी।
- प्रेम सागर स्पेशल स्कूल, खिलचीपुर में दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं अभिभावक जागरूकता के उद्देश्य से संस्था प्रबंधक सिस्टर दीपा की अध्यक्षता में पालक बैठक का सफल आयोजन किया गया।
- कालिदास अकादमी में गूंजा वंदे मातरम्, युवा कलाकारों के जीवंत अभिनय और कुशल निर्देशन ने दर्शकों को किया भावविभोर।

### 35 फीट के नंदीघोष रथ पर विराजे महाप्रभु जगन्नाथ

# भक्ति और उल्लास के साथ निकली रथयात्रा

**पहली बार इस्कॉन मंदिर की रथयात्रा में तीनों देव अलग-अलग रथों पर हुए विराजमान, जगह-जगह मंच बनाकर पुष्प वर्षा कर किया यात्रा का स्वागत**



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गुरुवार को उज्जैन में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जयघोष के बीच महाप्रभु जगन्नाथ, बड़े भाई भगवान बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा नगर भ्रमण पर निकले। यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और जगह-जगह मंच बनाकर पुष्पवर्षा कर भगवान का भव्य स्वागत किया गया।

**इस्कॉन मंदिर की यात्रा इस बार रही विशेष-** इस्कॉन मंदिर द्वारा निकाली गई रथयात्रा इस वर्ष विशेष आकर्षण का केंद्र रही। पहली बार तीनों देव अलग-अलग रथों पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले। भगवान बलभद्र 'तालध्वज' रथ, देवी सुभद्रा 'दर्पदलन' रथ तथा महाप्रभु जगन्नाथ 35 फीट ऊंचे विशाल 'नंदीघोष' रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देते हुए निकले। पूरे मार्ग पर श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ की भक्ति में सराबोर होकर जयघोष करते रहे।

**बंगाल के कारीगरों ने तैयार की दिव्य पोशाक-** भगवान जगन्नाथ के लिए बंगाल के कारीगरों ने जापान से मंगाए गए विशेष धागों और मोतियों से लगभग ढाई लाख रुपए की लागत से आकर्षक दिव्य पोशाक तैयार की। यात्रा इंदिरा नगर से प्रारंभ होकर फ्रीगंज, टॉवर चौक सहित विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः मंदिर पहुंची।

## कार्तिक चौक स्थित जगदीश मंदिर से निकली जगन्नाथ यात्रा के 100 वर्ष पुराने लकड़ी के रथ को श्रद्धालुओं ने खींचा

### कार्तिक चौक स्थित जगदीश मंदिर में भी उमड़ा आस्था का सैलाब

कार्तिक चौक स्थित जगदीश मंदिर से खाती समाज की पारंपरिक रथ यात्रा सत्यनारायण मंदिर से ढाबा रोड, गोपाल मंदिर, गुदरी होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। जिसमें 1200 गांव के श्रद्धालु ने 100 साल पुराने लकड़ी के रथ को अपने हाथों से खींचा। कार्तिक चौक स्थित भगवान जगन्नाथ (जगदीश) मंदिर में सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। इस अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था। यहां से भी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे यात्रा मार्ग पर लोगों ने मंच बनाकर पुष्पवर्षा कर भगवान जगन्नाथ की यात्रा का स्वागत किया।

### 100 वर्ष पुराने लकड़ी के रथ को श्रद्धालुओं ने खींचा

खाती समाज द्वारा कार्तिक चौक स्थित जगदीश मंदिर से निकाली गई रथयात्रा में लगभग 1200 गांवों से श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा का प्रमुख आकर्षण करीब 100 वर्ष पुराना पारंपरिक लकड़ी का रथ रहा, जिसे श्रद्धालुओं ने अपने हाथों से खींचकर भगवान के प्रति आस्था और समर्पण का परिचय दिया। रथयात्रा में खाती समाज के अध्यक्ष लीलाधर, अजय सिंह पटेल, उमेश वर्मा, विनोद, पवन चौधरी (इंदौर), उपाध्यक्ष संजू पटेल, रवि पटेल सहित समाज के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे यात्रा मार्ग पर भगवान जगन्नाथ के जयघोष और भक्ति का वातावरण बना रहा।

### बाबा महाकाल की शाही सवारी मार्ग पर

# निर्माणाधीन चौड़ीकरण कार्य को 15 अगस्त तक पूर्ण करे : निगम आयुक्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार बाबा महाकाल की शाही सवारी के मुख्य मार्ग पर चल रहे चौड़ीकरण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के उद्देश्य से बुधवार रात्रि निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा कंठाल चौराहा से छत्री चौक एवं छत्री चौक से कमरी मार्ग तक निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि बाबा महाकाल की शाही सवारी के मुख्य मार्ग कंठाल चौराहा से छत्री चौक तक सभी निर्माण कार्य 15 अगस्त तक पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि कार्य गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करते हुए दिन और रात्रि दोनों शिफ्टों में तेजी से किए जाएं।

निगम आयुक्त ने छत्री चौक से कमरी मार्ग पर प्रगतिरत (पीक्यूसी) सड़क निर्माण का निरीक्षण कर कमरी मार्ग चौराहे की समुचित प्लानिंग के साथ सड़क निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, बाबा महाकाल की शाही सवारी मार्ग कंठाल चौराहा से छत्री चौक तक दोनों ओर प्रीकास्ट नालियों का निर्माण, नालियों को कवर्ड करना, पेयजल पाइपलाइन शिफ्टिंग, नाली कनेक्शन, विद्युत पोल शिफ्टिंग, मंदिरों का विस्थापन, चौड़ीकरण में बाधक छज्जों का निराकरण, डीएलसी एवं पीक्यूसी सड़क निर्माण तथा कंठाल चौराहे, छत्रीचौक, कमरी मार्ग चौराहा पर कोबल सहित अन्य विकास कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों के दौरान आवश्यक बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा मानकों का ध्यान रखा जाए तथा नागरिकों के सहयोग से समन्वय के साथ सभी कार्य गुणवत्तापूर्वक संपन्न करें। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त संतोष टैगोर, पवन कुमार सिंह, एसडीएम लक्ष्मी नारायण गर्ग, कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, भवन अधिकारी राजकुमार राठौर, उपयंत्री राजेंद्र रावत स्वास्थ अधिकारी हरीश व्यास,तथा संबंधित निर्माण एजेंसी एवं कंसल्टेंट के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गुप्त नवरात्र में उज्जैन नलखेड़ा में जुटेंगे साधक

**उज्जैन, नलखेड़ा और दतिया में रहेगा जमावड़ा**
**तीन रवि योग में शमशान में करेंगे तंत्र साधना**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से बुधवार, 15 जुलाई से गुप्त नवरात्र की शुरूआत हो गई। इस बार गुप्त नवरात्र पुष्य नक्षत्र, हर्षल योग और कर्क राशि के चंद्रमा की साक्षी में बन रहे गजकेसरी योग में प्रारंभ हो रहे हैं, जिससे इसका धार्मिक महत्व और बढ़ गया है।

मध्यप्रदेश के उज्जैन, नलखेड़ा और दतिया में 9 दिनों तक तांत्रिक साधकों का विशेष जमावड़ा रहेगा। उज्जैन के चक्रतीर्थ और ओखलेश्वर श्मशान, विक्रांत भैरव मंदिर, भैरवगढ़, नलखेड़ा के मां बगलामुखी मंदिर तथा दतिया के मां पीतांबरा पीठ में देशभर से साधक तंत्र साधना के लिए पहुंचेंगे। वहीं, 51 शक्तिपीठों में शामिल उज्जैन के हरसिद्धि मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए आएंगे।

ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार श्रीमद् देवी भागवत महापुराण में वर्ष भर में चार नवरात्र बताए गए हैं। इनमें आषाढ़ और माघ मास के नवरात्र गुप्त, जबकि चैत्र और अश्विन मास के नवरात्र प्रकट नवरात्र कहलाते हैं। गुप्त नवरात्र विशेष रूप से साधना, उपासना और गुप्त विद्याओं की सिद्धि के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं। साधक अपने संकल्प के अनुसार विभिन्न प्रकार की साधनाएं करते हैं। गुप्त नवरात्र के दौरान दो सर्वार्थ सिद्धि योग और तीन रवि योग बनेंगे। शास्त्रों के अनुसार इन योगों में नए कार्यों की शुरूआत, बैंकिंग, टेक्नोलॉजी, ऑफिस शिफ्टिंग, व्यवसाय विस्तार और अन्य शुभ कार्य करना लाभकारी माना जाता है।

## सावन-भादौ मास में होगी सिंहस्थ 2028 में की जाने वाली व्यवस्थाओं की रिहर्सल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में इस बार सावन-भादौ मास में की जाने वाली व्यवस्थाएं सिंहस्थ 2028 की रिहर्सल रहेगी। इस दौरान लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में सुरक्षा, यातायात और भीड प्रबंधन के इंतजामों को परखा जाएगा। जिला प्रशासन व महाकाल मंदिर समिति ने इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

शनिवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में श्रावण-भाद्रपद मास की दर्शन व्यवस्था तथा महाकाल सवारी मार्ग तय किया जा सकता है। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने शुक्रवार को कार्यालय में मीडिया से चर्चा की तथा सुझाव भी लिए। बता दें इस बार महाकाल सवारी मार्ग पर चौड़ीकरण व सीवरेज प्रोजेक्ट के तहत लाइन बिछाने का काम चल रहा है। चौड़ीकरण में मार्ग के दोनों हिस्सों के मकान, दुकान को तोड़ा गया है, इनमें कई मकान सालों पुराने है जो बारिश के दिनों में हादसे का कारण बन सकते हैं। आधे अधूरे निर्माण के बीच सवारी मार्ग पर हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी भी चुनौती रहेगी।

## पशुपतिनाथ की दान गणना में 7 देशों की मुद्रा निकली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

श्री महाकाल लोक बनने के बाद से क्षेत्र के मंदिरों में आय का ग्राफ बराबर बढ़ रहा है। खंडवा जिले में ओंकारेश्वर हो चाहे मंदसौर जिला मुख्यालय का पशुपतिनाथ या फिर आगर मालवा जिला के नलखेड़ा में मां बगलामुखी। श्री महाकालेश्वर मंदिर के साथ इन सभी मंदिरों की आय में इजाफा दर्ज किया जा रहा है। गुरूवार को मंदसौर के पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में दान राशि की गणना में 7 देशों की मुद्रा निकल कर सामने आई है। मंदिर समिति को पिछले 50 दिनों में 31.40 लाख से अधिक की राशि दान में मिली है। इससे पूर्व मंदिर में 20-21 मई को दान की गणना की गई थी।

मंदिर प्रबंध समिति के प्रबंधक राहुल रूनवाल के अनुसार 15-16 जुलाई को दो दिवसीय गणना में रू. 31 लाख 40 हजार 20 प्राप्त हुए हैं। इसके साथ ही चांदी के छोटे मोटे आइटम 190 ग्राम। सोने के आइटम 8 ग्राम। मलेशिया 20, एवं 5 सेंट के सिक्का। नेपाल का सिक्का 2 रुपए का 2 नग सिक्का। 1 सिक्का अरब अमीरात का। थाईलैंड का 2 का 1 सिक्का। कजाकिस्तान 1 का सिक्का। नेपाल का 100 का ओर 5 का नोट। ब्राजील का 2 का नोट भी गणना में दान पेटियों से प्राप्त हुआ है। इससे करीब 50 दिन पूर्व 20-21 मई की गणना में 22 लाख 31 हजार की नकदी राशि प्राप्त हुई थी। तत्कालीन गणना के दौरान भी चांदी के छोटे मोटे आइटम 250 ग्राम। सोने के आइटम 20 ग्राम के प्राप्त हुए थे। इसके साथ ही दान पात्रों से जॉर्डन 1 दिनार का नोट, 5 पेंस का सिक्का।

नेपाल का सिक्का 1 का 2नग एवं 2 रुपए का 1 नग सिक्का। 1 सिक्का अरब अमीरात का। थाईलैंड का 20 का 1 नोट एवं 20 का सिक्का। केन्या 1 शिलिंग। एवं अन्य देशों के 4 नग सिक्के मिले थे। नियमानुसार प्रबंध समिति की बैंकों में इन्हें जमाकर इनका रूपए में परिवर्तन करवाया गया था।

# उन्नत भारत अभियान से जुड़ेंगे उज्जैन के उच्च शिक्षण संस्थान

**गांवों के विकास में निभाएंगे सक्रिय भूमिका, जिले के विश्वविद्यालय और महाविद्यालय अपने आसपास स्थित पांच-पांच गांवों का चयन करेंगे**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन




उच्च शिक्षा को समाज और ग्रामीण विकास से जोड़ने की दिशा में प्रदेश के साथ-साथ उज्जैन जिले के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को भी 'उन्नत भारत अभियान' से जोड़ा जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी पारंपरिक विश्वविद्यालयों, शासकीय एवं अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों तथा निजी विश्वविद्यालयों को अभियान के पोर्टल पर पंजीयन कर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित उन्नत भारत अभियान का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों और शिक्षकों को ग्रामीण समुदायों से जोड़कर समावेशी एवं सतत विकास को बढ़ावा देना है। इसके तहत उज्जैन जिले के विश्वविद्यालय और महाविद्यालय अपने आसपास स्थित पांच-पांच गांवों का चयन करेंगे। विद्यार्थी एवं शिक्षक इन गांवों में जाकर स्थानीय समस्याओं का अध्ययन करेंगे और शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आजीविका, कृषि, तकनीक तथा सामाजिक विकास से जुड़े विषयों पर ग्रामीणों के साथ मिलकर समाधान विकसित करेंगे।

इस पहल से विद्यार्थियों को ग्रामीण भारत की सामाजिक संरचना, पारंपरिक ज्ञान, स्थानीय संसाधनों और विकास की वास्तविक चुनौतियों को समझने का अवसर मिलेगा। साथ ही शिक्षण संस्थानों की विशेषज्ञता का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचेगा, जिससे गांवों के समग्र विकास को गति मिलेगी।

### अधिकाधिक सहभागिता की अपेक्षा

- उच्च शिक्षा विभाग ने उज्जैन जिले के सभी शासकीय, अशासकीय एवं निजी उच्च शिक्षण संस्थानों से अभियान के पोर्टल पर प्राथमिकता के आधार पर पंजीयन पूर्ण करने और अभियान की गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा है। राष्ट्रीय समन्वयक संस्थान आईआईटी दिल्ली ने भी प्रदेश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों से अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ने का अनुरोध किया है।
- वर्तमान में देशभर के पांच हजार से अधिक प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थान इस अभियान के माध्यम से 24 हजार से अधिक गांवों में विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। चयनित गांवों में अध्ययन एवं विकास कार्यों के लिए संस्थानों को आर्थिक सहयोग भी उपलब्ध कराया जाता है।
- उच्च शिक्षा विभाग का मानना है कि इस पहल से उज्जैन जिले के शिक्षण संस्थानों की सामाजिक भागीदारी बढ़ेगी और विद्यार्थियों को व्यवहारिक शिक्षा के साथ समाज सेवा का अवसर भी प्राप्त होगा। अभियान के माध्यम से शिक्षा और ग्रामीण विकास के बीच मजबूत समन्वय स्थापित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका



## न्यूज ब्रीफ

### दुग्ध पालन और डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिये प्रतिबद्ध

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवा, नारी, किसान और गरीब वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए सतत प्रयासरत है। इन वर्गों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही है और उससे समाज सशक्त भी हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन पशुपालन, डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में पशुधन बढ़े और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो, यह जरूरी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में लक्ष्मीबाई नगर कृषि उपज मण्डी में बलराम कृषि महोत्सव में आयोजित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के सम्मेलन में अपना मुख्य संबोधन दे रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषिगत कार्यों से जुड़े विषयों पर प्रेरक विषयवस्तु बनाने वाले युवा इन्फ्लुएंसर्स से आत्मीय व प्रेरक संवाद किया।

### अधिकारियों-कर्मचारियों ने पदोन्नति पर जताया आभार

**इंदौर।** पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पदोन्नति प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया और उनका आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में पदोन्नत अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा समयबद्ध पदोन्नति की दिशा में किए गए प्रयासों से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा है तथा प्रशासनिक कार्यों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदोन्नत पुलिस अधिकारियों को बैच लगाकर सम्मानित किया तथा उन्हें शुभकामनाएं देते हुए बधाई प्रदान की। उन्होंने कहा कि पुलिस बल प्रदेश की कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और सरकार पुलिसकर्मियों के कल्याण, प्रशिक्षण तथा सेवा-सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने पदोन्नत अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे नई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ करें। राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी पदोन्नति मिलने पर मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

### वरिष्ठ अधिकारियों की रहेगी हेल्प डेस्क पर निगरानी

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप आमजन को समयबद्ध, सरल एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन लगातार व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बना रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर शिवम वर्मा ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय में स्थापित हेल्प डेस्क, नकल शाखा एवं लोक सेवा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कलेक्टर कार्यालय में आने वाले प्रत्येक आवेदक को त्वरित मार्गदर्शन एवं समय पर समाधान मिलना चाहिए।

### ई-बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाने के दिए निर्देश



**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की अध्यक्षता में आज रेसीडेंसी कोठी पर सांवेर विधानसभा क्षेत्र में सिटी बसों की संख्या बढ़ाने को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री श्री सिलावट द्वारा सांवेर विधानसभा क्षेत्र में संचालित की जा रही सिटी बसों की प्रगति रिपोर्ट देखी और उसकी समीक्षा की। बैठक में अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड इंदौर के कार्यकारी निदेशक श्री अर्थ जैन एवं सहायक सचिव सिटी बस ऑपरेटर संदीप त्रिवेदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर लोक परिवहन सुविधा देने के लिए बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। आगामी 15 अगस्त : स्वाधीनता दिवस से सांवेर विधानसभा क्षेत्र में 85 नई सिटी बसों का संचालन किया जाएगा। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र में नई बसों के शुरू हो जाने के बाद नागरिकों को लोक परिवहन की बेहतर सुविधाएं और इससे रोजगार भी मिलेंगे।

### कलेक्टर ने बड़नगर में आंगनवाडी केंद्र पर बच्चों से किया संवाद

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार को बड़नगर विकासखंड के विभिन्न गांवों का सघन भ्रमण कर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं पोषण सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सामूदायिक भवन परिसर में पौधारोपण किया। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा ग्राम पलवा में दुग्ध समृद्धि अभियान के अंतर्गत स्थानीय पशुपालकों से चर्चा की और स्थानीय कृषकों को प्राकृतिक खेती के महत्व के बारे में बताते हुए इसे अधिक से अधिक अपनाने की अपील की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने सर्वप्रथम ग्राम भोमलवास स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया।

### धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

**उज्जैन।** संचालनालय धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, मध्यप्रदेश, उज्जैन द्वारा गत दिवस को उज्जैन संभाग की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में शासन संधारित देवस्थानों के प्रबंधन, जीर्णोद्धार कार्यों, पुजारियों के मानदेय तथा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से संबंधित विभिन्न विषयों की विस्तार से समीक्षा की गई।संचालक धर्मस्व श्री आशीष सिंह के निर्देशानुसार संचालनालय के संयुक्त संचालक डॉ. पी.एस. मालवीय ने उपस्थित अधिकारियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।बैठक में उज्जैन संभाग के सभी जिलों के प्रभारी अधिकारी (धर्मस्व) तथा निर्माण एजेंसियों के कार्यपालन यंत्री उपस्थित रहे।

---

श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन के इंतजाम

# भगवान महाकाल की सवारी में शामिल होंगे पांच एलईडी रथ

## नए, पुराने शहर के प्रमुख स्थानों पर भी एलइडी रथ खड़े किए जाते थे

उज्जैन। श्रावण-भाद्रपद मास में निकलने वाली भगवान महाकाल की हर सवारी में अब एक साथ पांच रथ शामिल होंगे। मंदिर समिति ने पहली बार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यह इंतजाम किए हैं।

अब तक सवारियों में केवल दो एलईडी रथ शामिल किए जाते थे। इसके अलावा नए, पुराने शहर के प्रमुख स्थानों पर भी एलइडी रथ खड़े किए जाते थे। इस बार शहर के प्रमुख स्थानों पर एलईडी रथ रहेंगे या नहीं, इसकी जानकारी नहीं दी गई है।

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर से सावन-भादौ मास में प्रत्येक सोमवार पर भगवान महाकाल की सवारी निकाली जाएगी। राजाधिराज अवंतिकानाथ चांदी की पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे। राजसी वैभव के साथ निकलने वाली सवारी में पारंपरिक नौ दलों के अलावा जनजातीय लोक नृत्य दल, विशेष बैंड आदि भी शामिल रहेंगे।

श्रद्धालुओं को पालकी में विराजित भगवान महाकाल के सुविधा से दर्शन कराने तथा सभी प्रमुख दलों की प्रस्तुतियों का अवलोकन कराने के लिए मंदिर समिति इस बार पांच एलईडी रथों को शामिल करने जा रही है। गत वर्ष तक भगवान महाकाल की सवारी में दो से तीन रथ शामिल रहते थे।

### सवारी में बिखरेंगे आस्था के साथ लोक संस्कृति के रंग



श्रावण-भाद्रपद मास में निकलने वाली भगवान महाकाल की सवारियों में इस बार आस्था के साथ लोक संस्कृति के रंग भी नजर आएंगे। सवारी में विभिन्न राज्यों के लोक कलाकार चलित प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धालुओं का मन मोहेंगे, जबकि उन्हीं राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को साकार करती आकर्षक झांकियां भी साथ चलेंगी। देश के ख्यात बैंड अपने सुरों से अवंतिकानाथ के राजसी वैभव को और भव्यता प्रदान करेंगे।

महाकाल मंदिर की परंपरा में भगवान महाकाल की पूजा राजा के रूप में होती है। श्रावण-भाद्रपद मास में अवंतिकानाथ रजत पालकी में सवार होकर अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकलते हैं। प्रजा भी अपने राजा के स्वागत में पलक-पावड़े बिछाती है। पांच किलोमीटर लंबे पारंपरिक सवारी मार्ग पर चार घंटे तक श्रद्धा और भक्ति का उल्लास छाया रहता है। सदियों पुरानी इस परंपरा में बैंड-बाजे, पुलिस का अश्वारोही दस्ता, पुलिस बैंड, भजन मंडलियां और शहर के प्रबुद्धजन शामिल होते रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में सवारी की गरिमा और सांस्कृतिक वैभव को बढ़ाने के लिए पारंपरिक भजन मंडलियों, झांझ-डमरू दलों के साथ जनजातीय सांस्कृतिक समूहों को भी जोड़ा गया है। इस बार आयोजन को और अधिक भव्य स्वरूप देने की तैयारी है।

### मंदिर समिति का यह प्रयोग काफी हद तक सफल भी रहा

इसके अलावा टावर चौक फ्रीगंज, दौलत गंज, कंठाल चौराहा आदि प्रमुख स्थानों पर भी एलईडी रथ खड़े किए जाते थे। इनके माध्यम से भक्तों को भगवान महाकाल की सवारी शुरू होने से समापन तक सीध प्रसारण दिखाया जाता था। मंदिर समिति का यह प्रयोग काफी हद तक सफल भी रहा, जो लोग भीड़ में धक्का मुक्की से बचना चाहते हैं, वें शहर में घूमते फिरते इन एलईडी रथ के माध्यम से भगवान महाकाल के दर्शन करते हैं।

### अपनी पारंपरिक कला का प्रदर्शन करेंगे

विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य दल सवारी के साथ चलते हुए अपनी पारंपरिक कला का प्रदर्शन करेंगे। विशेष बात यह रहेगी कि जिस राज्य का लोक दल प्रस्तुति देगा, उसी राज्य की सांस्कृतिक पहचान और लोक विरासत को दशार्ती झांकी भी उसके साथ चलेगी। इससे श्रद्धालुओं को भगवान महाकाल की सवारी में देश की विविध लोक परंपराओं की जीवंत झलक देखने का अवसर मिलेगा।

---

बदलेगा पढ़ाई का तरीका, इंदौर में शिक्षकों को मिलेगी ट्रेनिंग

# आईआईटी मद्रास के साथ हो रही शिक्षा में सुधार की पहल

**इंदौर में प्रशासन की कक्षा तीन से आठ तक सुधार की कवायद**

**आईआईटी मद्रास के सहयोग से शिक्षा सुधार का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

जिले के सरकारी स्कूलों में अब केवल भवन और सुविधाएं ही नहीं, बल्कि पढ़ाने और सीखने का तरीका भी बदलेगा।

कलेक्टर शिवम वर्मा की पहल पर कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आईआईटी मद्रास के सहयोग से शिक्षा सुधार का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों की सीखने की क्षमता बढ़ाना, शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों से प्रशिक्षित करना और परीक्षा परिणामों में सुधार लाना है।

जिला प्रशासन द्वारा जिले के कक्षा तीसरी से आठवीं तक के स्कूलों में शिक्षा सुधार की पहल शुरू की जा रही है।आईआईटी मद्रास द्वारा शिक्षकों के लिए बेहतर शिक्षण मॉडल लागू तैयार किया जाएगा। इस परियोजना के तहत पारंपरिक पढ़ाई के बजाय बच्चों की समझ, भागीदारी और व्यवहारिक सीख पर आधारित नई शिक्षण पद्धति अपनाई जाएगी। सप्लीमेंट्री लर्निंग माडल के जरिए विद्यार्थियों को विषयों को आसान और रोचक तरीके से समझाया जाएगा।

### जिले के चयनित स्कूलों के शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा



साथ ही शिक्षकों को भी ऐसी तकनीकें सिखाई जाएगी, जिनसे वे कम समय में अधिक प्रभावी ढंग से पढ़ा सकें। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि फिलहाल इस योजना पर पायलट स्तर पर काम चल रहा है। जल्द ही जिले के चयनित स्कूलों के शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद शिक्षक वैज्ञानिक और गतिविधि आधारित तरीके से बच्चों को पढ़ाएंगे, जिससे विद्यार्थियों की विषयों पर पकड़ मजबूत होगी और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

### कक्षा संचालन में मिलेगी सुविधा

प्रशासन का मानना है कि नई शिक्षण प्रणाली से बच्चों के लिए पढ़ाई आसान और रुचिकर बनेगी, वहीं शिक्षकों को भी कक्षा संचालन में सुविधा मिलेगी। यदि पायलट प्रोजेक्ट के परिणाम सकारात्मक रहे, तो इसे जिले के अन्य सरकारी स्कूलों में भी चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। इससे सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।


---

# पूज्य सुधासागरजी महाराज का मक्सी में आज होगा मंगल प्रवेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक अनियतविहारी शिष्य, जगत पूज्य, तीर्थ चक्रवर्ती, मुनिपुंगव, निर्यापक पूज्य श्री 108 सुधासागर जी महामुनिराज ससंघ का प्रथम इंदौर संभावित चातुर्मास हेतु आगमन सुनिश्चित हुआ है।

फेडरेशन के राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि गुरुदेव के इंदौर की ओर बढ़ते चरणों के मार्ग में शुक्रवार, 17 जुलाई 2026 को प्रातः 7:30 बजे श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री मक्सी पार्श्वनाथ पर मुनि संघ का भव्य मंगल प्रवेश होगा। दद्दू ने कहा कि इस पावन अवसर पर जगत पुज्य गुरुदेव की मंगल देशना के साथ ही अन्य धार्मिक क्रियाएं भी सम्पन्न होंगी।। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी, इंदौर रीजन अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने कहा कि इस अवसर पर फेडरेशन इंदौर रीजन के सम्माननीय पूर्व अध्यक्षगण, सभी पदाधिकारीगण एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप इंदौर रीजन के सभी पदाधिकारी, संचालकगण तथा सभी सोशल ग्रुप्स के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। संजय पापडीवाल ने समाजजनों से सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की विनम्र अपील की है।



---

# इंदौर के वॉटर-सीवरेज प्रोजेक्ट को केंद्र की हरी झंडी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

अर्बन चैलेंज फंड के तहत केंद्र शासन ने इंदौर के 1214.54 करोड़ रुपये के जल प्रदाय एवं सीवरेज प्रोजेक्ट को स्वीकृति दे दी है। केंद्र शासन अब इन प्रोजेक्ट की लागत का 25 प्रतिशत खर्च यानी लगभग 302.70 करोड़ रुपये स्वयं वहन करेगा।

यह स्वीकृति केंद्र शासन के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की बैठक में दी गई। बैठक में प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, इंदौर निगमायुक्त क्षितिज सिंघल, यूडीडी के दिव्यांक सिंह आदि शामिल हुए। बैठक के दौरान इंदौर नगर निगम ने जल प्रदाय वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण, सीवर नेटवर्क के विस्तार तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के उन्नयन से संबंधित विस्तृत प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया। इसमें वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक एवं नवाचार आधारित तकनीकों के उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

भारत सरकार द्वारा आयोजित अर्बन चैलेंज फंड की एपेक्स कमेटी ने इन जलप्रदाय एवं सीवरेज परियोजनाओं की जांच की। समिति ने नगर निगम की सभी प्रमुख परियोजनाओं को स्वीकृति दे दी है। इनमें 907.74 करोड़ रुपये की जल प्रदाय परियोजनाएं और 306.80 करोड़ रुपये की सीवरेज परियोजनाएं शामिल हैं।

# एमपी की नई सरकारी बसों में होगी हाईटेक सुविधाएं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



मध्य प्रदेश में एक बार फिर राज्य परिवहन निगम की तर्ज पर सरकारी बसों का सफर शुरू होने जा रहा है। प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक बस परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित और समयबद्ध बनाने के लिए 'राज्य सड़क परिवहन स्कीम' के तहत 40 इंटरसिटी बस मार्गों को अधिसूचित (नोटिफाई) कर दिया है। 'मध्य प्रदेश यात्री बस परिवहन और इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड' द्वारा इन रूटों पर बसों का संचालन सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत किया जाएगा। सरकार ने इस योजना को लेकर 30 दिनों में आपत्तियां और सुझाव मांगे हैं, जिसके बाद महज 7 दिनों के भीतर बसों का जमीनी संचालन शुरू हो जाएगा। इस योजना में सबसे मुख्य केंद्र इंदौर को बनाया गया है, जहां से 20 से अधिक शहरों के लिए 22 बसें चलाई जाएंगी।

# भैरवगढ़ जेल में बर्थडे पार्टी का दूसरा मामला भी आया सामने

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

13 जुलाई को केंद्रीय जेल भैरवगढ़ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें उप जेल अधीक्षक सुरेश गोयल जेल अधीक्षक की बर्थडे पार्टी में जेल कर्मियों के साथ डांस करते हुए नजर आ रहे थे। इस वीडियो के वायरल होने पर जमकर बवाल मचा था और उपजेल अधीक्षक सुरेश गोयल ने इस डांस पर यह सफाई भी दी थी की थकान और तनाव दूर करने के लिए जेल अधीक्षक मनोज साहू के जन्मदिन पर हम लोगों ने यह डांस किया था।

अभी उप जेल अधीक्षक सुरेश गोयल का यह वीडियो सुर्खियों में ही बना हुआ था कि आज फिर जेल अधीक्षक मनोज कुमार साहू का बर्थडे पार्टी के दौरान अपनी पत्नी के साथ डांस करने का वीडियो वायरल हो गया।

केंद्रीय जेल भैरवगढ़ मे लगता है जैसे अब वह समय गुजर चुका हैं जब यहां पर योग, प्राणायाम, प्रवचन के साथ ही कैदियों को सुधारने के लिए कई आध्यात्मिक कार्यक्रम होते थे। इन दिनों केंद्रीय जेल भैरवगढ़ के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं जिसमें उप जेल अधीक्षक सुरेश गोयल जहां गोविंदा के गाने आपके आ जाने पर डांस करते दिखाई दे रहे हैं, तो वहीं जेल अधीक्षक मनोज साहू अपनी पत्नी के साथ फिरकी वाली तू कल फिर आना गाने पर डांस कर रहे हैं। वीडियो को देखने पर पता चलता है कि इसमें स्वागत के दौर पर जो होर्डिंग लगाया गया है।

---

इंदौर एयरपोर्ट के लिए बिजासन माता टेकरी के नीचे जमीन की फेंसिंग की

# विस्तार के लिए 20 एकड़ जमीन की थी आवंटित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर एयरपोर्ट को शासन ने विस्तार के लिए 20 एकड़ जमीन आवंटित की थी, लेकिन अब तक इसका उपयोग नहीं हो पाया था। अब एयरपोर्ट प्रबंधन ने इसकी फेंसिंग कर वाहनों की निकासी का रास्ता बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। इस व्यवस्था से एयरपोर्ट पर बाधित होने वाले ट्रैफिक से से राहत मिल सकेगी। वर्तमान प्रवेश द्वार से वाहनों की निकासी होगी और बिजासन वाली जमीन पर बनाए जा रहे रास्ते से वाहन बाहर निकल सकेंगे।

दरअसल पिक अवर्स में एयरपोर्ट पर वाहनों का खासा दबाव रहता है, ऐसे में कई बार जाम के हालत बन जाते है।इस परेशानी से राहत के लिए एयरपोर्ट प्रबंधन ने निकासी और प्रवेश की व्यवस्था को अलग-अलग करने की योजना तैयार की थी। इस प्रस्ताव पर मुख्यालय स्तर से अनुमति मिलने के बाद अब व्यवस्था को जमीन पर उतारने की तैयारी शुरू हो चुकी है। इस व्यवस्था के लागू होने से सिंहस्थ के दौरान यात्रियों को सुविधा रहेगी। क्योंकि सिंहस्थ में देश और दुनिया से यात्री उड़ान से इंदौर आकर उज्जैन पहुंचेंगे। एयरपोर्ट के पीआरओ रामस्वरूप यादव का कहना है कि बिजासन के नीचे की जमीन पर फेंसिंग कर दी गई है और निकासी की व्यवस्था की जा रही है।

### टर्मिनल के बाहर बढ़ेगी लाइन



वर्तमान टर्मिनल के सामने स्थान कम होने से वाहन केनोपी तक पहुंच जाते है, जबकि यह स्थान पैदल यात्रियों के लिए होता है।अब नई योजना के तहत टर्मिनल के सामने थ्रू लाइन बढाई जाएगी, ताकि अधिक वाहन एक साथ खड़े हो सके और यात्रियों को आने और जाने में परेशानी नहीं हो।प्रवेश और निकासी व्यवस्था अलग-अलग होने से यहां पर विस्तार के लिए स्थान उपलब्ध हो जाएगा। इंदौर एयरपोर्ट पर लगातार यात्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है, ऐसे में पीकअवर्स में एयरपोर्ट पर प्रवेश और निकासी वाली लाइन में कई बार वाहनों की लंबी कतारे लग जाती है। परेशानी से बचने के लिए कई लोग एयरपोर्ट के बाहर ही सड़क किनारे वाहन खड़े कर देते है। इससे बाहर भी जाम लगने लगता है। बाहर खड़े होने वाले वाहनों का मुद्दा भी कई बार एयरपोर्ट कमेटी की बैठक में उठा है। प्रवेश और निकसी व्यवस्था अलग-अलग होने से यह व्यवस्था सुधर जाएगी।

# नवलखा चौराहे पर फूटी पाइपलाइन, बहता रहा जल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

नवलखा चौराहे पर 1500 मिमी व्यास की मुख्य ग्रेविटी मेन एमएस नर्मदा पाइपलाइन फूटने से लाखों गैलन पानी सड़कों पर बह गया। पाइपलाइन में आए लीकेज को ठीक करने के लिए मौके पर गड्ढा खोदकर मरम्मत कार्य शुरू किया गया। पाइपलाइन से लगातार पानी का रिसाव होता रहा। गड्ढे में भर रहे पानी को निकालने के लिए मोटर पंप लगाए गए और पाइप के माध्यम से पानी सड़कों पर बहाना पड़ा। करीब तीन घंटे तक पानी सड़कों पर नदी की तरह बहता रहा, जिससे नवलखा चौराहे और आसपास के मार्गों पर यातायात प्रभावित हुआ तथा वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पाइपलाइन की मरम्मत तथा बड़वाह स्थित बिजली सब-स्टेशन में मेंटेनेंस कार्य के कारण नर्मदा परियोजना के तृतीय चरण के पंप पूरे दिन बंद रखे गए। रात में पंप दोबारा शुरू कर दिए गए। इसके बावजूद शहर की टंकियों में निर्धारित क्षमता से कम पानी भरा जाएगा।

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
REGIONAL



## न्यूज कालम



### अवैध मदिरा संग्रहण करते एक आदतन आरोपी गिरफ्तार

**खरगोन।** कलेक्टर रेखा राठौड़ महोदया के आदेश पर सहायक आयुक्त आबकारी श्री बृजेन्द्र कोरी के निदेर्शानुसार तथा नियंत्रण कक्ष प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री सजेंद्र मोरी के मार्गदर्शन में वृत्त खरगोन ब के आबकारी दल द्वारा आज ग्राम बामखल से अवैध मदिरा संग्रहण व विक्रय की विश्वसनीय मुखबिर सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के संदिग्ध मकान/ किराना दुकान समक्ष पंचान विधिवत तलाशी लेने पर नंदकिशोर जायसवाल से कुल 56.8 बल्क लीटर देशी, विदेशी, बियर व हाथ भट्टी मदिरा बरामदगी पर *वृत्त प्रभारी सार्थक वर्मा, आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा म. प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क व 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया । कार्यवाही में जप्त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 31400/- रुपए है ! उक्त कार्रवाई में मुख्य आरक्षक सुश्री संता चौहान, रणजीत वर्मा व आरक्षक श्री रमेश मोरे, संतोष आवासी ,ऋषिकेश मालवीय ,आरती का सराहनीय योगदान रहा।

### राशन घोटाले करने वाले प्रबंधक और विक्रेता को जेल

**बड़वानी।** गरीबों के हक के राशन में कथित गड़बड़ी करने वाले आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मेणीमाता द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान बोरी ग्राम सामरखेड़ा के प्रबंधक लालसिंग पिता नानसिंग और विक्रेता राजू पिता बिहारी अलावे* को न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। बहुचर्चित राशन वितरण अनियमितता प्रकरण में न्यायालय ने पाया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले खाद्यान्न के वितरण एवं स्टॉक में गंभीर अनियमितताएं हुई थीं।मामले के अनुसार जांच के दौरान दुकान के पीओएस रिकॉर्ड और भौतिक स्टॉक के सत्यापन में गेहूं एवं चावल की बड़ी मात्रा कम पाई गई थी। शिकायतों और जांच के बाद प्रबंधक लालसिंह चौहान तथा विक्रेता राजू अलावे के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं आपराधिक न्यास भंग के आरोपों में प्रकरण दर्ज किया गया था। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने तकनिकी, दस्तावेजी साक्ष्य एवं गवाहों के माध्यम से आरोप सिद्ध किए। विशेष न्यायाधीश श्रीमान एल. डी. सोलंकी बड़वानी द्वारा 16 जुलाई को दोनों आरोपियों को 4-4 वर्ष के कठोर कारावास तथा 25-25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

### विश्व जनसंख्या दिवस अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**सनावद ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निदेर्शानुसार विश्व जनसंख्या दिवस जागरूकता शिविर आज आयोजित किया गया सनावद न्यायालय में जहां अपर सत्र न्यायाधीश महोदय मोहम्मद असलम दहलवी साहब ने योगेश चालीसा साहब आकांक्षा गर्ग न्यायाधीश महोदया ने जनसंख्या पर कहा कि हमारा उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण को जागृत करना है हम दो हमारे दो ही बच्चे अच्छे हैं छोटा परिवार सुखी परिवार भारत में करीबन 145 करोड लोग हो गए हैं जनसंख्या दर-ब दर बढ़ती जा रही है आने वाले समय में धन-धान्य की एवं अन्य दैनिक उपयोगी वस्तुओं की कमी होती नजर आएगी इसलिए अपने परिवार के अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छे रहन-सहन के लिए सीमित परिवार को रखें जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना परिवार नियोजन, लैंगिक समानता और स्वास्थ्य सेवाओं की अहमियत बताना हमारा उद्देश्य है तो आप सब जाने शिविर में नायब नाजिर संतोष खन्ना साहब न्यायालय खंडपीठ सदस्य रविंद्र अम्बिया मौजूद थे।

### मेघनानी परिवार ने स्कूल में बांटी शिक्षण सामग्री और जूते



**मंदसौर।** स्थानीय शासकीय प्राथमिक विद्यालय चंबल कॉलोनी में समाजसेवी मेघनानी परिवार द्वारा विद्यालय के जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग, कॉपियां, बालपेन और जूते (शूज) वितरित किए गए। मेघनानी परिवार के द्वारा हर वर्ष विद्यालय में बच्चों की आवश्यकता के अनुसार इसी तरह उपयोगी सामग्री का वितरण किया जाता रहा है। कार्यक्रम में मेघनानी परिवार की ओर से मुख्य रूप से हितेश मेघनानी, महेन्द्र सिंह यादव और अन्य परिवारजन उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने हाथों से बच्चों को उपहार स्वरूप यह सामग्री भेंट की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक किरणेन्द्र ठौरा ने मेघनानी परिवार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को जब भी किसी भी प्रकार की आवश्यकता होती है, मेघनानी परिवार सदैव आगे आकर उसकी पूर्ति करता है। उन्होंने इस पुनीत कार्य और निरंतर सहयोग के लिए संपूर्ण विद्यालय परिवार की ओर से मेघनानी परिवार का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य विजय सिंह पुरावत के साथ-साथ विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही। इस अवसर पर रचना वर्मा, सरिता व्यास, तृप्ति चावड़ा, पारुल पाटिल और दिनेश परमार आदि उपस्थित रहे।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**टांडा(धार)।** टांडा के पास मगदी गांव में अधेड़ द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार टांडा थाना क्षेत्र के ग्राम मगदी निवासी सुबान पिता मोहन भीलाला 49 वर्ष ने स्वयं के खेत मे लगे सागवान के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार सुबह की बताई जा रही है। सूचना पर टांडा पुलिस ने मर्ग कायम किया। बताया जा रहा है कि सुबान ने 2 बार पहले भी आत्महत्या की कोशिश की थी।

# सरकारी योजनाओं में ढिलाई और अफसरों की लापरवाही पर नेपानगर विधायक का सख्त रवैया

## बहाने नहीं, समय पर परिणाम चाहिए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



सरकारी योजनाओं में ढिलाई और अफसरों की लापरवाही पर नेपानगर विधायक मंजू राजेंद्र दादू का सख्त तेवर देखने को मिला। खकनार विकासखंड के सीवल, अंबाडा और सिरपुर सेक्टर की ग्राम पंचायतों की विकास एवं हितग्राही योजनाओं की समीक्षा बैठक में विधायक ने साफ कहा कि अब फाइलों में नहीं, जमीन पर विकास दिखना चाहिए।

विधायक ने दो टूक कहा, "बहाने नहीं, समय पर परिणाम चाहिए। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक तय समय में पहुंचना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।"

**गैरहाजिर अफसरों पर कार्रवाई के निर्देश**

समीक्षा बैठक में कार्यपालन यंत्री (आरईएस) और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के ब्लॉक समन्वयक के अनुपस्थित रहने पर विधायक ने कड़ी नाराजगी जताई। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए दोनों अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, "समीक्षा बैठकें केवल औपचारिकता नहीं हैं। अनुपस्थित रहकर अधिकारी जनता के प्रति जवाबदेही से बच नहीं सकते।"

**मनरेगा पर सबसे ज्यादा सख्ती**

बैठक में वीबी-जी राम जी योजना, मनरेगा, पीएम आवास, पांचवें एवं पंद्रहवें वित्त आयोग तथा मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना की बिंदुवार समीक्षा हुई।

मनरेगा में अधूरे कार्यों पर नाराजगी जताते हुए विधायक ने सभी लंबित कार्य तत्काल पूरे कराने के निर्देश दिए। पिछले वर्ष खराब प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों के विरुद्ध कार्रवाई के भी आदेश दिए।

अनुपात खराब होने के बावजूद नई तकनीकी स्वीकृतियां जारी करने पर सवाल उठाते हुए उपयंत्रियों को निर्देश दिए कि केवल जनहित के आवश्यक कार्यों की ही स्वीकृति जारी हो।

**गरीबों के आवास में देरी बर्दाश्त नहीं**

पीएम आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा में विधायक ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में किश्त जारी हो। प्रशासनिक लापरवाही से किसी गरीब का मकान अधूरा नहीं रहना चाहिए। देरी करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

## रात से लापता युवक का शव कुएं में मिला, आत्महत्या की आशंका

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

शहर के शेखवाल क्षेत्र में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 19 वर्षीय युवक का शव श्मशान घाट के पास स्थित कुएं से बरामद हुआ। युवक मंगलवार रात से लापता था। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान आदित्य पिता राजू निवासी शेखवाल के रूप में हुई है। वह मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने पूरी रात उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। बुधवार सुबह दोबारा तलाश के दौरान श्मशान घाट के समीप कुएं के पास युवक की चप्पलें मिलीं। संदेह होने पर स्थानीय लोगों ने कुएं में देखा तो युवक का शव पानी में दिखाई दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर जिला अस्पताल भेजा। मृतक के भाई अनिल राज ने बताया कि आदित्य खेती का कार्य करता था और घर से बिना कुछ बताए निकला था।

परिवार के अनुसार उसका किसी से कोई विवाद नहीं था। शरीर पर चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं, इसलिए प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

परिवार पर पहले भी दुखों का पहाड़ टूट चुका है। दो वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में आदित्य की मां की मौत हो गई थी। अब बेटे की असमय मौत से पूरा परिवार सदमे में है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



## स्कूल बसों की सघन जांच, तीन बसों में अग्निशमन यंत्र नहीं मिलने पर कार्रवाई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को खंडवा यातायात पुलिस ने स्कूल बसों की सघन जांच की। अभियान के दौरान कुल 28 स्कूल बसों का निरीक्षण किया गया। सूबेदार धर्मेंद्र गौर के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम ने बसों की फिटनेस, बीमा, परमिट, चालक के दस्तावेज, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, स्पीड गवर्नर, सीसीटीवी कैमरे और जीपीएस सिस्टम की जांच की। निरीक्षण के दौरान तीन स्कूल बसों में अग्निशमन यंत्र नहीं पाए गए, जिस पर संबंधित बस संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई।

इसके अलावा बस चालकों एवं परिचालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने, क्षमता से अधिक बच्चों को बस में नहीं बैठाने तथा आपात स्थिति में सुरक्षा उपाय अपनाने के संबंध में समझाइश दी गई। यातायात पुलिस ने विशेष अभियान "नशे से दूरी है जरूरी 2.0" के तहत बस चालकों और परिचालकों को भी नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए वाहन चलाते समय पूर्ण सतर्कता बरतने की सलाह दी।

## आईटीआई में प्रवेश हेतु अतिम तिथि 25 जुलाई

**बड़वानी ।** जिले के युवाओं के लिए, उनके रोजगार हेतु आईटीआई प्रवेश लेकर कौशल शिक्षा प्राप्त कर बेहतर रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर है। हमारे देश और प्रदेश की उन्नति का सबसे मजबूत आधार हमारे युवाओं का कौशल है। अगर युवाओं के पास कौशल होगा, तो रोजगार खुद-ब-खुद आपके पास आयेगा। शासकीय आईटीआई बडवानी के प्राचार्य श्री केतन मालवीया के द्वारा बताया गया कि बडवानी जिले की समस्त शासकीय आईटीआई में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। यदि आप 8वीं, 10वीं,12वीं पास है और अपने भविष्य को एक नई व सुरक्षित दिशा देना चाहते है, तो यह आपके लिए सबसे बेहतरीन अवसर हैं।

## टीएसईसी में फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट का मामला
## प्रबंधन ने कलेक्टर से निलंबन की मांग की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

ठाकुर शिवकुमार सिंह मेमोरियल ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूट (टीएसईसी) के लेखापाल प्रदीप गुप्ता के खिलाफ अधिकारियों-कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार और सरकारी जांच दल को गुमराह करने का गंभीर मामला सामने आया है।

कॉलेज प्रबंधन ने कलेक्टर एवं प्रबंध संचालक को पत्र लिखकर पूरे प्रकरण की जानकारी देते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबन की मांग की है। यह खबर प्रबंधन द्वारा कलेक्टर को सौंपे गए पत्र के आधार पर प्रकाशित की गई है।

**क्या है पूरा मामला?**

संस्था के प्राचार्यों, कार्यालय अधीक्षक और कर्मचारियों ने शिकायत की थी कि लेखापाल प्रदीप गुप्ता पिछले दिसंबर से लगातार अभद्र व्यवहार कर रहे हैं और सहकर्मियों को धमकाकर काम में बाधा डाल रहे हैं।

इस पर कलेक्टर कार्यालय ने शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यों का जांच दल गठित किया। दल को 6 मई 2026 को कॉलेज पहुंचकर जांच करनी थी, जिसकी सूचना प्रमुख प्राचार्य डॉ. मनोज कथने ने गुप्ता को दे दी थी।

**जांच के दिन पिता की बीमारी का हवाला, फिर अजीब शर्त**

6 मई को जांच दल के पहुंचने से पहले गुप्ता ने ईमेल से अपने पिता की गंभीर बीमारी बताकर 3 दिन की छुट्टी मांगी। जांच दल ने फोन पर केवल 10 मिनट आकर बयान देने का अनुरोध किया तो उन्होंने आने से मना कर दिया। इसके बाद गुप्ता ने जांच दल के सामने कॉलेज के बाहर किसी "गुप्त स्थान" पर बयान दर्ज कराने की शर्त रखी, जिसे दल ने अस्वीकार कर दिया।

11 मई को काम पर लौटने के बाद गुप्ता ने 5 मई का मेडिकल सर्टिफिकेट पेश कर छुट्टी की मांग की। प्रबंधन ने जांच की तो चौंकाने वाला तथ्य सामने आया। जिस अवधि में गुप्ता ने पिता को गंभीर बीमार बताया था, उसी अवधि में उनके पिता अपने संस्थान में पूरी तरह स्वस्थ होकर ड्यूटी पर उपस्थित थे। कॉलेज प्रबंधन ने इसके पुख्ता सबूत जुटाए हैं। स्थान, तारीख और समय सहित लोकेशन वाले फोटोग्राफ्स में गुप्ता के पिता ड्यूटी पर नजर आ रहे हैं।

"यह मेडिकल प्रमाण पत्र मेरे संज्ञान में लाए बिना और गलत जानकारी देकर प्रदीप मोहनलाल गुप्ता द्वारा जारी कराया गया है। तथ्यों की पुष्टि के बाद मैं इस प्रमाण पत्र को तत्काल प्रभाव से निरस्त करता हूं।" डॉक्टर के इस कथन के बाद कॉलेज प्रमुख ने गुप्ता की उक्त छुट्टी को अमान्य करते हुए पूरी अवधि का वेतन काटने के आदेश जारी कर दिए।

## खंडवा में दर्दनाक हादसा :
## तालाब में डूबने से मासूम भाई-बहन की मौत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

पुनासा विकासखंड के ग्राम दामखेड़ा खुर्द डाबर में मंगलवार शाम एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। घर के बाहर खेल रहे दो मासूम सगे भाई-बहन तालाब में डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। एक ही परिवार के दो बच्चों की असमय मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम निवासी धर्मेंद्र पिता नयन सिंह बारेला की तीन वर्षीय बेटी रौनक और दो वर्षीय बेटा रोशन मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे घर के बाहर खेल रहे थे। खेलते-खेलते दोनों बच्चे घर के समीप बने एक बड़े तालाब के किनारे पहुंच गए। आशंका है कि किनारे की फिसलन या संतुलन बिगड़ने के कारण दोनों गहरे पानी में चले गए और डूब गए।

काफी देर तक बच्चे दिखाई नहीं देने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान दोनों बच्चों को तालाब में देखा गया। ग्रामीणों और परिजनों ने तत्काल उन्हें बाहर निकालकर पुनासा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और मर्ग कायम कर शवों का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

घटना के बाद ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा किया गया गहरा गड्ढा बारिश का पानी भरने से तालाब बन गया था। यदि सुरक्षा के उचित इंतजाम किए गए होते तो यह हादसा टल सकता था। ग्रामीणों ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। इस दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को झकझोर दिया है।

## आरटीओ चालान के नाम पर छात्र से 59 हजार की साइबर ठगी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

जिले में साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। इस बार एक निजी विश्व विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र से आरटीओ चालान के नाम पर भेजी गई फर्जी एपीके फाइल डाउनलोड करवाकर 59,466 रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली गई। कोतवाली पुलिस के अनुसार फरियादी करण डूडवे, निवासी भीकनगांव (खरगोन), वर्तमान में खंडवा में रहकर बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर रहा है। उसने पुलिस को बताया कि ८ जुलाई को उसके व्हाट्सएप पर आरटीओ चालान के नाम से एक एपीके फाइल आई। उसने इसे सामान्य सरकारी संदेश समझकर डाउनलोड कर लिया।फाइल डाउनलोड होते ही उसका मोबाइल हैक हो गया। कुछ ही देर बाद खाते से दो बार में 49,999 रुपये और 8,999 रुपये निकलने के संदेश आए। बैंक बैलेंस जांचने पर कुल 59,466 रुपये की धोखाधड़ी सामने आई। घटना के बाद छात्र ने तुरंत कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## मधुमक्खी के हमले से युवक घायल

**टांडा(धार)।** टांडा के समीपस्थ चुनपिया गांव में एक युवक पर मधुमक्खियो के झुंड ने हमला कर दिया। जिसे बेहोशी अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा लाया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार गुरुवार सुबह 8 बजे कमलेश पिता रतन (20) गांव के समीप जंगल में बकरिया चरा रहा था। तभी मधुमक्खीयो के झुंड ने कमलेश पर अचानक हमला कर दिया। जान बचाने के लिए युवक गांव की और भागते हुए बेहोश हो गया। गांव के युवक तत्काल इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा पर लाए जहां डॉक्टर ने जरूरी जांच कर उपचार प्रारंभ किया।

## नर्मदा स्नान के दौरान युवक की डूबने से मौत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

धार्मिक नगरी ओंकारेश्वर में नर्मदा स्नान के दौरान बुधवार सुबह एक श्रद्धालु की डूबने से मौत हो गई। मृतक राजस्थान के सालासर निवासी महावीर कुमार (28) था, जो तीर्थयात्रियों के समूह के साथ दर्शन करने आया था। लगातार दूसरे दिन हुई डूबने की घटना के बाद श्रद्धालुओं ने घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 5.30 बजे महावीर अपने साथियों के साथ नर्मदा स्नान कर रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। उसे बचाने की कोशिश में उसका साथी सियाराम भी डूबने लगा। घाट पर मौजूद स्थानीय नाविक लक्ष्मण वर्मा और दिलीप जुलवारिया ने तत्काल नदी में छलांग लगाकर सियाराम की जान बचा ली। सूचना मिलने पर मांधाता थाना पुलिस, एसडीईआरएफ और नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंची। गोताखोर तुकाराम केवट ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद महावीर का शव नदी से बाहर निकाला।

गौरतलब है कि एक दिन पहले ही बैतूल निवासी एक युवक की भी ब्रह्मपुरी घाट पर डूबने से मौत हुई थी। लगातार हो रही घटनाओं से श्रद्धालुओं में नाराजगी है। उनका कहना है कि सुबह के समय घाटों पर पर्याप्त रेस्क्यू टीम, सुरक्षा कर्मी और चेतावनी संकेत मौजूद नहीं रहते, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मर्ग कायम किया है ।

## महापौर परिषद ने दी जन हितैषी प्रस्तावों को स्वीकृति

**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में आयोजित महापौर परिषद की बैठक में डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के नगरीय ठोस अपशिष्ट निष्पादन, सेल्टर हाउस, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य जनहितैषी प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। आयोजित बैठक में डॉ. लक्ष्मी नारायण पाण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय परिसर से निकलने वाले सुखे एवं गीले कचरे का निष्पादन किया।

## 12 दिन से लापता 5 वर्षीय अहमद रजा का सुराग न मिलने पर परिजनों का धरना

**मंदसौर ।** शहर के खानपुरा क्षेत्र से 5 जुलाई की दोपहर घर के बाहर खेलते समय लापता हुए 5 वर्षीय मासूम अहमद रजा का 12 दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। रेस्क्यू अभियानों और पुलिस जांच के बावजूद सफलता न मिलने से नाराज परिजनों ने समाजजनों के साथ गांधी चौराहे पर धरना दिया। परिजनों ने बच्चे की जल्द खोज, विशेष जांच टीम (एसआईटी) के गठन, डॉग स्क्वायड से जांच और सूचना देने वाले के लिए इनाम घोषित करने की मांग की है। धरना स्थल पर पहुंचे मंदसौर विधायक विपिन जैन ने परिजनों का समर्थन करते हुए पुलिस से तलाश में तेजी लाने और इनाम की घोषणा करने की बात कही। वहीं शहर कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने सभी संभावित पहलुओं पर गहन जांच और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई जारी रहने का आश्वासन दिया।

## वर्धमान सागर जी महाराज का 37वां आचार्य पद आरोहण दिवस मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

नगर के श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ बड़ा मंदिर जी में आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज के 37वें आचार्य पद आरोहण दिवस के अवसर पर विशेष पंचामृत अभिषेक एवं पूजन सम्पन्न हुआ। साथ ही नगर में आर्यिका लक्ष्मी भूषण माताजी का मंगल प्रवेश भी हुआ। समाज प्रवक्ता सन्मति जैन काका ने बताया कि इस अवसर पर आचार्य श्री सन्मति सागर जी महाराज की परम शिष्या आर्यिका लक्ष्मी भूषण माताजी ने कहा कि "जिस नगरी में साधु-संतों का उद्भव होता है, वह नगरी स्वयं ही पावन-पवित्र हो जाती है। ऐसी ही नगरी आपकी सनावद नगरी है।"

आर्यिका माताजी ने आगे कहा कि आज इस सदी में भी बीसवीं सदी के प्रथम आचार्य शांतिसागर जी महाराज की परंपरा का निर्वहन कर रहे आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज अपने विशालतम संघ का बखूबी संचालन कर रहे हैं। वे स्वयं के साथ-साथ अन्य संतों का भी मोक्ष का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। आपकी नगरी अत्यंत पावन एवं धन्य है, जहां से इतने बड़े आचार्य के साथ 18 संत अपना कल्याण कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि आर्यिका माताजी का नगर में मंगल प्रवेश आज प्रातः खंडवा की ओर से हुआ।

## दस्तक अभियान के अंतर्गत चिन्हित सभी बच्चों का शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित किया जाए- कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

जिले में संचालित दस्तक अभियान के अंतर्गत गुरुवार को बड़नगर विकासखंड के ग्राम खरसोद खुर्द में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने अभियान के क्रियान्?वयन का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक वर्षीय बालक रूद्राक्ष कौशल को स्वयं विटामिन-ए की खुराक पिलाई तथा परिवारों को ओआरएस का वितरण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने अभियान के दो दिवस की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं मैदानी अमले से लक्ष्य के अनुरूप बच्चों तक पहुंच, घर-घर भ्रमण, विटामिन-ए, ओआरएस वितरण तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि दस्तक अभियान के अंतर्गत चिन्हित सभी बच्चों का शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित किया जाए तथा कोई भी पात्र बच्चा अभियान के लाभ से वंचित न रहे।उन्होंने कहा कि दस्तक अभियान बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी विशेष रुचि एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समयावधि में अभियान के सभी लक्ष्यों की प्रभावी पूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही क्षेत्र में सतत निगरानी रखते हुए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उल्लेखनीय है कि दस्तक अभियान आगामी 31 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट, एसडीएम बड़नगर, तहसीलदार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. वसनार अजनार, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. आदित्य माथुर, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती किरण मंडलोई सहित स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 41 करोड़ की मेडिकल कार्य योजना तैयार

**उज्जैन।** महाकुंभ सिंहस्थ-2028 में देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सेहत की सुरक्षा के लिए लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने 41 करोड़ रुपये की मेडिकल कार्ययोजना तैयार की है, जिसमें 6146 बेड का विशाल चिकित्सा नेटवर्क खड़ा किया जाएगा। मेला क्षेत्र में अस्थायी अस्पतालों के निर्माण, अत्याधुनिक जीवन रक्षक उपकरणों और दवाओं का इंतजाम किया जाएगा। लेकिन इसी योजना के दस्तावेज एक बड़ा विरोधाभास भी उजागर करते हैं।जिले के अस्पतालों में 1077 पद रिक्त हैं

## न्यूज -कॉलम

### गिरफ्त में आया कातिलाना हमला करने वाला आरोपी

**उज्जैन।** बिरलाग्राम थाना क्षेत्र के विद्यानगर में 14 जुलाई को रात 11 बजे संतोष पिता रामसिंह निषाद 38 साल घर लौट रहा था। उसी दौरान विद्यानगर में रहने वाले बलराम पिता मोहनलाल ने पुरानी रंजीश में संतोष का रास्ता रोक कातिलाना हमला कर दिया था। हमलावर ने बाल काटने के उस्तरे से गले पर वार किया था। घटनाक्रम देख आसपास के लोग बीच-बचाव करने पहुंचे थे, इस दौरान बलराम ने उन्हे भी जान से मारने की धमकी दी थी और भाग निकला था। गंभीर घायल संतोष को उपचार के लिये नागदा जनसेवा अस्पताल भेजा गया था, मामले में घायल के रिश्तेदार पूनम साहनी की शिकायत पर हमलावर के खिलाफ कातिलाना हमले की धारा 109(1), 296 (अ), 351(3) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया था। थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिये एसआई संजय माथुर, शांतिलाल मौर्य, एएसआई दयाशंकर, प्रधान आरक्षक नरेंद्र, संग्राम, आरक्षक संदीप यादव, नटवर सिंह की टीम बनाई गई और उसके ठिकानों का पता लगाकर दबिश दी गई। 36 घंटे बाद हमलावर बलराम हिरासत में आ गया। उसकी निशानदेही पर उस्तरा और ब्लेड बरामद की गई है। आरोपी को गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश किया था, जहां से 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### विद्यार्थियों ने लिया नशे से दूरी है जरूरी का संकल्प




**उज्जैन।** पुलिस मुख्यालय भोपाल की ओर से युवाओं को नशे से बचाने और प्रदेश को नशा मुक्त बनाने का अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 की शुरूआत की है। गुरूवार को आईपीएस करणदीप सिंह के मार्गदर्शन में एसआई श्रेया विश्वकर्मा, आईटी सेल और जिला पुलिस की टीम ज्ञान सागर ग्लोबल एकेडमी पहुंची और छात्र-छात्राओं के लिये नशा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना तथा समाज में नशा मुक्ति के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करना था। विद्यार्थियों को बताया गया कि वर्तमान समय में युवाओं को कई माध्यमों से नशीले पदार्थों की ओर आकर्षित करने के प्रयास किए जा रहे है, जिनसे सावधान रहना आवश्यक है। शराब, गांजा, स्मैक, ब्राउन शुगर, सिंथेटिक ड्रग्स, तंबाकू, गुटखा, ई-सिगरेट से शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्परिणामों उठाना पड़ सकते है। नशे की लत से स्वास्थ्य, शिक्षा, करियर, पारिवारिक संबंध प्रभावित होता है। इस लिये नशे से दूरी है जरूरी। कार्यक्रम के समापन पर सभी छात्र-छात्राओं और विद्यालय परिवार द्वारा नशे से दूरी है जरूरी का संकल्प लिया और मानव श्रृंखला बनाकर समाज को संदेश दिया कि नशा मुक्त युवा ही सशक्त राष्ट्र के निर्माण का आधार हैं।

### बुआ से मिले खेत को लेकर युवक से फिर मारपीट

**उज्जैन।** महिदपुर के ग्राम ढाबला वेणी का मूल निवासी लोकेश पिता रामचंद्र जाट बचपन से अपनी बुआ के पास इंगोरिया में रहता है। बुआ ने ग्राम ढाबला वेणी में उसके नाम खेत कर रखा है। खेत पर लोकेश के 2 भाई दिनेश और दिलीप कब्जा करने चाहता है। 10 जुलाई को लोकेश अपने खेत ढाबाला वेणी पहुंचा था। जहां उसके भाई दिनेश ने खेत में बोई सोयाबीन का नुकसान कर मक्का की खेती कर दी थी। जिसके चलते दोनों के बीच विवाद हुआ था। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था। 6 दिन बाद गुरूवार को लोकेश फिर से अपने खेत पर फसल की बोवनी करने पहुंचा। तभी उसका दूसरा भाई दिलीप आया और खेत अपना होना बताने लगा। लोकेश ने खेत उसका होने की बात कहीं तो दिलीप ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। मामला महिदपुर थाने पहुंचने पर पुलिस ने लोकेश की शिकायत पर दिलीप के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। बताया जा रहा है कि दोनों भाई लोकेश के खेत पर कब्जा करना चाहते है। जिसके चलते उसे गांव आने पर धमकाया जा रहा है और मारपीट की जा रही है। मामले में थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार का कहना है कि लोकेश के साथ मारपीट करने वाले भाईयों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई है। उन्हे समझाईश देने का प्रयास भी किया गया है। आगे से उनके द्वारा मारपीट की गई तो सख्त कार्रवाई की जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 680-4 | 258-5 |
| मेन बाजार | 115-7 | 138-2 |
| कल्याण नाइट | 199-9 | 127-0 |
| मिलन डे | 137-1 | 227-1 |
| मिलन नाइट | 490-3 | 157-3 |
| मधुर डे | 239-4 | 279-8 |
| मधुर नाइट | 690-5 | 470-1 |
| शुभांक | 3 7 | 6 |

## 24 घंटे बाद हिरासत में आये, वारदात में शामिल 2 नाबालिग...

# चोरी की गाड़ी पर लूटपाट करने निकले थे बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्कूटी पर सवार 3 बदमाशों ने मंगलवार रात नीलगंगा क्षेत्र में कुछ घंटे के दरिम्यान 2 लूट की वारदात और एक स्नेचिंग का प्रयास किया था। पुलिस ने 24 घंटे में तीनों को हिरासत में ले लिया। एक बदमाश भोपाल के बैरागढ़ का रहने वाला है। उसके 2 नाबालिग साथी उज्जैन में रहते है। तीनों चोरी की स्कूटी से वारदात करने निकले थे।

नीलगंगा थाना पुलिस को बुधवार सुबह सुभाषनगर स्थित ओम रेसीडेंसी में रहने वाले तुषार पिता मुकेश किशनानी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि फाजलपुरा में इलेक्ट्रॉनिक बाइक की दुकान संचालित करता है। मंगलवार रात 10.30 बजे वह अपने छोटे भाई कृष्णा और मां भावना किशनानी के साथ रेसीडेंसी के सामने गार्डन के पास टहल रहा था। उसी दौरान स्कूटी पर सवार 3 बदमाश आये और हाथ पर झपटा मारकर मोबाइल छीनने का प्रयास किया। मोबाइल जमीन पर गिर गया। तीनों बदमाशों ने चाकू निकाल लिया और भाई कान्हा के गले से सोने की चेन, हाथ की घड़ी लूटकर भाग निकले। वारदात के बाद पता चला कि बदमाशों ने शास्त्रीनगर में अशोक धनवानी के गले से चेन स्नेचिंग और अलखधाम नगर में शुभम सेन से मोबाइल छीना है। थाना



प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि तुषार किशनानी की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज किया और बदमाशों की तलाश शुरू की गई। तीनों वारदात स्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये जिसके आधार पर बदमाशों का सुराग मिलने पर 24 घंटे में तीनों को हिरासत में लिया गया है। एक बदमाश भोपाल के बैरागढ़ में रहने वाला कुणाल पिता हेमंत कटारिया है। उसके 2 साथी बागपुरा और सुभाषनगर के नाबालिग है। तीनों की निशानदेही पर एक तोला से अधिक वजनी चेन, 24 हजार रूपये कीमत की घड़ी और 32 हजार कीमत का मोबाइल बरामद कर लिया गया है। फिलहाल तीनों से पूछताछ की जा रही है। शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

**वारदात में प्रयुक्त गाड़ी चोरी की**

थाना प्रभारी ने बताया कि बदमाशों से वारदात में प्रयुक्त गाड़ी (दो पहिया स्कूटी) जप्त की गई है। जो एक माह पहले चोरी होना सामने आई है। स्कूटी कहां से चोरी की गई थी, इसका पता लगाया जा रहा है। तीनों चोरी की स्कूटी से वारदात कर भागे थे। जानकारी यह भी सामने आई है कि कुणाल अपने रिश्तेदार के यहां उज्जैन में रहता है। पूर्व में भी वारदात कर चुके है। पूछताछ में कुछ ओर वारदात की जानकारी सामने आ सकती है।

# पिकअप में रखी मिली कच्ची शराब से भरी केन, 2 आरोपियों से रिमांड पर पूछताछ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रात के अंधेरे में बिना नम्बर की पिकअप से अवैध शराब का परिवहन होने की खबर मिलने पर पुलिस ने नाकाबंदी की। पिकअप को रोकने पर उसमें कच्ची शराब से भरी केन मिली। 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है। जिनसे पूछताछ जारी है।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि बुधवार-गुरूवार रात खबर मिली थी कि बिना नम्बर की पिकअप में अवैध शराब का परिवहन हो रहा है। सूचना पर रसूलपुरा फंटा पर नाकाबंदी की गई। बिना नम्बर की पिकअप आने पर रोका गया, उसमें 2 व्यक्ति सवार थे, दोनों को हिरासत में लिया गया और पिकअप की तलाशी ली गई। उसमें 30 लीटर कच्ची शराब से भरी केन बरामद हो गई। दोनों को थाने लाया गया और पूछताछ शुरू की गई। उनके नाम सुरेश गायरी निवासी खासपुरा आलोट और धीरब कंजर निवासी अरनिया डेरा सामने आये। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 49-ए का प्रकरण दर्ज कर 5 लाख कीमत की पिकअप जप्त की गई। दोनों को गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।



दोनों से अवैध शराब के स्त्रोत और अवैध कारोबार में शामिल साथियों की जानकारी जुटाई जा रही है। पिकअप को पकड़ने में एसआई सुखसेन अरियाम, अन्नपूर्णा कठेरिया, प्रधान आरक्षक नारायणसिंह, आरक्षक चंद्रभान, लेखराज और थाना टीम का सहयोग रहा। एक आरोपी कंजर समुदाय का है, संभावना है कि रिमांड अवधि में पूछताछ के दौरान कुछ ओर वारदातों का सुराग भी मिल सकता है।

## चंदूखेड़ी- नलवा के बीच हादसे में बालिका की मौत

### पिता और बहन घायल, रात डेढ़ बजे हुई घटना

**उज्जैन।** बडनगर मार्ग पर चंदूखेडी और नलवा के बीच सडक हादसा हो गया। बाइक पर सवार पिता-पुत्र और 2 बेटियां घायल हो गई। तीनों को रात डेढ़ बजे अस्पताल लाया गया। जहां एक सात वर्षीय बालिका की मौत होना सामने आया। पिता और एक बेटी को उपचार के लिये भर्ती किया गया है।

चिंतामण गणेश थाना एएसआई ओमप्रकाश मालवीय ने बताया कि रात डेढ़ बजे सडक हादसा होने की खबर मिली थी, घटनास्थल से 2 बालिका, एक बालक और उनके पिता को घायल हालत में चरक अस्पताल भेजा गया था। जहां एक बालिका की मौत होना सामने आया। पिता और दूसरी बालिका घायल थी, जिन्हे भर्ती किया। बालक को मामूली चोंट लगी थी। बालिका की मौत होने पर रात को पुलिस अस्पताल पहुंची। घायल से पूछताछ करने पर उसका नाम अनिल काहर निवासी ग्राम अकलदा अम्मखदा धार सामने आया। उसने बताया कि जिस बालिका का निधन हुआ है वह रोशनी 7 वर्ष है। दूसरी बालिका हिमांनी 8 साल और पुत्र मुरली 10 साल है। अनिल का कहना था कि वह तीनों बच्चों को बाइक से उज्जैन लेकर आ रहा था। अंधेरे में घटना कैसे हुई कुछ पता नहीं है। पत्नी और परिवार के लोग नवाखेडा में मजदूरी कर रहे है। बच्चों को गांव से नवाखेडा लेकर जा रहा था। एएसआई मालवीय का कहना था कि घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखने पर घटना कैसे हुई इसकी जानकारी सामने आ पायेगी। बालिका का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया है।

## रस्सी के फंदे पर घर में लटका मिला अधेड

**उज्जैन।** मक्सीरोड पर जूनी ताजपुर में गुरूवार शाम घर में रस्सी के फंदे पर लटका अधेड का शव मिला। सूचना पर पंवासा थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया। मामले में मर्ग कायम किया गया है। परिजनों के बयान और जांच के बाद फांसी लगाने की वजह सामने आ पायेगी।

पंवासा थाना प्रधान आरक्षक अनिल पाल ने बताया कि जूनी ताजपुर में रहने वाले राजाराम पिता कालूराम सोलंकी 52 साल द्वारा घर में फांसी लगाई गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि राजाराम अपनी मां के साथ रहत था, उसकी पत्नी और बच्चे काफी समय पहले छोडकर जा चुके है। राजाराम शराब पीने का आदी था। मामले में मर्ग कायम किया गया है, शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें।

### बालक ने भी लगाई फांसी

इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम कंथारखेड़ी में रहने वाले सुरेश भोई के 14 वर्षीय पुत्र प्रीतम ने बुधवार रात घर में फांसी लगा ली थी। परिजन उसे चरक अस्पताल लाये थे। गुरूवार सुबह अस्पताल चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान पता चला कि प्रीतम कक्षा 8 वीं तक पड़ा था। कुछ दिनों पहले वह घर लापता हो गया था, भोपाल ट्रेन से दस्तयाब किया गया था। परिजनों का कहना था कि उसका मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## केबल चुराकर भाग रहे थे 3 बदमाशों को गांव वालों ने घेरा

### गिरने पर घायल हुये 2 बदमाश पकडाये, 1 भाग निकला





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खेतों से केबल चुराकर भाग रहे बाइक सवार 3 बदमाशों को गुरूवार तडके गांव वालों ने घेर लिया। बाइक से गिरने पर 2 बदमाश घायल हो गये, उनका साथी बचकर भाग निकला। घायल बदमाशों का पुलिस अभिरक्षा में उपचार कराया जा रहा है।

बडनगर थाना प्रभारी कमलेश सिंगार ने बताया कि तडके 4 बजे के लगभग काजीखेडी के चौकीदार ने सूचना देकर बताया कि गांव वालों ने खेतों से केबल चोरी कर बाइक सवार 3 बदमाशों को घेर लिया था। एक बदमाश भाग निकला है, 2 बाइक से गिरने पर घायल हुये है। जिन्हे चोंट लगी है। चौकीदार की सूचना पर डायल 112 काजीखेडा पहुंची और घायल बदमाशों को हिरासत में लिया। उनके पास से बाइक के साथ 4 से 5 खेतों से काटी गई केबल बरामद की गई। दोनों के घायल होने पर उन्हे उपचार के लिये अभिरक्षा में चरक अस्पताल उज्जैन पहुंचाया गया। एक बदमाश को ज्यादा चोंट लगी थी।

बाइक से भागते समय गिरने पर उसकी पीट पर खेत में लगे पाइप से चोंट आई है। दोनों के फरार साथी की तलाश में सर्चिंग की गई, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। थाना प्रभारी के अनुसार हिरासत में आये बदमाशों के नाम भागीरथ पिता हिन्दूसिंह निवासी राऊ इंदौर और विनोद पिता रामचंद्र निवासी चंदननगर इंदौर है। दोनों के खिलाफ चौकीदार की सूचना पर चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है। शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने पर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा और फरार साथी के संबंध में पूछताछ कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेगें। केबल चोरी मामले में पकडे गये बदमाशों के घायल होने पर खबर फैल गई थी कि गांव वालों ने हथियार-डंडे से मारपीट की है, लेकिन गांव के चौकीदार ने पुलिस को बताया कि मारपीट की खबर सही नहीं है। भागने के दौरान गिरने पर घायल हुये है। पकडने के दौरान गांव वालों और बदमाशों में हाथपाई जरूर हुई थी।

## क्षिप्रा में डूबा मान के कार्यक्रम में आया युवक

**उज्जैन।** मान के कार्यक्रम में आया युवक गुरूवार शाम क्षिप्रा नदी में डूब गया, उसकी तलाश में एनडीआरएफ और क्षिप्रा तैराक दल के सदस्यों ने सर्चिंग शुरू की। करीब एक घंटे बाद युवक को बाहर निकाल लिया गया। उसकी मौत हो चुकी थी।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि शाम 4.30 बजे के लगभग भूखी माता मंदिर के पास क्षिप्रा में एक युवक के डूबने की खबर मिली थी। पुलिस घटनास्थल पहुंची और क्षिप्रा तैराक दल के सदस्यों के साथ एनडीआरएफ टीम को बुलाया गया। करीब 1 घंटे तक चली सर्चिंग के बाद डूबे युवक को बाहर निकाल लिया गया। उसका नाम अगंद पिता जितेन्द्र सिसौदिया 21 साल निवासी बीएनपी देवास सामने आया। युवक भूखी माता मंदिर स्थित मान के कार्यक्रम में शामिल होने आया था। इस दौरान वह नहाने के लिये क्षिप्रा में उतर गया था।


# जगन्नाथ यात्रा में संदिग्धों को पकडने वाली टीमों को इनाम

### कुछ श्रद्धालुओं ने दर्ज कराई मोबाइल चोरी की शिकायत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में गुरूवार को श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी होने की खबर मिलते ही पुलिस ने सर्चिंग शुरू की। 24 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। जिसके चलते ब?ी वारदात नहीं हो पाई। हिरासत में लिये गये संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। वहीं संदिग्धों को हिरासत में लेने वाली टीमों को पुलिस अधीक्षक ने इनाम दिया।

धार्मिक नगरी में भगवान जगन्नाथ की यात्रा का आयोजन इस्कॉन मंदिर और खाती समाज द्वारा किया गया था। रथयात्रा की शुरूआत आगररोड से हुई। हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुये। रथयात्रा का मार्ग आगररोड से देवासरोड का था। यात्रा की शुरूआत होते ही आगररोड पर 2 श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी होने की खबर सामने आई। चिमनगंज थाना पुलिस की टीम ने तत्काल



मोबाइल चोरी करने वालों की तलाश शुरू की, कुछ देर में पारदी गिरोह के 2 बदमाशों को हिरासत में लिया गया। यात्रा मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती थी, बावजूद यात्रा में बदमाश शामिल हो गये थे, पुलिस ने वारदातों को रोकने और बदमाशों का पता लगाने के लिये मुस्तैदी दिखाई। यात्रा फ्रीगंज क्षेत्र में पहुंची, यहां भी कुछ श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी के मामले माधवनगर थाना पुलिस के पास पहुंचे, लेकिन यात्रा में पुलिस पूरी तरह से अलर्ट थी और वारदात करने वालों की तलाश कर रही थी। इस दौरान संदिग्धों की तलाश कर रही पुलिस को एक बदमाश चाकू के साथ यात्रा में शामिल होना मिला। जिसे तत्काल हिरासत में लेकर चाकू जप्त किया गया। पूरे यात्रा मार्ग से पुलिस की टीमों ने करीब 24 संदिग्धों को हिरासत में ले लिया, जो श्रद्धालुओं के मोबाइल, पर्स, चेन चोरी की फिराक में थे। पुलिस के अलर्ट होने पर बड़ी वारदात नहीं हो पाई।

### पुलिस अधीक्षक ने टीमों को दिया इनाम

रथयात्रा के दौरान वारदात की फिराक में घूम रहे संदिग्धों को हिरासत में लेने वाली नागझिरी थाना प्रभारी कमल निगवाल थाना और उनकी टीम की तत्परता, सजगता और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा करते हुए पुलिस अधक्षक प्रदीप शर्मा ने 10 हजार का इनाम देने की घोषणा की। पुलिस अधीक्षक ने माधवनगर थाना सीएसपी दीपिका शिंदे और उनकी टीम में शामिल आरक्षक अरुण, अशोक, दीपसिंह केदार पटेल की सतर्कता और उत्कृष्ट कार्यवाही पर उन्हे भी 10 हजार का इनाम देने की घोषणा की।

## योग का संदेश लेकर साइकिल से निकले देवप्रयाग के मोहित पहुंचे उज्जैन

**उज्जैन।** योग को आम जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से साइकिल से 12 शिवलिंग और चार धाम की यात्रा पर निकले उत्तराखंड के देवप्रयाग निवासी मोहित सिंह गुरुवार को उज्जैन पहुंचे। यहां आगमन पर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के पत्रकारिता अध्ययनशाला परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत उन्होंने एक पौधा रोपा।

इस मौके पर चार धाम साइकिल यात्रा 2026 के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारिता अध्ययनशाला के एचओडी सुशील शर्मा, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जय दीक्षित और सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल के सदस्य उपस्थित थे।

### राय समाज ने किया रथयात्रा का स्वागत

**उज्जैन।** इस्कॉन मंदिर की रथयात्रा का गुरुवार दोपहर आगर रोड पंचायत कलाल राय समाज के सदस्यों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। समाजजनों ने भगवान जगन्नाथ का पूजन कर रथ यात्रा में शामिल लोगों को जलपान कराया। समाज के वरिष्ठजन बाबूलाल तिलक, लक्ष्मीनारायण राय, जमुना प्रसाद राय, महेश तिलक, अध्यक्ष एडवोकेट देवेंद्र राय, सचिवद्वय शैलेंद्र राय व प्रमोद राय, रमेश राय शिवालय, मुकेश तिलक, सौरभ राय, परिवेश राय, विशाल राय, नरेश राय, महिला मंडल श्रीमती मीना राय, ज्योति राय कविता राय, मनोरमा राय आदि काफी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

www.awantika.com

# सबसे श्रेष्ठ मौन दीक्षा



क्या उपदेश का यह मतलब है कि मंच पर खड़े होकर लोगों के समक्ष ऊंची आवाज में प्रवचन करते फिरें? उपदेश ज्ञान का सीधा संक्रमण है। वस्तुतः ज्ञानोपदेश मौन से ही दिया जा सकता है। आप उस आदमी के बारे में क्या सोचते हैं, जो एक घंटे तक प्रवचन सुनने के पश्चात प्रभावित हुए बिना चला जाता है और उसके जीवन में कोई परिवर्तन नहीं होता। उसकी तुलना किसी दूसरे मनुष्य से कीजिए, जो किसी पवित्र संत के पास बैठता है और थोड़ी देर बाद अपनी जीवन-दृष्टि में पूर्ण परिवर्तन के साथ वापस जाता है। इनमें से क्या बेहतर है? जोर-शोर से प्रभावहीन प्रवचन करना या फिर मौन बैठकर आंतरिक शक्ति प्रसारित करना?

दूसरी बात, वाणी कैसे उत्पन्न होती है? प्रथम अमूर्त ज्ञान है, उसमें से अहंकार उत्पन्न होता है, जो विचार को जन्म देता है और विचार से मौखिक शब्द उत्पन्न होता है। इस प्रकार शब्द मूलस्रोत का प्रपौत्र है। यदि शब्द असर करता है, तो आप ही निर्णय कीजिए कि मौन उपदेश कितना प्रबल होना चाहिए? आपके मन में सवाल उठ सकता है कि मौन क्या इतना शक्तिशाली होता होगा? सिद्ध पुरुष आध्यात्मिक प्रभाव की तरंगें प्रसारित करता रहता है, जो जिज्ञासु मनुष्यों को उसकी ओर आकृष्ट करती हैं। वह चाहे गुफा में बैठा हो या पूर्ण मौन रखता हो, उसका प्रभाव अमोघ होता है। हम सत्य पर प्रवचन को सुनकर विषय को समझे बिना ही वापस चले आते हैं, लेकिन किसी आत्मनिष्ठ महात्मा के संपर्क में आने से, चाहे वह कुछ भी न कहे, सत्य के विषय में बहुत अधिक समझ हमें प्राप्त होती है। उसे लोगों के बीच जाने की कभी भी आवश्यकता नहीं है। आवश्यकता पड़ने पर वह दूसरों को निमित्त बना सकता है। सद्गुरु मौन अवस्था का प्रदाता है, जिसमें आत्मज्ञान का प्रकाश शेष सत्य के रूप में निरंतर प्रकट होता रहता है। यदि सद्गुरु की दृष्टि शिष्य की दृष्टि से मिलती है, तो मौखिक शब्द-व्यवहार बिल्कुल निरर्थक है। मौन सबसे श्रेष्ठ तथा सबसे अधिक प्रभावशाली दीक्षा है। श्री दक्षिणामूर्ति ऐसी ही दीक्षा देते थे। स्पर्श, दृष्टि इत्यादि से दी जाने वाली दीक्षा निम्न स्तर की है। मौन दीक्षा सबके हृदयों में परिवर्तन लाती है। शिष्यों के पास आने पर दक्षिणामूर्ति मौन रहते। यह सबसे ऊंची दीक्षा है। इसमें दीक्षा के अन्य प्रकारों का समावेश है।

दूसरी दीक्षाओं में द्रष्टा-दृश्य का संबंध स्थापित करना पड़ता है। प्रथम द्रष्टा और तब दृश्य प्रकट होना चाहिए। जब तक ये दो नहीं होते, एक-दूसरे को देख या छू कैसे सकता है? मौन दीक्षा परिपूर्ण है। इसमें देखना, स्पर्श करना और उपदेश देना शामिल हैं। यह दीक्षा शिष्य को सब तरह से शुद्ध कर देती है, और उसको सत्य में प्रतिष्ठित कर देती है।

सम्पादकीय

## भ्रष्टाचार के खिलाफ

भ्रष्टाचार के खिलाफ किसी भी राज्य सरकार या राजनेता का हर कदम सुखद और स्वागतयोग्य है। विपक्ष में बैठने वाले राजनेताओं के लिए भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा होता है, लेकिन सत्ता में बैठे नेता कभी-कभार ही भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई विचार या समाधान पेश करते हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ समाधान पेश करने वालों की कड़ी में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय का भी नाम जुड़ गया है। उन्होंने लोगों से कहा है कि जब कोई रिश्वत मांगे, तो इनकार कर दीजिए। उनके राज्य में भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी या सत्ता के दुरुपयोग में लिप्त किसी भी व्यक्ति को ऐसे कृत्य की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुख्यमंत्री का यह बयान ध्यान खींचता है, लेकिन क्या इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा कदम कहा जा सकता है? दरअसल, फिल्म अभिनेता रहे मुख्यमंत्री की अपील में सिनेमाई भावुकता ज्यादा है। उन्होंने लोगों से कहा है कि मैं आपके साथ हूं। रिश्वत मांगने वालों से कहे दें कि हमारा बेटा, हमारा भाई, हमारा विजय इस राज्य पर शासन कर रहा है। जाहिर है, मुख्यमंत्री की इस बात पर तालियां खूब बजीं, लेकिन क्या वाकई उनकी सलाह व्यावहारिक है? क्या रिश्वत देने से इनकार करने या मुख्यमंत्री को भाई या बेटा बता देने से भ्रष्ट अधिकारी या नेता सुधर जाएंगे?

अभी ज्यादा वक्त नहीं बीता है। आम आदमी पार्टी के नेता भी जनता और अपनी पार्टी के स्वयंसेवकों को भ्रष्ट अफसरों को बेनकाब करने के लिए अपने स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर वीडियो बनाने के लिए प्रोत्साहित करते थे। यह पार्टी करीब एक दशक सत्ता में रही, लेकिन दिल्ली में कितने भ्रष्ट अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई? दरअसल, भ्रष्टाचारियों से लड़ने के दावे करना और उनके खिलाफ सक्रियता से लड़ने के बीच बहुत फासला है। यहां कथनी और करनी का अंतर विशाल हो जाता है। ओडिशा में आज भी याद किया जाता है कि वहां के मुखर मुख्यमंत्री बीजू पटनायक ने साल 1991 में सार्वजनिक रूप से नागरिकों को भ्रष्ट अधिकारियों को पीटने के लिए प्रोत्साहित किया था, लेकिन लगे हाथ यह भी कह दिया था कि पीटने से पहले मेरी मंजूरी के लिए मुझे एक टेलीग्राम भेज दें। अब तो वैसे टेलीग्राम का जमाना नहीं रहा, अब साइबर टेलीग्राम व अन्य सोशल मीडिया मंचों का जमाना है, लेकिन संचार माध्यमों की अत्याधुनिकता के बावजूद भ्रष्टाचार की शिकायत के मोर्चे में हम पिछली सदी में ही छूट गए हैं।

### धर्मांतरण की बहस के केंद्र में क्यों?

# जीवन उपयोगी सेवाओं से वंचित बनवासी





डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

भारत में धर्मांतरण का प्रश्न लंबे समय से सामाजिक, राजनीतिक और कानूनी विमर्श का विषय रहा है। इस विषय पर विभिन्न पक्षों के अपने-अपने तर्क हैं, किंतु एक तथ्य बार-बार ध्यान आकर्षित करता है कि धर्मांतरण की बहस का केंद्र प्रायः आर्थिक रूप से कमजोर, वनवासी और सामाजिक रूप से वंचित समुदाय ही क्यों?

स्वतंत्रता प्राप्ति के लगभग आठ दशक बाद भी देश के अनेक दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों में गरीबी, कुपोषण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अभाव, स्वास्थ्य सेवाओं की सीमित उपलब्धता, बेरोजगारी तथा आवास जैसी मूलभूत समस्याएँ आज भी विद्यमान हैं। अनेक परिवार आज भी दो समय के भोजन, बच्चों की शिक्षा और गंभीर बीमारी के उपचार जैसी बुनियादी आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में यदि कोई संस्था भोजन, चिकित्सा, शिक्षा या अन्य प्रकार की सहायता उपलब्ध कराती है, तो स्वाभाविक रूप से उसका प्रभाव उन परिवारों पर पड़ता है। कई बार यह आरोप भी लगाया जाता है कि कुछ संगठनों द्वारा सेवा कार्यों के साथ धार्मिक प्रभाव विस्तार या धर्मांतरण के प्रयास भी किए जाते हैं। दूसरी ओर अनेक धार्मिक और सामाजिक संस्थाएँ इस प्रकार के आरोपों से इनकार करते हुए अपने कार्यों को केवल मानवीय सेवा बताती हैं। इसलिए प्रत्येक मामले का मूल्यांकन तथ्यों और कानून के आधार पर ही किया जाना चाहिए।

भारतीय समाज में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य वंचित वर्गों ने लंबे समय तक सामाजिक विषमता और भेदभाव की पीड़ा झेली है। यद्यपि शिक्षा, शहरीकरण, संवैधानिक संरक्षण तथा सामाजिक जागरूकता के कारण परिस्थितियों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, फिर भी अनेक क्षेत्रों में सामाजिक सम्मान और समान अवसरों का प्रश्न पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। जब किसी व्यक्ति को अपने ही सामाजिक परिवेश में अपेक्षित सम्मान नहीं मिलता, तब वह ऐसे विकल्पों की ओर आकर्षित हो सकता है जहाँ उसे समानता, सम्मान और अपनत्व का अनुभव होने का विश्वास दिलाया जाए।

वनवासी और जनजातीय समुदायों की स्थिति कुछ अलग प्रकार की चुनौतियाँ प्रस्तुत करती है। अधिकांश जनजातीय आबादी दुर्गम पर्वतीय और वन क्षेत्रों में निवास करती है, जहाँ सरकारी योजनाओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा कानूनी जागरूकता की पहुँच अपेक्षाकृत सीमित रहती है। ऐसी परिस्थितियों में बाहरी संगठनों के लिए इन समुदायों के बीच प्रभाव स्थापित करना अपेक्षाकृत सरल हो जाता है। स्थानीय भाषा सीखकर, उनके बीच रहकर तथा सेवा गतिविधियों के माध्यम से विश्वास अर्जित करना कई संगठनों की कार्यपद्धति का हिस्सा माना जाता है।

कुछ क्षेत्रों में तथाकथित 'चंगाई सभाओं' या चमत्कार आधारित धार्मिक आयोजनों की भी चर्चा होती रही है, जिनमें गंभीर बीमारियों के उपचार, आर्थिक संकट दूर करने अथवा अलौकिक शक्तियों के माध्यम से समस्याओं के समाधान जैसे दावे किए जाते हैं। यदि ऐसे दावों के आधार पर किसी व्यक्ति को भ्रमित कर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाता है, तो यह न केवल अंधविश्वास को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और विधि के शासन की भावना के भी प्रतिकूल है। ऐसे मामलों में प्रशासन और समाज दोनों की सजगता आवश्यक है।

धर्मांतरण को लेकर समय-समय पर विदेशी वित्तपोषण, संगठित नेटवर्क और सुनियोजित गतिविधियों के आरोप भी सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा रहे हैं। यदि कहीं प्रलोभन, कपट, दबाव या धोखे के माध्यम से धर्म परिवर्तन कराया जाता है, तो वह न केवल अनेक राज्यों के प्रचलित कानूनों की भावना के विपरीत है, बल्कि व्यक्ति की स्वतंत्र एवं सूचित आस्था के अधिकार पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। वहीं यह भी उतना ही आवश्यक है कि किसी भी संस्था या व्यक्ति पर आरोप तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर ही लगाए जाएँ।

स्पष्ट है कि धर्मांतरण की बहस के केंद्र में आर्थिक रूप से कमजोर, वनवासी और वंचित समुदायों का होना केवल धार्मिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विषमताओं का भी संकेत है। जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ, रोजगार के अवसर और न्यायपूर्ण सामाजिक व्यवहार नहीं पहुँचेगा, तब तक ऐसी परिस्थितियाँ बनी रह सकती हैं जिनका लाभ विभिन्न प्रकार की शक्तियाँ उठाने का प्रयास करें।

इस चुनौती का समाधान केवल कठोर कानूनों में नहीं, बल्कि समावेशी विकास और सामाजिक समरसता में निहित है। शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, वनवासी और दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका की सुदृढ़ व्यवस्था विकसित हो, तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मान और अपनत्व का वातावरण मिले,मेरी दृष्टि में यही सबसे प्रभावी उपाय है। साथ ही, विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सेवा संगठनों को भी इन क्षेत्रों में निस्वार्थ सेवा, सामाजिक समरसता और आत्मसम्मान की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। जब किसी नागरिक को अपने समाज में सम्मान, सुरक्षा और अवसर प्राप्त होंगे, तब वह किसी भी प्रकार की मजबूरी या प्रलोभन के आधार पर निर्णय लेने के लिए विवश नहीं होगा।

## अब यादें शेष...जो है विशेष

एक छोटे से गांव देहरिया साहू जिला देवास में अपनी शिक्षा संस्कार व समर्पण में कर्मवीर श्रेष्ठ शिक्षक जो बच्चों के प्रति सजगतापूर्वक ईमानदारी से शासकीय स्कूल में अपनापन रखते हुए अपना अव्वल दें रहा था। उन विधाथीयों की योग्यता का बीज पूर्ण रूप से अंकुरित करने वाले और अपनी लेखनी से इस शब्द साधक ने ज्वलंतशील समस्याओं के प्रति जागरूकता पूर्व पत्र लेखक,कवि साहित्यकार कल्याण सिंह राजपूत केसर ने अपने देवास जिले का नाम रोशन किया। आज उनके निधन से एक खालीपन महसूस हो रहा है लेकिन उनके दिखाए हुए मार्ग पर छात्र छात्राओं का भविष्य संवरेगा,उनके साहित्य में कविताएं व लेखों के मध्यम से भविष्य को लक्ष्य मिलेगा और केसर की महक नई रोशनी हम सभी को दिखाईं देगी। स्व श्री कल्याण सिंह राजपूत केसर जी का समाजिक व धार्मिक गतिविधियों में भी बहुत सहयोग रहता था। उनके हृदयघात से निधन की खबर से आज मन बहुत व्याकुल हो गया है, ऐसा कैसे क्यों इतने विराट व्यक्तित्व का इतनी जल्दी चला जाना बहुत दुखत है। श्रेष्ठ शिक्षक से सम्मानित और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी के उत्कृष्ट योगदान के लिए काव्य पाठ लेखन में शब्द प्रतिभा बहू क्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा आप को मानक उपाधि दी गई थी। तभी तो आप लिखते थे कि दीपक भी मानव को मानव बनाने का प्रयास करता है, हमेशा से प्रयासरत रहा। तेल बत्ती और खुद जलकर लोगों के अंधेरे में रोशनी फैलने का प्रयास करता है, मानव यादि परमार्थ के कार्य कर उजड़े हुए घर गरीब अनाथ के जीवन में परमार्थ का कार्य कर रोशनी फैला सकते हैं। आप भावनात्मक ही नहीं समाजिक दृष्टिकोण के परखीं थे। उन्होंने अपने शिक्षक धर्म का भी पूरी निष्ठा व ईमानदारी से किया। कमजोर वर्ग गरीब वंचित को उच्च शिक्षा सही रूप से मिले, इस पर भी आप ने कई आलेख लिखे। - **हरिसिंह चौहान**

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 17 जुलाई 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 05:55 सूर्यास्त 19:11
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - तृतीया 06:28 उपरांत चतुर्थी 04:43 उपरांत पंचमी
नक्षत्र - मघा 18:35 उपरांत पूर्वाफाल्गुनी
योग - व्यतिपात 22:46 उपरांत वरियान
करण - तैतिल
चन्द्रमा - दिन पूर्ण सिंह में रहेगा।
मुस्लिम मास- सावान मास 02 तारिख

**मेष-** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृषभ-** आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कुछ तनाव रहेगा।

**मिथुन-** पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी।

**कर्क-** भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा।

**सिंह-** आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा।

**कन्या-** परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा।

**तुला-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। जल्दबाजी न करें।

**वृश्चिक-** चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें।

**धनु-** बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी।

**मकर-** किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। प्रमाद न करें।

**कुंभ-** किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें।

**मीन-** व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी।

# सेहत के लिए वरदान है छुहारे, सेवन करने से मिलेंगे हैरान कर देने वालें फायदें



औषधीय गुणों से भरपूर है छुहारा, जो सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है । हम जितने भी प्रकार की मेंवों का सेवन करते हैं वह सभी पौष्टिकता एवं शक्ति से भरपूर होते हैं। जिनका नियमित सेवन करके स्वास्थ्य को उत्तम बनाया जा सकता है। आयुर्वेद में भी छुहारे को काफी गुणों से भरपूर माना गया है।

छुहारे में भरपूर मात्रा में आयरन, प्रोटीन, खनिज लवण, कैल्शियम, अमीनो एसिड, फॉस्फोरस और विटामिन पाया जाता है। दूध के साथ छुहारे का सेवन करने से खून की कमी को दूर किया जा सकता है। इतना ही नहीं इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंट, एंटी माइक्रोबियल गुण भी पाए जाते हैं, जो शरीर को कई स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं से बचाने में मदद कर सकते हैं। डायबिटीज रोगियों के लिए छुहारे का सेवन फायदेमंद माना जाता है। छुहारे को सिर्फ सेहत ही नहीं बल्कि स्किन के लिए भी अच्छा माना जाता है। तो इस लेख में पढ़िए कि छुहारे हमारी सेहत के लिए कितने फायदेमंद है

### छुहारे खाने के फायदें

संक्रमण से बचने और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए छुहारे का सेवन अत्यधिक लाभकारी होता है। इसमें एंटीमाइक्रोबियल गुण पाया जाता है जो हमारे शरीर को कई तरह के संक्रमण से बचाने में मदद कर सकता हैं।

छुहारे को त्वचा के लिए काफी लाभकारी माना जाता है। छुहारे को डाइट में शामिल करने से हम अपनी त्वचा को बढ़िया रख सकते हैं। इसमें मौजूद सिलेनियम और विटामिन-ए त्वचा को सोरायसिस रोग से बचाने में मदद कर सकते है।

- हड्डियों की मजबूती के लिए छुहारा अत्यंत गुणकारी हैं। इसमें मौजूद तत्त्व हमरी हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करते हैं। इसमें कैल्शियम, सेलेनियम, मैग्नीज और कॉपर की मात्रा पाई जाती है जो हड्डियों को कमजोर होने से बचाने में मदद करते हैं।
- जिनके शरीर में खून की कमी है उनके लिए छुहारे का सेवन फायदेमंद हो सकता है। दरअसल आयरन की कमी से शरीर में थकान और कमजोरी महसूस होती है। छुहारे आयरन की कमी को दूर कर शरीर के खून को साफ करने में भी मदद करते हैं।
- छुहारे में पर्याप्त मात्रा में ग्लूकोज, फ्रुक्टोज और सुक्रोज पाया जाता है। इसलिए ये शरीर को इंस्टेंट एनर्जी देने में मदद कर सकते हैं। अगर आपको भी होती है एनर्जी की कमी तो डाइट में छुहारे को शामिल कर सकते हैं।

समसामयिक

## आईटीआई में बढ़ता बेटियों का वर्चस्व बदलते भारत की नई तस्वीर



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

देश में कभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) को केवल पुरुषों का क्षेत्र माना जाता था। इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर, मोटर मैकेनिक या रेफ्रिजरेशन जैसे तकनीकी ट्रेडों में महिलाओं की कल्पना भी नहीं की जाती थी। लेकिन बदलते भारत की तस्वीर अब बिल्कुल अलग है। आज बेटियाँ इन परंपरागत धारणाओं को तोड़ते हुए न केवल आईटीआई में प्रवेश ले रही हैं, बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह साबित कर रही हैं कि प्रतिभा का कोई लिंग नहीं होता। यह बदलाव केवल शिक्षा का परिणाम नहीं, बल्कि समाज की बदलती सोच का भी प्रमाण है। कभी ग्रामीण परिवारों में बेटियों की शिक्षा को सीमित कर दिया जाता था, परंतु आज वही माता पिता अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण दिलाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। परिणामस्वरूप गाँवों और छोटे शहरों की बेटियाँ डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस, सेना, बैंकिंग और तकनीकी क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बना रही हैं।

भारत सरकार ने युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 1950 में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना की थी। आज देशभर में संचालित आईटीआई संस्थान 8वीं, 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए 80 से अधिक इंजीनियरिंग एवं गैर-इंजीनियरिंग ट्रेडों में प्रशिक्षण दे रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों का सबसे बड़ा उद्देश्य युवाओं को कौशलयुक्त बनाकर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। सबसे सुखद और प्रेरणादायक तथ्य यह है कि जिन ट्रेडों को कभी पुरुषों का वर्चस्व माना जाता था, उनमें अब बेटियों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर, वायरमैन, डीजल मैकेनिक, मोटर व्हीकल मैकेनिक, रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग जैसे तकनीकी क्षेत्रों में युवतियों का बढ़ता रुझान केवल रोजगार की आवश्यकता नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और समान अवसरों की दिशा में बढ़ते कदमों का प्रतीक है। यह परिवर्तन केवल महिलाओं की उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे समाज की मानसिकता में आए सकारात्मक बदलाव का संकेत है।

## सुकून के लिए....।

कहीं बूँदों की रिमझिम,
कहीं बरसात का पानी
ऐसे में सोचता है पागल मन,
ठहर जाए यहीं जमीं पर सुकून के लिए।
यही सुखद अहसास है बरसात का,
मन भी तृप्त, आत्मा भी प्रसन्न, सुख का आगमन
धरती की तपन में जब पानी की बूँदें गिरतीं है,
तो मिट्टी की सौंधी महक जमीं पर सुकुन लिए होती है।
तभी तो किसान ऊपर आसमान में निहारता है,
टकटकी लगाए पानी चाहता है अपनी जमीं के लिए
वह बूँदें उसके खेतों के लिए उन्नति लाएगी,
तभी वह अपने परिवार के साथ जमीं पर सुकून से नाचता-गाता है।
यह बारिश का पानी हर किसी के लिए जीवन है,
जरूरत है, हमारी प्यास बुझाने के लिए पानी चाहिए।
ज़िन्दगी में हम इसकी कीमतह्व पहचाने, इसे बचाएं,
क्योंकि पानी है तो कल है, और हमारे लिए तो सुकून का पल है॥

**– हरिहर सिंह चौहान**

धर्म-आस्था

# कन्या-पूजन : आस्था का सम्मान, समय के अनुरूप विचार



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।

अर्थात जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहाँ देवताओं का निवास माना जाता है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, सृजन और करुणा का प्रतीक माना गया है। इसी भावना से कन्या-पूजन की परंपरा विकसित हुई, जिसमें बालिका को देवी का स्वरूप मानकर उसका सम्मान किया जाता है। यह परंपरा श्रद्धा, भक्ति और संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग रही है। किंतु समय के साथ प्रत्येक परंपरा का मूल्यांकन उसकी आत्मा, उद्देश्य और वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों के आलोक में भी होना चाहिए।

नवरात्रि के अवसर पर देशभर में कन्याओं को आमंत्रित कर उनका पूजन किया जाता है। उन्हें भोजन कराया जाता है, उपहार दिए जाते हैं और अनेक स्थानों पर उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी लिया जाता है। इसके पीछे यह विश्वास है कि बालिका में आदिशक्ति का वास है। यह भाव निस्संदेह सम्मान का प्रतीक है, परंतु प्रश्न यह भी है कि क्या सम्मान केवल एक दिन के अनुष्ठान तक सीमित रह जाना चाहिए?

भारतीय परंपरा में चरण स्पर्श का संबंध सामान्यतः आयु, ज्ञान, तप, गुरुता और अनुभव से रहा है। माता-पिता, गुरु, संत और वरिष्ठजन समाज में सम्मान के अधिकारी माने गए हैं। ऐसे में जब बड़े लोग छोटी बालिकाओं के चरण स्पर्श करते हैं, तो यह धार्मिक प्रतीक अवश्य हो सकता है, किंतु सामान्य जीवन की व्यवहारिक शिक्षा से उसका सामंजस्य स्पष्ट नहीं दिखाई देता। बाल मन अत्यंत संवेदनशील और जिज्ञासु होता है। वह प्रत्येक व्यवहार का अर्थ अपने स्तर पर ग्रहण करता है। यदि उसे उचित समझ के बिना केवल अनुष्ठान का हिस्सा बनाया जाए, तो उसके मन में भ्रम की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है।

समाजशास्त्र और मनोविज्ञान दोनों यह स्वीकार करते हैं कि बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण प्रारंभिक अनुभवों से होता है। यदि किसी बालिका को बार-बार विशेष सम्मान, उपहार या दान केवल एक धार्मिक अवसर पर प्राप्त हो, तो उसके मन में अधिकार-बोध या अपेक्षा की भावना विकसित हो सकती है। दूसरी ओर वह स्वयं को विशेष कारणों से दया या कृपा का पात्र भी समझ सकती है। दोनों ही स्थितियाँ संतुलित व्यक्तित्व निर्माण के लिए उचित नहीं मानी जातीं।

प्राचीन समाज की परिस्थितियाँ भिन्न थीं। उस समय बालिकाओं को अनेक सामाजिक अधिकार प्राप्त नहीं थे। संभव है कि कन्या-पूजन जैसी परंपराएँ समाज को यह संदेश देने का माध्यम रही हों कि बेटी भी सम्मान की अधिकारी है। आज परिस्थितियाँ बदल चुकी हैं। शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन, सेना, न्यायपालिका, खेल और उद्योग–हर क्षेत्र में बेटियाँ अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। ऐसे समय में सम्मान का अर्थ भी व्यापक होना चाहिए।

शास्त्रों में दान और सम्मान दोनों का अत्यंत महत्व बताया गया है, परंतु उनके साथ विवेक का भी आग्रह किया गया है। दान का उद्देश्य आवश्यकता की पूर्ति, विद्या का संरक्षण, समाज कल्याण और धर्म की स्थापना माना गया है। इसलिए किसी भी धार्मिक परंपरा का मूल्यांकन उसके सामाजिक परिणामों के आधार पर भी होना चाहिए। यदि कोई परंपरा समाज में समरसता, समानता और नैतिकता को मजबूत करती है, तो उसका संरक्षण होना चाहिए। यदि उसका स्वरूप समय के साथ औपचारिकता या विरोधाभास का कारण बन जाए, तो उसके रूपांतरण पर विचार करना भी धर्म का ही अंग है।

वास्तविक प्रश्न यह नहीं है कि कन्या-पूजन किया जाए या नहीं। वास्तविक प्रश्न यह है कि कन्या का सम्मान किस प्रकार किया जाए। क्या एक दिन पूजा कर वर्षभर उसके अधिकारों की उपेक्षा करना उचित है? क्या बेटी की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और सम्मान की उपेक्षा कर केवल अनुष्ठान से समाज का दायित्व पूरा हो जाता है?

यदि प्रत्येक परिवार यह संकल्प ले कि वह अपनी बेटी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देगा, उसे समान अवसर देगा, उसके विचारों का सम्मान करेगा और उसके निर्णयों में विश्वास करेगा, तो वही सबसे बड़ा कन्या-पूजन होगा। यदि समाज कन्या भ्रूण हत्या, दहेज, भेदभाव और हिंसा जैसी कुरीतियों का त्याग करे, तो वही देवी की वास्तविक आराधना होगी।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1950-2925, धनिया- 10300-12762, चना देशी- 5541-6301, डालर चना- 3850-7310, मटर- 2622-3430, मक्का- 2415, मूंग- 6810, सोयाबीन- 2200-8000, तिल्ली- 10491-11001, सरसो- 6886, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,41,400 रवा- 1,41,200 चांदी- टंच- 2,22,000 पाट- 2,21,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

# खेत में पन्नी की झोपड़ी बनाकर चल रहा था जुए का बड़ा अड्डा पुलिस के छापे में 11 जुआरी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी

थाना क्षेत्र के ग्राम सिरोलिया में पुलिस ने एक बड़े जुआघर का भंडाफोड़ किया है। झरनेश्वर महादेव मंदिर से कुछ दूरी पर एक खेत के बीचों-बीच प्लास्टिक की पन्नी से झोपड़ी बनाकर यह अवैध धंधा चलाया जा रहा था। पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर मौके से 11 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इनके पास से 93 हजार रुपये से अधिक की नकदी, 12 मोबाइल और 10 वाहन 9 मोटरसाइकिल और 1 कार जब्त किए गए हैं। जिले में चल रही अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय को मुखबिर से इस जुआघर की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी शाजापुर अजय मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें डीआरपी लाइन से निरीक्षक मदन इवने और 11 अन्य पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया। सूचना की तस्दीक होने के बाद मक्सी थाने के उपनिरीक्षक मनोहर चौहान, एएसआई संजय तंवर और डीआरपी लाइन की टीम ने संयुक्त रूप से योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी। पुलिस टीम जब झरनेश्वर महादेव मंदिर के पास खेत में पहुंची, तो वहां जुआरी ताश के पत्तों पर दांव लगा रहे थे। पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी कर उन्हें भागने का कोई मौका नहीं दिया।



### लाखों का माल जब्त, ये आरोपी पकड़ाए

मौके से पुलिस ने कुल 11 लोगों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए आरोपियों में सादिक खान, भेरू सिंह, महेश लोधी, विष्णु लोधी, अजय नगर, सिद्दीक खान, शाहरुख खान, अफजल, रिजवान, शादाब और मामूर खान शामिल हैं। पुलिस ने इनके फड़ से ताश के पत्तों के साथ 93,270 रुपये नकद, 12 मोबाइल, 9 मोटरसाइकिलें और एक वैगन-आर कार जब्त की है।

### तीन मास्टरमाइंड चला रहे थे अड्डा

प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि खेत में इस जुआघर का संचालन मक्सी निवासी प्रताप, विष्णु और महेश द्वारा किया जा रहा था। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ मक्सी थाने में अपराध दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

## पत्नी के मायके जाने के बाद युवक ने फांसी लगाई घरेलू विवाद के बाद उठाया कदम



**देवास।** निमाड़ नगर, इटावा में घरेलू विवाद के बाद एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान राजेंद्र राटोले (31) के रूप में हुई है। घटना मंगलवार रात की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार, राजेंद्र और उनकी पत्नी के बीच पिछले दो-तीन दिनों से पारिवारिक विवाद चल रहा था। मंगलवार सुबह भी दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद शाम करीब 4 बजे पत्नी ट्रेन से मायके जबलपुर के लिए रवाना हो गईं। बताया जा रहा है कि रात करीब 9 बजे राजेंद्र ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुजालपुर पहुंचने पर उनकी पत्नी को पति की मौत की सूचना मिली, जिसके बाद वह तत्काल देवास लौट आईं। राजेंद्र एक पेट्रोल पंप पर कार्यरत थे और परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। उनके परिवार में पत्नी, दो छोटे बच्चे, पिता बाबूलाल और मानसिक रूप से अस्वस्थ मां हैं। परिजनों के अनुसार, वर्ष 2004 में राजेंद्र के एक भाई की भी मृत्यु हो चुकी है। वहीं उनका दूसरा भाई मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण घर से अलग रहता है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद की बात सामने आई है। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## धार्मिक संस्ता सद्भावना भजन मंडल द्वारा भजन संध्या का आयोजन



**सारंगपुर।** नगर की प्रसिद्ध संगीत धार्मिक संस्था सदभावना भजन मंडल की ओर से स्थानीय राठौर समाज के श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर पर हलहारिणी अमावस्या के पावन अवसर पर भजन संध्या आयोजित की गई। स्थानीय स्वर साधकों ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति के पूर्व विघ्नहर्ता गौरी पुत्र गणेश को स्मरण एवं वंदना करके शुभारंभ किया। इस दौरान मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी पंडित राजेंद्र जोशी का सम्मान किया गया। मंडल की ओर से सद्भावना भजन मंडल के वरिष्ठ मार्गदर्शक लक्ष्मी नारायण त्रिकार एवं सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष आशुतोष वैद्य, अध्यक्ष सतीश राठौर समाज, तथा एकादशी भजन मंडल के संतोष सोनी सहित अन्य ने उन्हें साफा बांधकर, पुष्पहार पहनाते हुए पुष्प वर्षा कर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान मधुर एवं सुंदर, मनभावन, संगीत लहरियों के साथ स्वर साधकों ने वातावरण को भक्ति रस से ओर अधिक सराबोर कर दिया। सदभावना भजन मंडल प्रमुख मां सरस्वती के वरद पुत्र संगीत साधक आनंद जोशी सहित तबला पर संगत प्रथम नागर, एवं ऑर्गन कीबोर्ड पर परमानंद जोशी, ऑटोपैक्ट पर अभिषेक पुष्पद ने प्रस्तुति दी। प्रमुख रूप से भजनों की प्रस्तुति सुप्रसिद्ध गायक वीरेंद्र बृजवासी, संतोष सोनी, रामगोपाल राठौर, बालकृष्ण गुप्ता एवं दीपक विश्वकर्मा आदि ने दी। देर रात तक यह भजनों का क्रम चलता रहा इस अवसर पर कई भजन प्रेमी श्रोता के रूप में उपस्थित रहे। 13

## नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान का हुआ शुभारंभ, रथ को दिखाई हरी झंडी

**आगर मालवा।** नशे से दूरी है जरूरी 2.0 जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ बुधवार को जिला पुलिस द्वारा थाना कोतवाली परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर कलेक्टर प्रीति यादव और पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी सहित प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इस दौरान रैलियां, व्याख्यान, प्रतियोगिताएं, सोशल मीडिया अभियान और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़कर ३जिंदगी को हां, नशे को ना३ का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।

## मामा के घर आए दो वर्षीय मासूम की पानी के टैंक में डूबने से मौत

**आगर मालवा।** जिले के समीपस्थ ग्राम उमरिया देवड़ा में बुधवार सुबह एक हादसे में दो वर्षीय मासूम की पानी से भरे टैंक में डूबने से मौत हो गई। बालक अपने मामा के घर आया हुआ था और घर के आसपास खेलते समय हादसे का शिकार हो गया। मृत बालक महिदपुर से अपने मामा के घर उमरिया देवड़ा आया था। सुबह वह घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान खेलते-खेलते वह पानी से भरे टैंक में गिर गया। कुछ समय तक बालक दिखाई नहीं देने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान जब पानी के टैंक में देखा गया तो मासूम उसमें डूबा मिला। परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल आगर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## मनचले के हौसले बुलंद, घर में घुसकर छात्रा से छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**शाजापुर।** लालघाटी थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय नाबालिग के घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का एक गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता और उसके परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश तेज कर दी है। पुलिस के अनुसार 9वीं कक्षा की छात्रा ने बताया कि मोहल्ले के युवक फरमान ने 11 जून की शाम करीब 5 बजे उसका रास्ता रोका था। वह फोटोकॉपी कराने जा रही थी, तभी आरोपी ने उस पर दोस्ती का दबाव बनाया और मना करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। डर के कारण छात्रा ने तब यह बात किसी को नहीं बताई। इसके बाद, 13 जुलाई की अलसुबह करीब 4.30 बजे आरोपी फरमान चुपके से पीड़िता के घर में घुस गया और सोते समय उसके साथ गलत इरादे से छेड़छाड़ की। छात्रा की नींद खुली और उसने शोर मचा दिया। आवाज सुनकर परिजन जाग गए और उन्होंने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह मौके पर अपनी टी-शर्ट छोड़कर भाग निकला। घटना के तुरंत बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी फरमान के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### तलाक के बाद तीन साल पहले लव मैरिज हुई थी

# पति ने पत्नी का होंठ चाकू से काटा, खाना खिलाने के बहाने सुनसान इलाके में ले गया था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

बुधवार को रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। यहां एक पति ने अपनी प्रेम विवाह करने वाली पत्नी पर कथित तौर पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने पत्नी को खाना खिलाने के बहाने सुनसान जगह पर ले जाकर बेरहमी से पीटा और फिर चाकू से उसका होंठ काट दिया। वारदात के बाद वह पत्नी और मासूम बच्ची को वहीं छोड़कर फरार हो गया।

गंभीर रूप से घायल महिला रिहाना (27), निवासी गरीब नवाज कॉलोनी, को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज जारी है। रिहाना ने बताया कि उसका पहले तलाक हो चुका था, जिसके बाद उसने तीन साल पहले अबरार से कोर्ट मैरिज की थी।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और रात करीब 10 बजे घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया। महिला के बेटे ने बताया कि उसके पिता (अबरार) पिछले कुछ समय से लगातार उन्हें परेशान कर रहे थे। घटना के बाद आरोपी घर भी आया, लेकिन उसने हमले की जानकारी किसी को नहीं दी। बाद में मां से पूरी घटना का पता चलने पर वे थाने पहुंचे।



जिला अस्पताल के ड्यूटी डॉक्टर डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि महिला के होंठ पर गंभीर चोट है और प्रथम दृष्टया यह हमला धारदार हथियार से किया जाना प्रतीत होता है। महिला का उपचार जारी है। औद्योगिक थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शादी के बाद से ही परेशान करता था

रिहाना के अनुसार, शादी के कुछ समय बाद से ही पति अबरार उसे पारिवारिक विवादों को लेकर परेशान करता था। बुधवार शाम को अबरार उसे और उनकी छोटी बच्ची को खाना खिलाने का बोलकर बाइक से शंकरगढ़ पहाड़ी स्थित एक रेस्टोरेंट के पास ले गया। रेस्टोरेंट में भोजन करने के बाद पति, पत्नी और बच्ची को शंकरगढ़ क्षेत्र में एक सुनसान जगह पर ले गया। वहां उसने रिहाना के साथ मारपीट की और फिर धारदार हथियार से उसके होंठ पर हमला कर दिया, जिससे उसका होंठ बुरी तरह कट गया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

## माता-पिता रिश्तेदारी में गए थे, घर से 18 साल की बेटी गायब

**अकोदिया।** अकोदिया थाना क्षेत्र में आने वाले एक गांव से एक 18 साल की लड़की लापता हो गई। बुधवार को माता-पिता की शिकायत के बाद पुलिस ने किडनैपिंग का केस दर्ज कर लड़की की खोजबीन शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, माता-पिता किसी रिश्तेदार से मिलने कालापीपल के लसूड़िया गांव गए थे। घर पर उनकी 18 साल की बेटी और बुजुर्ग मां ही थीं।

दोपहर करीब 12 बजे बेटी अपने कमरे में गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। दोपहर 2 बजे के आसपास जब उसकी दादी ने उसे कई बार आवाज दी, तो अंदर से कोई आवाज नहीं आई। दादी ने सोचा कि शायद वह कान में ईयरफोन लगाकर सो रही होगी, इसलिए उन्होंने ज्यादा ध्यान नहीं दिया। शाम करीब 5 बजे जब पिता घर वापस आए, तो मुख्य दरवाजा खटखटाने पर भी अंदर से कोई हलचल नहीं हुई। इसके बाद जब वे घर के पीछे की तरफ गए, तो देखा कि वहां का दरवाजा खुला पड़ा था और कमरे से बेटी गायब थी। घरवालों ने तुरंत बेटी को आसपास के इलाकों और अपने सभी रिश्तेदारों के यहां ढूंढा, लेकिन देर शाम तक उसका कहीं कोई पता नहीं चला। परेशान होकर पिता ने अकोदिया थाने में जाकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पिता ने पुलिस को बताया कि उन्हें शक है कि उनकी बेटी को कोई व्यक्ति बहला-फुसलाकर या जबरन अपने साथ भगा ले गया है। पुलिस की टीमें अलग-अलग इलाकों में लड़की की तलाश कर रही हैं और मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है।




## पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस द्वारा ड्रग अवेयरनेस रैली का आयोजन

**शाजापुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में मध्य प्रदेश शासन के प्रदेशव्यापी 15 से 30 जुलाई तक चलने वाले अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों में नशा उन्मूलन गतिविधियों के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. के. तिवारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा के नेतृत्व में ड्रग अवेयरनेस रन का आयोजन महाविद्यालय परिसर से एबी रोड़ होते हुए बस स्टैंड तक किया गया। इसके बाद सभी प्रतिभागी किला रोड़ पहुंचे जहां क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद ने पुलिस प्रशासन एवं अन्य संस्थाओं सहित एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स को नशा न करने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलवाई। रैली के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों एवं एनसीसी कैडेट्स ने नारों एवं जन-जागरूकता संदेशों के माध्यम से आमजन को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराया और नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। प्रो प्रकाश बर्फा ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना और प्रदेश को नशामुक्त बनाना है।

## त्रिवेदी प्रदेश महामंत्री नियुक्त

**शाजापुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति एवं संजय कामले संगठन महामंत्री के अनुमोदन से प्रदेश प्रभारी विभाग एवं समस्त प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी डॉक्टर महेंद्र सिंह चौहान ने युवा नेता एवं पूर्व पार्षद संजीव त्रिवेदी को मध्य प्रदेश कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया है। त्रिवेदी की नियुक्ति से जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

## कमल सौराष्ट्रीय बने सिंचाई विभाग स्पोर्ट्स क्लब के जिलाध्यक्ष

**शाजापुर।** मध्यप्रदेश सिंचाई जल संसाधन विभाग क्षेत्रीय स्पोर्ट्स क्लब इंदौर के क्षेत्रीय अध्यक्ष दत्तात्रेय वराट ने अपने शाजापुर प्रवास के दौरान कमल सौराष्ट्रीय को स्पोर्ट्स क्लब की शाजापुर जिला शाखा का अध्यक्ष मनोनीत किया है। सौराष्ट्रीय को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर विभाग के आनंद वर्मा, मुंशी खान, रोहित रजक, जहुर खान, इरफान खान, रवि नागर, विश्रामसिंह यादव, सचिन मालवीय, कैलाश कुशवाह तथा प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं इंदौर क्षेत्र प्रभारी विनोद नागर ने हर्ष व्यक्त किया है।

In The Court Of III District And Additional Sessions Judge, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**कमलेश सनोडिया**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(MJC.GW/0000004/2026)
**वर्षा आदि -------वादी**
**Vs**
**सर्व साधारण -----प्रतिवादी**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांक: 17/08/2026**
**प्रेषिती**
(1) सर्व साधारण पता सर्वसाधारण उज्जैन
यह कि प्रार्थी वर्षा पिता बनेसिह आदि ने आपके विरुद्ध एम जे सी गार्डन के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्षय के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 16 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
**(कमनेश सनोडिया)**
**तृतीय जिला न्यायाधीश महिदपुर**
**जिला-उज्जैन**
**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।



## डेढ़ करोड़ टैक्स, फिर भी पूर्ण मंडी का दर्जा नहीं

**अकोदिया।** शाजापुर जिले की सबसे बड़ी सब्जी मंडी पोलायकलां आज भी पूर्ण मंडी का दर्जा मिलने का इंतजार कर रही है। प्रदेश के मुख्य प्याज व्यापार केंद्रों में शामिल इस मंडी से हर साल उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, महाराष्ट्र और सिलीगुड़ी सहित कई राज्यों में प्याज भेजा जाता है। इसके बावजूद करीब डेढ़ साल पहले हुई मुख्यमंत्री की घोषणा अब तक धरातल पर नहीं उतर सकी है।

पोलायकलां मंडी केवल शाजापुर ही नहीं, बल्कि आसपास के कई जिलों के किसानों के लिए भी एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र है। यहां रोजाना बड़ी मात्रा में प्याज और अन्य सब्जियों की आवक होती है। देशभर के बड़े व्यापारी यहां से माल खरीदते हैं, जिससे प्रदेश सरकार को हर साल मंडी शुल्क के रूप में करीब डेढ़ करोड़ रुपए की आय मिलती है।

करीब डेढ़ साल पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कालापीपल दौरे के दौरान सार्वजनिक मंच से पोलायकलां को पूर्ण मंडी का दर्जा देने की घोषणा की थी। इस घोषणा से किसानों और व्यापारियों में जल्द ही व्यवस्थाएं सुधरने की उम्मीद जगी थी।

# देवास गुरव समाज पंचायत ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

### डॉ. जयश्री जाधम बनीं शिक्षा आइकॉन-2026

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

गुरव समाज पंचायत देवास द्वारा समाज के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शिक्षा प्रोत्साहन पुरस्कार समारोह 2026 का भव्य आयोजन रामनगर स्थित श्री रामेश्वर धाम मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। समारोह में नर्सरी से लेकर कॉलेज एवं प्रोफेशनल शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रमाण-पत्र, माँ सरस्वती की प्रतिमा युक्त स्मृति-शिल्ड एवं अध्ययन सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण डॉ. जयश्री जाधम का सम्मान रहा। उन्हें एम.फिल. एवं पीएच.डी. की उपलब्धि पर गुरव समाज देवास शिक्षा आइकॉन 2026 सम्मान से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर समाज ने उनकी



उपलब्धि को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। समारोह में मनीष जाधम, जिग्नेश सेवक, अरुण सवनेर, विशाल शर्मा, राजेश सवनेर, उमेश निमाडे एवं समाज के वरिष्ठ कैलाश जाधम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समाज के सहयोगियों ने भी शिक्षा प्रोत्साहन अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कैलाश जाधम ने सभी विद्यार्थियों को मल्टी-पॉकेट फाइल फोल्डर, निर्मल सवनेर ने माँ सरस्वती की स्मृति-शिल्ड, मनीष जाधम ने माँ सरस्वती के फ्रेम, अरुण सवनेर ने विद्यार्थियों के फोटो फ्रेम हेतु 2100 तथा उमेश निमाडे ने 1100 की सहयोग राशि प्रदान की। देवास गुरव समाज पंचायत ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष जगदीश काले, उपाध्यक्ष रितु सवनेर एवं सह मीडिया प्रभारी जीतेन्द्र वाघे ने किया।

## लाभ अर्जित कर आगर जिला सहकारी विपणन संस्था को प्रथम पुरस्कार मिला

**आगर मालवा।** मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित भोपाल द्वारा आयोजित सहकार से समृद्धि के 5 स्वर्णिम वर्ष पुरस्कार समारोह में वर्ष 2024-25 के उत्कृष्ट कार्यों के लिए आगर जिला सहकारी विपणन संस्था मर्यादित को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संस्था को विविधीकरण व्यवसाय के माध्यम से 57.03 लाख रुपये का लाभ अर्जित करने पर यह उपलब्धि मिली। संस्था के प्रबंधक मोहम्मद हुसैन ने बताया कि पुरस्कार सहकारिता, खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने प्रदान किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष करण सिंह यादव एवं संस्था प्रबंधक मोहम्मद हुसैन का भी सम्मान किया गया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार महिदपुर रोड़ तहसील महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**क्र./ रीडर/2026/364** **दिनांक 13/07/2026**
**प्रति,**
**अभिभाषक धर्मेन्द्र विश्वकर्मा तहसील महिदपुर जिला उज्जैन।**
**विषयः- समाचार पत्र मे प्रकाशन बाबत ।**
उपरोक्त विषय में लेख है। कि इस न्यायालय के प्रकरण कमांक 145/ब-121/25-26 मे आवेदिका झम्माबाई पति बिहारीलाल जाति बंजारा निवासीग्राम डेलचीबुजुर्ग तहसील महिदपुर जिला उज्जैन के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाकर नामांतरण पंजी कमांक 37 मे पारित आदेश दिनांक 25/11/20211 में अमल करवाया जाकर ग्राम डेलचीबुजुर्ग स्थित भुमि सर्वे न० 65 रकबा 0.61 हे. भुमि पर मृतक बिहारी पिता माना का नाम विलोपित किया जाकर उसके स्थान पर आवेदिका का नाम अंकित किये जाने का प्रकरण इस न्यायालय में प्रचलित है। जिसमे किसी व्यक्ति विशेष को किसी प्रकार कि कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ती पेशी दिनांक 24/07/2026 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति न्यायालय नायब तहसीलदार महिदपुर रोड कोर्ट मे प्रस्तुत करे। नियत दिनांक के पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
**नायब तहसीलदार**
**तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन**

**कार्यालय नगर परिषद जीरापुर जिला-राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**
cmonpzpr@gmail.com OFFICE-07370-275553
**क्रमांक / निर्माण / 636/2026** **जीरापुर, दिनांक. 15/06/2026**
**निविदा सूचना**
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mpetendar.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2026 UAD 515941 1 DATE | वार्ड क 01 में चामुंडा माता मंदिर के | 1. 06 माह | 1 2000 | 16.07.2026/17:30 PM |
| 16/06/2026 10:30AM | निकट सामुदानिक भवन निर्माण कार्य। | 2. 1543031 | 2 11577 | |

नोटः-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाउ बऑनलाईन http://mpetendar.gov.in की वेबवाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाउन नहीं किया जावेगा। साथ ही लिविया के संबंध में विस्तृत जानकारी निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

**श्रीमती अनुसुईया पवन कुशवाह** — **अध्यक्ष** — **नगर परिषद जीरापुर**
**हेमन्त जोशी** — **उपाध्यक्ष** — **नगर परिषद जीरापुर**
**ब्रजेश उपाध्याय** — **उपयंत्री** — **नगर परिषद जीरापुर**
**देवनारायण दाँगी** — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी** — **नगर परिषद जीरापुर**

# प्रधानमंत्री 17 जुलाई को हरियाणा, चंढीगढ़, पंजाब का दौरा करेंगे

## लगभग 25,000 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे और हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे

**हरियाणा।** प्रधानमंत्री 17 जुलाई को हरियाणा में विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ कर हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे उसके साथ ही जींद में लगभग 14,700 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पण करेंगे

प्रधानमंत्री जींद और सोनीपत के बीच भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन दुनिया की सबसे लंबी और सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनों में से एक है। हाइड्रोजन फ्यूल सेल से चलने वाली इस ट्रेन से कार्बन उत्सर्जन शून्य होगा और उप-उत्पाद के रूप में केवल जल वाष्प निकलेगी। प्रधानमंत्री कुरुक्षेत्र में सिख संग्रहालय की आधारशिला रखेंगे, जो सिख गुरुओं की विरासत और सिख धरोहर को समर्पित होगा। प्रधानमंत्री चंडीगढ़ में स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क अवसंरचना से जुड़ी 4,700 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पण करेंगे।



प्रधानमंत्री चंडीगढ़ में एडवांस्ड मदर एंड चाइल्ड सेंटर और एडवांस्ड न्यूरोसाइंसेज सेंटर का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे के पूरी तरह एक्सेस-कंट्रोल्ड पैकेज 1 से 6 को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री जालंधर में 5,470 करोड़ से अधिक की रेल और सड़क अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे जींद मे प्रधानमंत्री लगभग ?14,700 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास /उद्घाटन करेंगे। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं, दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे, जिंद-गोहाना ग्रीनफील्ड हाईवे और कुरुक्षेत्र में एलिवेटेड रेलवे ट्रैक शामिल हैं। साथ ही पंडित नेकी राम शर्मा सरकारी मेडिकल कॉलेज भिवानी, महार्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज और राव तुला राम अस्पताल का भी राष्ट्र को समर्पण होगा।

चंडीगढ़ में 4,700 करोड़ से अधिक की परियोजनाएं। 300 बेड का एडवांस्ड मदर एंड चाइल्ड सेंटर और न्यूरोसाइंसेज सेंटर, तहत 150 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक, पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में हॉस्टल और मोहाली में 6-लेन ग्रीनफील्ड हाईवे का उद्घाटन/शिलान्यास। जालंधर में 5,470 करोड़ की रेल और सड़क परियोजनाएं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन, जिनमें जालंधर कैंट भी शामिल है, का उद्घाटन। साथ ही 830 करोड़ की लागत से बना दौलतपुर चौक-करतोली नई रेल लाइन का उद्घाटन, जिससे पंजाब और हिमाचल की कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

**हाइड्रोजन ट्रेन-** जींद-सोनीपत के बीच भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन। 10 कोच वाली, 3200 की यह ट्रेन पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से बनी है। इससे डीजल पर निर्भरता कम होगी और प्रदूषण नहीं होगा।

## दो आर्किटेक्ट के लाइसेंस निरस्त, जांच के आदेश

**भोपाल।** भोपाल नगर निगम ने दो आर्किटेक्ट के लाइसेंस रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिए हैं। नियमों के वितरित बिल्डिंग परमिशन जारी करने पर यह कार्रवाई की गई है। निगम के मुताबिक, वास्तुविद/संरचना इंजीनियर पीयूष जोशी व सतीश शर्मा लाइसेंस रजिस्ट्रेशन निरस्त किए गए हैं। बता दें कि कमिश्नर संस्कृति जैन के निर्देश पर भवन अनुज्ञा शाखा अधिकृत वास्तुविदों/संरचना इंजीनियरों द्वारा जारी की जाने वाली भवन निर्माण अनुमतियों की समीक्षा एवं परीक्षण कर रही है। मुख्य नगर निवेशक नीरज आनंद लिखान के परीक्षण में पाया कि वास्तुविद पीयूष जोशी ने भवन निर्माण के लिए जारी अनुमति में नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा अनुमोदित अभिन्यास के विपरित भूखंड का विभाजन कर भवन निर्माण अनुमति जारी की गई है। अनुमोदित अभिन्यास के विपरीत भवन निर्माण अनुमति जारी करना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। अनुमोदित अभिन्यास के विपरित भवन निर्माण अनुमति जारी करने पर निगम प्रशासन ने जोशी को जारी वास्तुविद/संरचना इंजीनियर बीएमसी लायसेंस क्र. 109 का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया है।

## अफ्रीकन स्वाइन फीवर की पहली स्वदेशी वैक्सीन

**दिल्ली/भोपाल।** भारत ने पशु चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है। भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान (ICAR-NIHSAD) के वैज्ञानिकों ने शूकरों (सुअरों) के लिए विश्व की अपनी तरह की पहली अत्यंत सुरक्षित, स्वदेशी और 104 कोशिका-आधारित जीवित क्षीणीकृत अफ्रीकन स्वाइन फीवर वैक्सीन सफलतापूर्वक तैयार कर ली है। इस क्रांतिकारी खोज को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 98वें स्थापना दिवस समारोह में देश को समर्पित किया गया। इस ऐतिहासिक और मील का पत्थर साबित होने वाली स्वदेशी वैक्सीन को माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा नई दिल्ली के एनएएससी परिसर में आयोजित आईसीएआर के 98वें स्थापना दिवस समारोह में राष्ट्र को समर्पित किया गया।

## सपा बोली- गोली मारने वाले को वीआईपी ट्रीटमेंट क्यों

**भोपाल।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के भाई शालिगराम गर्ग को कथित VIP ट्रीटमेंट दिए जाने का मामला तूल पकड़ गया है। भोपाल में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि फायरिंग के आरोपी शालिगराम गर्ग को विशेष सुविधा दी जा रही है। उन्होंने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को भी जांच के दायरे में लाने की मांग की। मनोज यादव ने कहा कि छतरपुर जिले के कोंडा गांव में फायरिंग और मारपीट के आरोपी शालिगराम गर्ग को पुलिस निजी इनोवा कार से जेल ले गई। उनका आरोप है कि शालिगराम गर्ग का क्षेत्र में आतंक है और बागेश्वर धाम से जुड़ी कई जमीनें और संपत्तियां उनके नाम पर हैं।मनोज यादव ने आरोप लगाया कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपने भाई के नाम पर जमीन और संपत्तियां खरीदी हैं। इन संपत्तियों और धन के स्रोत की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

## फर्जी ट्रेडिंग के नाम पर 50 करोड़ की साइबर ठगी

**जयपुर।** फर्जी ट्रेडिंग और IPO में निवेश पर मोटे मुनाफे का लालच देकर करीब 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की साइबर ठगी करने वाले गिरोह का स्टेट क्राइम थाना पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। मामले में गुरुवार को आरोपी देवेंद्र शर्मा और निखिल लूथरा को हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया। दोनों टेरापल्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर है और मूल रूप से नजफगढ़ (दिल्ली) के निवासी है। जांच में सामने आया कि व्हाट्सएप और टेलीग्राम ग्रुप के जरिए लोगों को निवेश के लिए फंसाया जाता था। गिरोह ने जयपुर के एक डॉक्टर से 61.77 लाख रुपए की ठगी की, जबकि देशभर में इस नेटवर्क के खिलाफ 250 से अधिक शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। दोनों आरोपी फर्जी कंपनी के जरिए साइबर ठगी की रकम विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कर रहे थे।

## सब्जी का ठेला लगाकर जयपुर में कलाकारों ने बेचा पेपर

**जयपुर।** जयपुर में गुरुवार को कलाकारों ने सोनम वांगचुक के समर्थन में अनोखा प्रदर्शन किया। मालवीय नगर स्थित करी लीफ कैफे में आयोजित रंगों से समर्थन लाइव पेंटिंग सेशन में 25 से अधिक कलाकारों ने कैनवास और पेपर पर चित्र बनाकर सोनम वांगचुक के आंदोलन के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। इस दौरान कलाकारों ने शिक्षा व्यवस्था, पेपर लीक, भ्रष्टाचार और युवाओं के भविष्य जैसे मुद्दों को अपनी कलाकृतियों के केंद्र में रखा। कार्यक्रम में हर कलाकार ने अपने अलग अंदाज में सोनम वांगचुक के व्यक्तित्व, उनके संघर्ष और शिक्षा सुधार की मांग को चित्रों में उकेरा।

## डॉक्टर की घर में हत्या, बेटा घायल मिला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के धारवाड़ में बुधवार को 45 साल के डॉक्टर (एनेस्थीसिया विशेषज्ञ) किरण होन्नावर की उनके फ्लैट में हत्या कर दी गई। उनके 8 साल के बेटे पर भी चाकू से हमला किया गया। बच्चे का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।इस वारदात के वीडियो सामने आए हैं। इसमें डॉ. होन्नावर और उनका बेटा फर्श पर खून से लथपथ पडे दिख रहे हैं। होन्नावर की पत्नी डॉक्टर प्रियंका बिस्तर पर मोबाइल फोन चलाती दिखाई दे रही हैं। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने प्रियंका को पूछताछ में ले लिया। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वारदात कब हुई और इसके पीछे क्या वजह थी।

# दिव्यांगजनों एवं श्रमिकों को योजनाओं का समयबद्ध लाभ दिलाना सुनिश्चित करें- कलेक्टर

दैनिक अवन्तिका » गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा श्रम विभाग की योजनाओं की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेंशन योजनाओं, दिव्यांगजन कल्याण, मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, स्पर्श एवं यूडीआईडी पोर्टल, मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना, श्रमिक पंजीयन, बाल एवं बंधुआ श्रम, सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से उपलब्ध कराया जाए।



**शिविर लगाने के निर्देश-** बैठक में कलेक्टर श्री कन्याल ने निर्देश दिए कि एलिम्को के माध्यम से दिव्यांगजनों को वितरित सहायक उपकरणों की मरम्मत के लिए प्रत्येक माह विशेष शिविर आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य में प्रशिक्षित दिव्यांगजनों की सेवाएं ली जाएं, जिससे उन्हें रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सकें। उन्होंने जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए।

**20 नवंबर को होगा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह सम्मेलन-** बैठक में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना की समीक्षा करते हुए बताया गया कि शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार आगामी 20 नवम्बर 2026 (देवउठनी ग्यारस) को सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। अधिकारियों ने योजना की पात्रता एवं लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि पात्र हितग्राही जोड़ों को प्रति जोड़ा 55 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें वधू को 49 हजार रुपये तथा आयोजन व्यवस्था हेतु 6 हजार रुपये की राशि निर्धारित है। कलेक्टर ने सभी पात्र हितग्राहियों का समय पर पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित-** प्रभारी उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्री रिशु कुमार सुमन ने बताया कि जिले में कुल 11,382 दिव्यांगजन चिन्हित हैं। स्पर्श पोर्टल के माध्यम से पेंशन, सहायक उपकरण, खाद्यान्न, आवास एवं शिक्षा सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। यूडीआईडी पोर्टल के माध्यम से अब तक 15,100 दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी किए जा चुके हैं। बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना, एलिम्को द्वारा आयोजित सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर, वृद्धाश्रम संचालन, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र एवं नशा मुक्ति अभियान की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के 50 एवं 100 दिवस से अधिक लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## जनप्रतिनिधियों तक पहुंची पटवारियों की आवाज

**शुजालपुर।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ के प्रांत नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेशभर में पटवारी संवर्ग की वर्षों से लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन जारी है। इसी कड़ी में जिला शाजापुर के पटवारियों ने जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपे और कैडर रिव्यू, पदोन्नति तथा समयमान वेतनमान जैसी लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की। जिला पटवारी संघ शाजापुर के प्रतिनिधिमंडल ने शुजालपुर विधायक एवं प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा तथा आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार से भेंट कर पटवारी संवर्ग की समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री परमार ने मांगों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए उन्हें शासन स्तर पर प्रमुखता से रखने और सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। इसके बाद शाजापुर विधायक अरुण भीमावद को भी ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने पटवारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके निराकरण के लिए शासन स्तर पर हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। वहीं कालापीपल विधानसभा क्षेत्र के विधायक को भी ज्ञापन देकर लंबित मांगों के शीघ्र समाधान के लिए सहयोग का आग्रह किया गया। पटवारी संघ ने जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सकारात्मक आश्वासनों का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि कैडर रिव्यू, पदोन्नति और समयमान वेतनमान जैसी वर्षों पुरानी मांगों का शीघ्र समाधान होगा।

## छात्राओं ने बैंक भ्रमण कर समझी वित्तीय साक्षरता

**शुजालपुर।** गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी की छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण बैंक ऑफ बड़ौदा में कराया गया। इस दौरान छात्राओं को बैंकिंग प्रणाली की कार्यप्रणाली से रूबरू कराते हुए वित्तीय साक्षरता एवं सुरक्षित डिजिटल लेन-देन की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान बैंक प्रबंधक धर्मेंद्र परमार एवं हरिओम परमार ने छात्राओं को बचत खाता, डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई, एटीएम, साइबर सुरक्षा, ऋण सुविधाओं सहित बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न वित्तीय सेवाओं की जानकारी दी। साथ ही बैंक के नवाचारों और आधुनिक बैंकिंग व्यवस्था के बारे में भी विस्तार से बताया। छात्राओं ने बैंक की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन कर बैंकिंग सेवाओं की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में वित्तीय जागरूकता बढ़ाना, बचत की आदत विकसित करना तथा सुरक्षित डिजिटल लेन-देन के प्रति उन्हें सजग बनाना रहा। कार्यक्रम के अंत में जुजार सिंह परमार ने बैंक प्रबंधन, अतिथियों एवं उपस्थित छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे शैक्षणिक भ्रमणों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया।

## घर से लापता हुई युवती

**शुजालपुर।** मंडी क्षेत्र से एक 18 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। परिजनों ने काफी तलाश के बाद उसका कोई सुराग नहीं मिलने पर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15 जुलाई की शाम करीब 6 बजे वे अपनी छोटी बेटी को कोचिंग से लेने गए थे। इस दौरान उनकी बड़ी बेटी घर पर अकेली थी। करीब 20 मिनट बाद वापस लौटने पर बेटी घर पर नहीं मिली। परिजनों ने आसपास के क्षेत्र और रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि कोई अज्ञात व्यक्ति युवती को अपने साथ ले गया है तथा किसी अज्ञात स्थान पर छिपाकर रखा है। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# संघर्ष में पार्टी के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पहचान होती है

**शुजालपुर।** पूर्व मंत्री, पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक अजय सिंह के गुरुवार को शुजालपुर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। शहर के टिम-टिम चौराहे से लेकर विभिन्न स्थानों पर उनका अभिनंदन किया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनारायण परमार एवं सागर परमार के निवास पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इसके बाद सिकरवार ट्रैक्टर शोरूम पर युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष जयंत रामवीर सिंह सिकरवार के नेतृत्व में जेसीबी से पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया गया। यहां आयोजित जनसभा में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जनसभा को संबोधित करते हुए अजय सिंह ने कहा कि वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनाना ही लक्ष्य है। इसके लिए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि वे प्रदेशभर के जिलों का लगातार दौरा कर कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं और अब तक करीब 40 जिलों का भ्रमण कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश भ्रमण के लिए उन्हें न तो एआईसीसी और न ही पीसीसी की ओर से कोई निर्देश मिला है। वे अपनी इच्छा से कठिन परिस्थितियों में भी पार्टी के साथ मजबूती से खड़े कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाने निकले हैं। उन्होंने कहा कि संघर्ष के समय पार्टी के प्रति निष्ठा दिखाने वाले कार्यकर्ताओं की पहचान होती है और भविष्य में ऐसे समर्पित कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह ने किया, जबकि युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष जयंत रामवीर सिंह सिकरवार ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला, विधानसभा, ब्लॉक, शहर, मंडलम एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, पार्षद, कांग्रेस नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दीवार हटाने के विवाद में महिला समेत तीन पर हमला

**शुजालपुर।** सिटी थाना क्षेत्र के ग्राम अख्त्यारपुर में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दीवार हटाने को लेकर हुए विवाद में एक महिला और उसके देवर के साथ मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम अख्त्यारपुर निवासी नीलम शर्मा ने शिकायत कराई कि 15 जुलाई को वह भोपाल में थीं। इसी दौरान उनके जेठ विनोद शर्मा का फोन आया, जिसके बाद वह अपने देवर जगदीश शर्मा और देवरानी कविता शर्मा के साथ दोपहर करीब 12.30 बजे घर पहुंचीं। घर के अंदर उनके पति प्रमोद शर्मा बेसुध अवस्था में पड़े मिले। शिकायत के अनुसार इसी दौरान जेठ विनोद शर्मा, देवर दिनेश शर्मा, चाचा ससुर शंभुलाल और चाची सास नारायणी घर में आ गए तथा गाली-गलौज करने लगे।

## सभी वैकल्पिक मार्ग तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश

**गुना।** केदारनाथ धाम मंदिर क्षेत्र में लागू प्रवेश प्रतिबंध आदेश का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल द्वारा वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल गुना को निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों में मंदिर क्षेत्र तक पहुँचने वाले सभी वैकल्पिक, को तत्काल प्रभाव से पूर्णतः बंद कराने तथा किसी भी व्यक्ति के प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

पश्चिमी रेलवे- रतलाम
सुधार सूचना
निविदा संख्या RTM-2026-27-56 के प्रकाशन हेतु दिनांक 10/07/2026 को निःशुल्क पत्र संख्या W/623/5/1/NIT के माध्यम से निःशुल्क भेजा गया था, जबकि इस कार्यालय द्वारा कोई पत्र नहीं भेजा गया था। निविदाओं के लिए अतिरिक्त विशेष शर्तें जोड़ने हेतु शुद्धिपत्र संख्या 1 जारी किया गया है। नियम एवं शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।
एसएनपी-160
हमें पसंद कीजिए: facebook.com/WesternRly

पश्चिमी रेलवे- रतलाम
सुधार सूचना
रात नं. डब्ल्यू/623/5/1/एनआईटी तारीख: 04/07/2026. क्रमांक: आरटीएम-2026-27-64
इस कार्यालय के माध्यम से प्रकाशन के लिए भेजा गया था, हालांकि कोई पत्र नहीं भेजा गया था। निविदाओं के लिए अतिरिक्त विशेष शर्तें जोड़ने हेतु शुद्धिपत्र संख्या 5 जारी किया गया है। नियम और शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
www.ireps.gov.in
एसएनपी-159
हमें पसंद कीजिए: facebook.com/WesternRly

# कृषि, शिक्षा जल संसाधन सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में गुरुवार को नीति आयोग के विभिन्न कंपोनेंट एवं प्रमुख प्रदर्शन सूचकांकों (इंडिकेटर्स) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, कृषि, जल संसाधन, शिक्षा, वित्तीय समावेशन सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री कन्याल ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि प्रत्येक इंडिकेटर पर लक्ष्य आधारित कार्य करते हुए पिछले प्रदर्शन की तुलना में स्पष्ट प्रगति सुनिश्चित करें तथा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रेजेंटेशन में उपलब्धियों और सुधार को तथ्यात्मक रूप से शामिल करें।

बैठक की शुरुआत स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा से हुई। इस दौरान गंभीर कुपोषित (एसएएम) बच्चों की संख्या शून्य करने के लक्ष्य पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विभागीय प्रस्तुतिकरण में यह भी दर्शाया जाए कि पिछली समीक्षा की तुलना में वर्तमान में कितनी प्रगति हुई है। बैठक में अनमोल पोर्टल की जानकारी भी दी गई, जिसमें गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, संभावित प्रसव, हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं सहित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दर्ज रहती हैं। कृषि एवं जल संसाधन विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड तैयार करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। बताया गया कि खेत के पांच अलग-अलग स्थानों से लगभग 15 सेंटीमीटर गहराई तक मिट्टी के नमूने लेकर वैज्ञानिक विधि से उन्हें तैयार किया जाता है तथा अंत में लगभग 500 ग्राम नमूना परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जाता है।



जिले के पांचों विकासखंडों में मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं संचालित हैं,जहां जांच की सुविधा उपलब्ध है। परीक्षण के माध्यम से नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटेशियम सहित 17 अन्य पोषक तत्वों की जानकारी किसानों को उपलब्ध कराई जाती है, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता के अनुसार उपयुक्त फसल चयन एवं उर्वरक प्रबंधन में सहायता मिलती है। बैठक में प्रमाणित गुणवत्ता वाले बीजों के वितरण तथा पशुओं के टीकाकरण की भी समीक्षा की गई।

**शिक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं पर भी हुई चर्चा-** बैठक में शिक्षा विभाग, आधारभूत अधोसंरचना तथा वित्तीय समावेशन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री कन्याल ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों को ड्रग फ्री बनाने के लिए प्रभावी अभियान चलाया जाए।

**नशा मुक्ति अभियान को सभी विभाग मिलकर दें गति-** कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि नशे से दूरी卐 अभियान को सभी विभागों के समन्वय से जनआंदोलन के रूप में संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नशे की लत से मुक्त करने के लिए प्रभावी प्रयास करना है। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जाहिर सूचना

एतद सर्वसाधारण का सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार दिनेश देवडा पिता श्री रामनिवास देवडा, निवासी ग्राम माकंडोन तहसील माकडोन जिला उज्जैन के कक्षा 10वी की अंकसूची में नाम दिनेश कुमार देवरा (DINESH KUMAR DEVRA) दर्ज हो गया हैं। जिनका वास्तव में नाम दिनेश देवड़ा (DINESH DEVDA) हैं। इस जाहिर सूचना के जरिये सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई जनसाधारण दिनेश कुमार देवरा (DINESH KUMAR DEVRA) की जगह दिनेश देवड़ा (DINESH DEVDA) हो। अतः दिनेश देवड़ा (DINESH DEVDA) पिता रामनिवास देवडा नाम से मेरे पक्षकार को संबोधित किया जावें एवं जाना जावें। सूचित हो। इति दिनांक 16/07/2026

**सुमित दुबे एडवोकेट**
**कार्यालय- प्लेटिनियम नानाखेड़ा उज्जैन मो. 9589994999**

## न्यूज-कॉलम

### 2 किलो से अधिक अफीम के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** एसपी विनोदकुमार मीणा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे च्नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत अफजलपुर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी को नाकाम करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि साखतली निवासी राहुल पिता जगदीश एक अल्टो कार क्र. एमपी 14 सीडी 3072 में अवैध अफीम लेकर दलोदा की ओर किसी बाहरी तस्कर को देने जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने नाकाबंदी की और संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली, जिसमें से २ किलो 51 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। जब्त अफीम की अनुमानित कीमत 4 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उससे मादक पदार्थ के क्रय-विक्रय व मुख्य सप्लायर के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### युवक के साथ हुई 48 हजार रू. की धोखाधड़ी

**मन्दसौर।** जिले के दलौदा थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ 48 हजार 12 रू. की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार यह मामला तीन जुलाई का है। इस घटना की रिपोर्ट 16 जुलाई को दलौदा थाने पर फरियादी 20 वर्षीय ललित पिता तेजपाल पाटीदार निवासी रिछालालमुआ ने की है कि घटना दिनांक को अज्ञात आरोपी ने अपनी पहचान छूपाकर फरियादी को लोहे के एंगल की डिलेवरी के नाम पर 48 हजार 12 रुपये खाते में डलवाकर धोखाधड़ी की। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) 319 (2) 308 में प्रकरण दर्ज किया।

# जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ निकली भव्य रथ यात्रा

## धमार्लुओं ने किया पुष्प वर्षा कर रथ यात्रा का स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

थावरिया बाजार स्थित नगर के 350 वर्ष प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर से आषाढ़ शुक्ल द्वितीया पर गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की श्रद्धा एवं आस्था के साथ 29 वीं भव्य रथ यात्रा निकाली गई। यात्रा समिति संरक्षक मुन्नालाल शर्मा, अध्यक्ष मंगल लोढ़ा, कोषाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि दो दिवसीय रथ यात्रा महोत्सव के अन्तर्गत 15 जुलाई को महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड का आयोजन किया गया।

आज 16 जुलाई को रथयात्रा से पूर्व सुबह 9 बजे भगवान श्री जगन्नाथ का पूजन अर्चन सहस्त्रधारा अभिषेक एवं विशेष श्रृंगार कर आरती की गई । आज दोपहर में रथ यात्रा थावरिया बाजार स्थित मंदिर से प्रारम्भ हुई। भगवान की मूर्तियां रथ में विराजमान की गई । रथ में भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई श्री बलभद्र, बहन सुभद्रा जी की प्रतिमा विराजित की गई। पीछे बग्गी में तीनों की प्राचीन तस्वीर विराजित की गई। रथ को श्रद्धालुओं ने अपने हाथों से खिचते हुए नगर भ्रमण करवाया । जिसमें महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, आडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, प्रवीण सोनी, अनिल झालानी, शैलेन्द्र डागा, विश्वमोहन ल$ोढ़ा, मुन्नालाल शर्मा, मंगल लोढ़ा, गोपाल शर्मा, रामचन्द्र डोई, गजेन्द्र यादव, भरत जैन दीपक चौरडि?ा, प्रदीप गौड़, निलेश द्विवेदी, सन्नी सेनी, प्रदीप सोनी आदि रथ के साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा रथ को खिंचते हुए नगर भ्रमण कराया गया ।



रथ यात्रा का नगर के विभिन्न क्षैत्रों में धमार्लुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। यात्रा के आगे-आगे घोड़े, ऊंट के साथ ही भगवा ध्वज लिए हुए श्रद्धालु चल रहे है इसके बाद मातृशक्ति द्वारा सत्यनारायण पहलवान के मार्गदर्शन में तलवारबाजी का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चल रही थी। रथ यात्रा के बीच में इंदौर से आए हुए श्री राधाकृष्ण एवं गोपियों की टोली द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियाँ भी पुरे मार्ग में चलती रही। उनके नृत्य के साथ ही चल रहे गणमान्य जनों द्वारा भाव भक्ति विभोर होकर भजनों पर नृत्य किया । रथयात्रा थावरिया बाजार से शुरू होकर सूरजपौर होकर महलवाड़ा, पैलेस रोड़, डालुमोदी बाजार, नाहरपुरा, धानमंडी, गणेश देवरी, तोपखाना, चांदनी चौक, चौमुखी पुल, घांस बाजार, सायर चबुतरा, सेठजी का बाजार व मेहता जी का वास होते हुए पुनः श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंची। रथ यात्रा के पूरे रास्ते श्रद्धालुओं द्वारा जय जगन्नाथ के घोष के साथ ही पूरी श्रद्धा एवं आस्था के साथ रथ को खिंचा गया। रथ यात्रा के समापन पर श्री जगन्नाथ मंदिर पर महाआरती कर प्रसादी का वितरण किया गया । कार्यक्रम में सत्य नारायण पहलवान का समिति शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया । अंत में समिति पदाधि कारियों द्वारा सफल आयोजन पर आभार व्यक्त किया ।

## न्यूज कालम



### नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने नपा के जल स्त्रोतों का निरीक्षण किया

**मंदसौर ।** आगामी समय में नगर में नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पेयजल मिले इसके लिये नगरपालिका का जल प्रदाय अमला निरंतर प्रयास कर रहा है। कल नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने चन्द्रशेखर आजाद जलाशय (मिजार्पुरा बांध) का निरीक्षण किया और शिवना नदी के ऊपरी हिस्से से यहां लाये गये पानी की उपलब्धता को देखा। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर को अवगत कराया गया कि शिवना नदी के ऊपरी छोर से आजाद जलाशय की ओर पानी लाया गया है वहां से ६ मोटर लगाकर पानी रामघाट की ओर भेजा जा रहा है। नगर पालिका का अमला 24 घण्टे प्रथम रहकर जलप्रदाय व्यवस्था के कार्य में लगा है मोटर लगाकर पानी को आगे की ओर लिफ्ट किया जा रहा है ताकि जलप्रदाय व्यवस्था के लिये नगर के नागरिकों को पानी मिल सके ।नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर के साथ इस अवसर पर जलकार्य सभापति निलेश जैन, जलकार्य समिति सदस्यगण सुनीता गुजरिया, कमलेश सिसौदिया, सुनीता भावसार, गोवर्धन कुमावत सहित नपा कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### खेत पर किसान द्वारा पेड़ काटते समय ऊपर से गिरने से गंभीर चोट से हुई मौत

**नीमच।** जिले के ग्राम दलावदा में खेत पर किसान द्वारा अपने खेत पर बबुल के पेड़ को काटते समय संतुलन बिगड़ने और नीचे गिरने से गंभीर चोट के कारण अस्पताल में मौत हो गई द्य घटना के बाद परिजन और ग्रामीणों द्वारा घायल किसान मांगीलाल भील 60 वर्ष को जिला अस्पताल ले जाया गया द्य जहां जांच और उपचार के समय मौत हो गई द्य जानकारी अनुसार नीमच जिले के ग्राम दलाल मांगीलाल पिता नाथूलाल भील खेत पर एक बबुल का पेड़ काटने के दौरान संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया द्य गिरने के कारण सिर पर अन्य शरीर के अंगों में गंभीर चोटों के चलते ग्रामीण व परिजनों में जिला अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई द्य पुलिस ने मामले को जांच में लेकर पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सोपा दिया द्य

### श्री पशुपतिनाथ मंदिर की दान पेटियों से 31.40 लाख सहित विदेशी मुद्रा और आभूषण प्राप्त



**मन्दसौर।** प्रसिद्ध श्री पशुपतिनाथ मंदिर में दो दिनों तक चली दान राशि की गणना का कार्य संपन्न हो गया है। इस दो दिवसीय दान गणना में मंदिर को कुल 31 लाख 40 हजार 20 रुपये की राशि प्राप्त हुई है। गणना के पहले दिन 15 जुलाई को 24 लाख 2 हजार 450 रुपये तथा दूसरे दिन 16 जुलाई को 7 लाख 37 हजार 570 रुपये की नकदी प्राप्त हुई। नकद राशि के अतिरिक्त दानपात्र से 190 ग्राम चांदी के छोटे-मोटे सामान और 8 ग्राम सोने के आभूषण भी निकले हैं। इसके अलावा श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित की गई विदेशी मुद्रा भी प्राप्त हुई है, जिसमें मलेशिया के 20 और 5 सेंट के सिक्के, नेपाल के 2 रुपये के दो सिक्के, संयुक्त अरब अमीरात का एक सिक्का, थाईलैंड का 2 का एक सिक्का, कजाकिस्तान का 1 का सिक्का तथा नेपाल के 100 और 5 रुपये के नोट एवं ब्राजील का 2 का नोट शामिल है।

## 500 साल पुराने मंदिर से पहली बार निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर।

500 वर्ष से भी अधिक प्राचीन जगदीश मंदिर से महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और भाई बलभद्र की ऐतिहासिक रथ यात्रा धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ संपन्न हुई। मंदसौर के इतिहास में यह पहला अवसर था जब प्राचीन जगन्नाथ मंदिर से स्वयं भगवान अपने भक्तों द्वारा निर्मित भव्य रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। भगवान जगन्नाथ उत्सव समिति एवं जगदीश मंदिर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक महोत्सव में पूरा शहर एकजुट नजर आया और भक्तों का अपार उत्साह देखते ही बन रहा था।





यात्रा का शुभारंभ दोपहर में मंदिर परिसर में संत समाज के सानिध्य में आयोजित विशेष पूजा-अर्चना और हवन-अनुष्ठान के साथ हुआ। तत्पश्चात भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा एवं बलभद्र जी को विशेष रूप से सुसज्जित रथ में विराजमान कराया गया। निर्धारित समय पर जैसे ही महाप्रभु का रथ आगे बढ़ा, पूरा क्षेत्र च्जय जगन्नाथज के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। रथ में स्थापित श्री यंत्र और महाप्रभु के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों में भगवान के रथ को खींचने की होड़ सी लगी रही, हर कोई खुद को भाग्यशाली मानकर रथ की रस्सी थामने के लिए आतुर दिखा।

इस भव्य यात्रा में सामाजिक समरसता और अनुशासित व्यवस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। पारंपरिक ड्रेस कोड में ढले कार्यकर्ता पूरी यात्रा के दौरान व्यवस्था संभालते हुए साथ चले। यात्रा के आगे-आगे बटुक वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए चल रहे थे, वहीं मातृशक्ति सिर पर पवित्र कलश धारण कर यात्रा की शोभा बढ़ा रही थीं।

नगर भ्रमण के दौरान शहर भर में जगह-जगह यात्रा का अभूतपूर्व और भव्य स्वागत किया गया। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों और व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर महाप्रभु की आरती उतारी और श्रद्धालुओं के लिए अल्पाहार एवं शीतल जल की व्यवस्था की। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम किए।





## तीन दिवसीय निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर का समापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी

महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में कार्यरत मंदसौर सुख समृद्धि वेलफेयर सोसायटी "संकल्पित मंदसौर" द्वारा आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। 13 से 15 जुलाई तक आयोजित इस शिविर में महिलाओं को सिलाई के साथ-साथ उत्पाद निर्माण, गुणवत्ता, डिजाइन, पैकेजिंग और विपणन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि सहकार भारती मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री राधेश्याम जलक्षत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम सहकारिता है। जब महिलाएँ संगठित होकर सहकारी संस्थाओं के माध्यम से उत्पादन, विपणन और स्वरोजगार से जुड़ती हैं, तब वे केवल आत्मनिर्भर ही नहीं बनतीं, बल्कि अपने परिवार, समाज और राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के साथ यदि महिलाओं को सतत मार्गदर्शन और बाजार उपलब्ध कराया जाए, तो पिपलिया मंडी की महिलाएँ आत्मनिर्भरता का नया उदाहरण प्रस्तुत करेंगी।

## 5 लाख पेंशनर्स की मांगों की अवहेलना को लेकर 22 जुलाई को भोपाल में प्रदेश भर के पेंशनर्स करेंगे बड़ा जंगी प्रदर्शन

**ओम त्रिवेदी**

**रतलाम।** मुख्यमंत्री म.प्र. शासन प्रदेश के पांच लाख पेंशनरों की न्यायोचित मांगों का लम्बे समय से समाधान नहीं कर रहे है। पेंशनरों व उनके परिवारों को आर्थिक परेशानियों में धकेल रहे है। पेंशनरों के हक व अधिकार दिलाने के सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के न्यायिक निर्णयों की सरकार अवहेलना कर रही है। इससे प्रदेश के पेंशनर्स, परिवार पेंशनर्स में घोर असंतोष एवं तीव्र आक्रोश उपज रहा है।

प्रांतीय आह्वान पर मांगों को लेकर राज्य पेंशनरों का तीसरा चरणबद्ध धरना प्रदर्शन आंदोलन 22 जुलाई को डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क 1250 भोपाल में किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक जिलों तहसीलों-ब्लाकों से हजारों की संख्या में पेंशनर्स आंदोलन में भागीदारी करेंगे। अध्यक्ष जे.पी. चौबे, उप प्रांताध्यक्ष कीर्ति कुमार शर्मा, विरेन्द्र कुमार तिवारी, महामंत्री सुभाष शर्मा, पुरुषोत्तम पुरोहित, एन.बी. राजपूत ने संयुक्त पत्र में समस्त राज्य पेंशनरों में भोपाल आंदोलन में सक्रिय भागीदारी करने का पुरजोर आह्वान किया। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स रतलाम की बैठक में अध्यक्ष कीर्ति कुमार शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष एम.एल. भट्ट, सचिव एम.एल. नगावत, उपाध्यक्ष जयवंत गुप्ते, सचिव आशा श्रीवास्तव, प्रचार सचिव दुर्गेश सुरोलिया, के.जी. आचार्य, एस. आर. बैरागी, कैलाशनाथ शर्मा, ओम प्रकाश पोरवाल, पिपलौदा अध्यक्ष ने 22 जुलाई भोपाल आंदोलन में चलने के लिए पेंशनर्स साथियों से अपील की। इस अवसर पर प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा जावरा के नव नियुक्त अध्यक्ष हेमंत सोनी का पुष्पमाला करतल ध्वनी से स्वागत सम्मान किया।

## पुलिस आरक्षक से प्रधान आरक्षक एवं प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक पदौन्नति कार्यक्रम

**नीमच।** जिला पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रूम पर आयोजित कार्यक्रम में पदौन्नति प्राप्त सउनि एवं प्रधान आरक्षकों का किया सम्मान, पदौन्नत कर्मचारियों को बताये पदिय कर्तव्यों के दायित्व, नशामुक्ति अभियान संबंधी शपथ दिलाई गई द्य गुरुवार 15 जुलाई को दोपहर 2 बजे पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच पर जिला नीमच के आरक्षक से प्रधान आरक्षक एवं प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक पद पर पदौन्नत हुए पुलिस कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

## सकल दिगम्बर जैन समाज महिला प्रकोष्ठ का प्रथम स्नेह मिलन संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

सकल दिगम्बर जैन समाज महिला प्रकोष्ठ, मंदसौर द्वारा प्रथम स्नेह मिलन एवं हरियाली महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास, सामाजिक सौहार्द और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व भगवान के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ, जिसके बाद महिला प्रकोष्ठ की टीम ने स्वागत नृत्य और रीना जैन ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि मंदसौर विधायक विपिन जैन ने समाजजनों को पौधारोपण और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया, जबकि समाज अध्यक्ष लोकेंद्र जैन एवं अनिल जैन ने महिला प्रकोष्ठ के उत्कृष्ट कार्यों व संगठन क्षमता की सराहना की।

महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री साक्षी जैन ने स्वागत उद्बोधन देते हुए महिला प्रकोष्ठ की स्थापना के उद्देश्य, अब तक की गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों ने अतिथियों को हरित पौधे भेंट कर उनका सम्मान किया तथा उपस्थित महिलाओं को अपराजिता के बीज वितरित किए गए।

## सरकार ने किसानों को गरीब व कर्जदार बना दिया

**पिपलीयामंडी।** किसान विरोधी मोदी सरकार की गलत नीतियां का खामियाजा लंबे समय से अन्नदाता किसान भुगतने को मजबूर है।मोदी सरकार की गलत आयात,निर्यात नीतियों से किसानों को उसकी उपज का वाजिव दाम नही मिल रहा है।उक्त बात जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने गुरुवार को मुंदेडी के 75 वर्षीय किसान पूरणमल नंदाजी ब्राम्हण से खेत मे जुगाड़ के कुलपे चला रहे किसान से चर्चा की पूरणमल ने बताया कि मेरे पास ढेड़ बीघा खेती है एक बीघा में मूंगफली बोई है जिस पर 8 हजार रुपये का खर्चा आया अब इस पर में स्वयं कुलपा चला।

## जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को ग्राम पालसोड़ा, तहसील नीमच में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी सामूहिक एवं व्यक्तिगत समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविरों का उद्देश्य प्रशासन को गांव तक पहुंचाकर नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना है। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा जिन प्रकरणों का मौके पर निराकरण संभव है, उनका तत्काल निराकरण किया जाए।

## जगन्नाथ रथ यात्रा में नागर ब्राह्मण समाज ने भी लिया धर्म लाभ

**पिपलिया मंडी।** 16 जुलाई को मंदसौर में आयोजित भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा में जिला मंदसौर नीमच पतापगढ़ नागर ब्राह्मण समाज ने भी स्वागत कर धर्मलाभ लिया। इस अवसर पर समाज के श्री जगन्नाथ यात्रा उत्सव समिति के सचिव बालकृष्ण दवे तथा समाज के वरिष्ठजन श्री गोविंद प्रसाद नागर, डॉक्टर राजेंद्र नागर,श्री मोहन नागर, श्री राजेंद्र प्रसाद नागर (खेरोट)सहित कई समाज की महिलाएं एवं पुरुषो ने उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया।




**पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस ⇌ आजमगढ़ के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाएगा**

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक एवं गंतव्य स्टेशन | सेवा की तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 05184 | बांद्रा टर्मिनस – आजमगढ़ | 20.07.2026 से 28.09.2026 | 10:45 बजे (सोमवार) | 00:25 बजे (बुधवार) |
| 05183 | आजमगढ़ – बांद्रा टर्मिनस | 18.07.2026 से 26.09.2026 | 22:30 बजे (शनिवार) | 08:10 बजे (सोमवार) |

ठहरावः बोरीवली, सूरत, वडोदरा, रतलाम, नागदा, कोटा, बयाना, ईदगाह आगरा, टुंडला, गोविंदपुरी, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, प्रयागराज रामबाग, झानपुर रोड, बनारस, औंरिहार, मऊ और मुहम्मदाबाद स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में।

संरचनाः एसी 3–टियर (इकनॉमी), स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच।

समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।

ट्रेन संख्या 05184 के लिए बुकिंग 18.07.2026 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर खुलेगी। उपर्युक्त ट्रेन विशेष किराये पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें यहां लाइक और फॉलो करें:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल आईडी प्रमाण ले जाएं


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मन्दसौर (म.प्र.)

Email-cmomandsaur@mpurban.gov.in
Phone- 07422-405964 ULB Code- 802211

क्रमांक 2653/स्टोर शाखा/2026 दिनांक 15-07-2026

### ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना

निकाय द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है। इच्छुक डिलर अपनी दरे समस्त करों सहित प्रस्तुत करे।

| क्र. | ऑन लाईन टेन्डर क्रमांक | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशी | निविदा प्रपत्र का मुल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UADD TENDER NO - 520789-1 | 1 प्लास्टीक स्पीड ब्रेकर प्रतिमीटर 2 श्रबर स्पीड ब्रेकर प्रतिमीटर 3 स्टी क्यु मेनेजर प्रतिनग 4 रोड बेरीयर प्रतिनग 5 प्लास्टीक रोड स्टड प्रतिनग | 10.00 लाख | 10000.00 | 5000.00 |
| 2 | UADD TENDER NO - 520654-1 | नगर के विभिन्न वार्डो में स्थित उद्यानो आदि की बाउंडीवाल हेतु 2×2 गड्ढा खोदकर सी सी से सिमेंट पोल 6 फीट लम्बाई का गाढ़ने का कार्य प्रतिनग की दर से कार्य कराया जाना है | 10.00 लाख | 10000.00 | 2000.00 |
| 3 | UADD TENDER NO - 520834-1 | निकाय स्वामित्व के उद्यान/सार्वजनिक स्थानों पर बैठने हेतु आर.सी.सी सीमेंट की लोहे की प्लास्टिक फायबर की तीन शीटर गार्डन बैंचे की दरों बाबत। | 10 लाख | 10.000.00 | 2000.00 |
| 4 | UADD TENDER NO - 520785-1 | निकाय द्वारा विभिन्न आयोजनों/सांस्कृतिक कार्यक्रमों फूल मालाओं स्टेज डेकोरेशन गुलदस्ते<br>1 माला बड़ी प्रतिमा हेतु – प्रतिनग<br>2 माला VIP बड़ी – प्रतिनग<br>3 माला छोटी स्वागत हेतु – प्रतिनग<br>4 माला लम्बी 5 से 6 फीट तक लगाने हेतु लड़ी प्रतिनग<br>5 गुलदस्ते बड़े VIP प्रतिनग<br>6 गुलदस्ते हाथ वाले स्वागत हेतु – प्रतिनग<br>7 स्टेज डेकोरेशन एक मुश्त प्लास्टिक एवं फूलों से डेकोरेशन 15×20 18×20 20×40 – प्रतिनग<br>8 फूलों की टोकरी/गुलाब आदि फूल – प्रतिनग | 10 लाख | 10.000.00 | 2000.00 |
| 5 | UADD TENDER NO - 520835-1 | नगर के विभिन्न वार्डो में स्थित उद्यानो की बाउंडीवाल आदि स्थानों की रगाई एवं पुताई का कार्य कराया जाना है। जिसकी लम्बाई प्रति वर्ग मीटर की दर मय जीएसटी सहित प्रस्तुत करें। सूची संलग्न है। | 10.00 लाख | 10000.00 | 2000.00 |
| 6 | UADD TENDER NO - 520829-1 | कार्यलय द्वारा होने वाले विभिन्न कार्यक्रमो के लिये बनाये जाने वाले स्टेज की सामग्री, टेन्ट कनाते गेट बड़ा प्लाय, परदा की झालर, टेन्ट की झालर, शीट कारपेट कुर्सी वुडन, पाईप बेरीगेटींग आदि सामग्री की दरे की आवश्यक है। सूची संलग्न है। | 10.00 लाख | 10000.00 | 2000.00 |
| 7 | UADD TENDER NO - 521102-1 | साफ सफाई व्यवस्था एवं अन्य कार्य हेतु 2 नग टेक्टर पर (जेसीबी) बैकहो लोडर बाल्टी क्षमता के साथ 0.3 धन वजन 8010 टेक्टर आर 3DX सुपर 6 इन 1 बहुउदेशिय HD टायर के साथ 1 वर्ष बीमा मय आरटीओ रजिस्ट्रेशन एवं समस्त करों सहित । | 39.50 लाख | 80000.00 | 5000.00 |
| 8 | UADD TENDER NO - 520767-1 | सनय समय पर आयोजित कार्यक्रमों आदि के लिए भोजन के पैकेट वीआयपी /सामान्य संलग्न सूची अनुसार दर प्रस्तुत करें। | 02 लाख | 3000.00 | 2000.00 |

उपरोक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र फॉर्म – सी पर आमंत्रित किया जाना है जिसका विस्तृत विवरण वेबसाईट http: mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | सभापति | मुख्य नगर पालिका अधिकारी |
|---|---|---|---|
| न.पा. परिषद मन्दसौर | न.पा. परिषद मन्दसौर | न.पा. परिषद मन्दसौर | न.पा. परिषद मन्दसौर |



अखिल औदीच्य ब्राह्मण महासभा का गठन

## संरक्षक मंडल सहित विभिन्न इकाइयों की घोषणा; राकेश पटेल बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

**नागदा।** औदीच्य ब्राह्मण समाज को राष्ट्रीय स्तर पर संगठित एवं सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के तहत पंजीकृत अखिल औदीच्य ब्राह्मण महासभा का गठन किया गया है। संस्था का कार्यक्षेत्र संपूर्ण भारत रहेगा तथा देशभर में संगठन विस्तार अभियान चलाया जाएगा। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर राकेश पटेल (मांगलिया, इंदौर) की नियुक्ति की गई है। महेश पटेल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, कैलाश पाण्डेय को राष्ट्रीय महामंत्री, योगेश पटेल को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं अरविंद उपाध्याय को राष्ट्रीय संयुक्त सचिव बनाया गया है। वहीं राष्ट्रीय संरक्षक मंडल में समाज के अनेक वरिष्ठजनों को स्थान दिया गया है। महासभा ने मध्यप्रदेश, महिला एवं युवा इकाइयों का भी गठन किया है। प्रदेश की महिला इकाई का नेतृत्व का दायित्व निर्मला रावल करेंगी तो युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष ठक्कर बनाए गए हैं। नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पटेल ने बताया कि संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, शिक्षा, संस्कार, महिला सशक्तिकरण और युवा नेतृत्व को बढ़ावा देना है। शीघ्र ही देशव्यापी सदस्यता अभियान प्रारंभ कर विभिन्न राज्यों में संगठन का विस्तार किया जाएगा।

## थाना प्रभारी भाभौर पदोन्नत होकर बने अनुविभागीय अधिकारी



**महिदपुर रोड।** नगर के पुलिस थाने में पदस्थ थाना प्रभारी राम सिंह भाभौर को थाना प्रभारी से एसडीओपी बनाया गया हैं मध्य प्रदेश शासन के गृह /पुलिस विभाग के प्रमुख अधि कारी हस्ताक्षर से जारी पदोन्नति सूची में भाभौर का नाम होने पर था ने की स्टाफ ने कार्यक्रम आयोजित कर थाना प्रभारी का साफा बांध कर पुष्पमाला पहनाते हुए मुंह मीठा कर स्वागत किया इस दौरान प्रेम मालवीय , सुरेश सोनगरा ,रविंद्र सिंह बैस मदन पग्गी आदि ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए थाना प्रभारी के कार्य व्यवहार के प्रशंसा की। कार्यक्रम में पत्रकार दिनेश मंडोवरा गोपाल उपाध्याय आदि मौजूद रहे थाना प्रभारी ने नगर के विभिन्न समाजों के प्रमुखों व्यापा रियों पत्रकारों तथा जन प्रतिनि धियों की उनके कार्यकाल में हमेशा सहयोग की बात कहते हुए सभी के व्यवहार की तारीफ की।

## सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम सम्पन्न



**महिदपुर रोड।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कसारी में नवप्रवेशी स्कूली बच्चों का विद्याराम संस्कार पंडित कैलाश शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, हवन-पूजन एवं माँ सर स्वती के पूजन के साथ श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साहपूर्वक सम्पन्न करवाया इस अवसर पर अभि भावकों ने अपने नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ प्रथम अक्षर लिखवाकर उनके उज्ज्वल, संस्कारमय एवं सफल जीवन की मंगलकामना की। विद्यालय परिवार ने सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ईश्वरलाल दांगी ने नव प्रवेशी स्कूली बच्चों को ज्ञान, चरित्र एवं संस्कार के एक अच्छा स्कूली विद्यार्थी बनने की सीख दी।

## एनडीपीएस मामलों में फरार चल रहे आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया



**बडौद।** नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस बडौद द्वारा जनजागरूकता के साथ-साथ मादक पदार्थों की अवैध तस्करी एवं तस्करों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई भी लगातार जारी है। थाना बड़ौद के धारा 8/29 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत फरार चल रहे आरोपी गबसिंह उर्फ गब्बर सोधिया (35 वर्ष), निवासी आमलिया, थाना बड़ौद एवं महेन्द्रसिंह पिता कालुसिंह सोधिया (24 वर्ष), निवासी सिंगलिया, थाना बड़ौद पुलिस गिरफ्त से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे। विश्वसनीय मुखबिर से आरोपियों के ग्राम सिंगलिया में होने की सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी बड़ौद निरीक्षक रुपसिंह बैस के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों को विधिवत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है! आरोपी गबसिंह उर्फ गब्बर सोधिया, उम्र 35 वर्ष, निवासी आमलिया, थाना बड़ौद और महेन्द्रसिंह पिता कालुसिंह सोधिया, उम्र 24 वर्ष, निवासी सिंगलिया, थाना बड़ौद को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत फरार आरोपी धीरपसिंह पिता सुजानसिंह सोधिया, निवासी मदकोटा, थाना बड़ौद गिरफ्तारी से बचने के उद्देश्य से लगातार अपने ठिकाने बदल रहा थे।। पुलिस टीम ने योजनाबद्ध ढंग से घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रुपसिंह बैस, उप निरीक्षक विजयकुमार शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक रामप्रकाश पुष्पद, प्रधान आरक्षक प्रवीण यादव, प्रधान आरक्षक उपेन्द्रसिंह, प्रधान आरक्षक दिलीप भाटी, प्रधान आरक्षक अर्जुन बागड़ी, प्रधान आरक्षक रामसेवक मीणा, प्रधान आरक्षक सतीश मोदी,आरक्षक पोपसिंह, आरक्षक श्रीपालसिंह देवड़ा, आरक्षक गोवर्धन दांगी, आरक्षक भीमसिंह, आरक्षक धर्मेन्द्र राजपूत एवं महिला आरक्षक वंदना सेन की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही।

# पौधारोपण के लिए गड्ढे खोद रही जेसीबी को तहसीलदार ने किया जब्त

## सरपंच संघ ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

एक बार फिर से किसी प्रशासनिक अधिकारी को हटाने के लिए विरोध सामने आया गया है। कुछ समय पूर्व एसडीएम सवेश यादव को हटाने के लिए इसी तरह का विरोध सामने आया था। अब जनपद में शासकीय भूमि पर पौधारोपण के कार्य को लेकर प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच विवाद गहरा गया है। सुसनेर कस्बा के तहसीलदार राजेश श्रीमाल की कार्यप्रणाली से नाराज होकर क्षेत्र के समस्त सरपंचों ने एकजुट होकर मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में सरपंच संघ सुसनेर के अध्यक्ष विक्रमसिंह परमार के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) राजस्व सुसनेर-नलखेड़ा के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया है। यह ज्ञापन कलेक्टर और प्रदेश के प्रभारी मंत्री नागरसिंह जी को भेजने के लिए प्रस्तुत किया गया है।



### जनप्रतिनिधियों का आरोप नहीं सुनी कोई बात

सरपंच संघ के अध्यक्ष विक्रमसिंह परमार और बड़ी संख्या में उपस्थित अन्य ग्राम पंचायतों मगीसपुर, गणेशपुर, खजूरी, कायरा, पिपलीयानानकार, खेजड़ाखेड़ी, बड़ा, लालाखेड़ी, खराया, कोटडा, रावली, गुंदलावदा, जाख, नांदबा, कालारिया आदि के सरपंचों ने तहसीलदार पर मनमर्जी करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मौके पर किसी भी तरह का अवैध खनन नहीं हो रहा था, बल्कि केवल पर्यावरण सुधार के लिए पौधारोपण की तैयारी की जा रही थी। तहसीलदार की इस एकतरफा कार्रवाई से ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### क्या है पूरा मामला

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 13 जुलाई को ग्राम वासियों द्वारा ग्राम पंचायत के सहयोग से श्री कृष्ण गौशाला के समीप स्थित शासकीय गोचर भूमि पर पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था। पौधों को लगाने के उद्देश्य से गडडें खोदने के लिए एक जेसीबी मशीन बुलाई गई थी। कार्य शुरू होने से पहले ही सुसनेर तहसीलदार राजेश श्रीमाल अचानक मौके पर पहुंचे। उन्होंने इस कार्य को अवैध उत्खनन का मामला बताते हुए तत्काल माइनिंग इंस्पेक्टर कोमल बघेल और स्थानीय पटवारी को मौके पर बुला लिया। तहसीलदार ने ग्रामीणों और सरपंच की दलीलों को दरकिनार करते हुए जेसीबी मालिक और चालक के खिलाफ अवैध खनन का मामला दर्ज कर दिया और वहां बंद खड़ी जेसीबी मशीन को जब्त कर लिया।

### 2 दिन का अल्टीमेटम, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

सरपंच संघ ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि सुसनेर तहसीलदार राजेश श्रीमाल को तुरंत उनके पद से हटाया जाए। यदि 2 दिन की समयावधि के भीतर शासन और प्रशासन द्वारा उचित दंडात्मक कार्रवाई कर तहसीलदार को नहीं हटाया गया, तो समस्त सरपंच संघ और ग्रामीण उग्र आंदोलन, धरना प्रदर्शन और आमरण अनशन करने के लिए विवश होंगे।

### श्री कृष्णा योगेश्वर गौशाला ग्राम बिरगड़ी में पौधारोपण संपन्न

# कलेक्टर एवं एसपी ने पौधारोपण कर गौ माता का पूजन कर गुड़ खिलाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बडौद

पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली वृद्धि के उद्देश्य से बुधवार को श्री कृष्णा योगेश्वर गौशाला, पंथवारी बर्डा बरगड़ी में बृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव एवं पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर एवं एसपी द्वारा गौशाला परिसर में पौधरोपण किया गया। कलेक्टर एवं एसपी ने गौशाला परिसर में स्थित यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गौ पूजन-अर्चन किया। उन्होंने गौ माता को अपने हाथों से गुड़ खिलाया तथा गौ माता का पूजन-अर्चन कर तिलक लगाकर आरती भी उतारी।



इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओम मालवीय,एसडीएम मिलिंद ढोके, डूंगर सिंह, श्यामसिंह परिहार, गोविंद सिंह बरखेड़ी, सुरेंद्र सिंह परिहार, भरत प्रजापत, लाल सिंह, चंद्रेश शर्मा, पारस जैन, दिपेश जैन, संत श्री राम जी राम महाराज, गौशाला समिति अध्यक्ष नारायण सिंह ,उपाध्यक्ष, रामलाल सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, गौ सेवक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं महिलाएं उपस्थित थी।

कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने गौशाला में पूर्व में रोपित फलदार पौधौ का अवलोकन किया। उन्होंने समिति पदाधिकारियों और ग्रामीणों के साथ गौशाला परिसर का भ्रमण कर गौ-संरक्षण एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि पौधारोपण के साथ पौधों का संरक्षण भी आवश्यक है। उन्होंने आमजनों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाएं और उनकी देखभाल करें।इस अवसर पर ओम मालवीय ने अपने संबोधन में श्री कृष्णा योगेश्वर गौशाला को आदर्श गौशाला बताते हुए गौशाला में हो रहे कार्यों की सराहना की। और क्षेत्रवासियों द्वारा किए जा रहे गौशाला विकास कार्यों में सहयोग के बारे में भी विस्तार से बताया। कार्यक्रम में गौशाला समिति के पदाधिकारियों एवं स्वयं सेवकों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

## शासकीय भूमि पर अधूरा निर्माण को लेकर दिया आवेदन

**तराना।** शासकीय भूमि पर अधूरा निर्माण को लेकर बुधवार को ग्राम पंचायत इटावा के पूर्व सरपंच दिनेश शर्मा के द्वारा एस डी एम कार्यालय में आवेदन दिया है।आवेदन में बताया कि ग्राम पंचायत इटावा के ग्राम गांगलिया खेड़ी में शासकीय भूमि पर चद्दर शेट निर्माण हेतु 3 वर्ष पूर्व बाहर से आई लेबर द्वारा टीन सेट निर्माण कार्य प्रारंभ किया था। जो कि आज तक अधूरा पड़ा है यह कार्य विधानसभा चुनाव के पूर्व शरू किया गया था जो कि आज तक अधूरा है। कोन निर्माण एजेंसी है यह भी स्थानीय लोगों को पता नहीं है। जानकारी तो यह भी है कि विधानसभा क्षेत्र के लगभग 20 ग्रामों में इस प्रकार का स्ट्रक्चर पड़ा है और आम जनता इससे परेशान है।

## तिवारी मीडिया प्रभारी व बोड़ाना सचिव मनोनीत

**जगोटी ।** महिदपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी की गठित नवीन कार्यकारणी में जगोटी के कांग्रेस नेता रजनीश तिवारी को मीडिया प्रभारी व रवि बोड़ाना को सचिव नियुक्त किया है, यह नियुक्ति ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश बगाना ने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश परमार व विधायक दिनेश जैन बोस की सहमति से की है। इस नियुक्ति पर हीरालाल आंजना, अनिल आंचलिया, अनंत शर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष रामेश्वर आंजना जमालपुरा, रणछोड़ पटेल, अनोखीलाल शर्मा बेलाखेडा, शैलेंद्र सिंह डोडिया, आजाद शाह कमल सूर्यवंशी, डा चैनसिंह चौधरी, धनसिंह पटेल, मनोहर पांचाल, मुन्ने खां पठान, मोहनलाल हेड़ा ने हर्ष व्यक्त किया है।

## प्रतिभाशाली शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान करेगा ब्राह्मण समाज

**महिदपुर रोड।** आगामी शिक्षक दिवस पर गुर्जर गौड ब्राह्म ण समाज मंदसौर में शिक्षक दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित कर समाज के पूरे प्रदेश में विभिन्न शास कीय विद्यालयों में सदस्य शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान करेगा। इसकी रूपरेखा को लेकर रविवार को मंदसौरमें, जिला गुर्जर गौड ब्राह्मण महिला सभा मंदसौर ओर प्रांतीय महिला महासभा की बैठक समाज की महिला सभा प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष प्रिती अनिल पुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज संगठन के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन दीपि का पांडे ने किया आभार अजय पांडे ने माना जानकारी समाज की योजनामंत्री मुक्तिका शर्मा तथा प्रचारमंत्री प्रतिभा तिवारी ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया महिदपुर क्षेत्र के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में भी समाज के शिक्षक शिक्षिका सेवारत हैं जिन्हें इस समाज के इस आयोजन में शामिल होने के लिये प्रेरित किया जायेगा

# सांसद सोलंकी ने चिडावद में पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ टोंक खुर्द

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत देश भर में सांसदों द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है इसी कड़ी में देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र के आदर्श गांव चिडावद में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को आगे बढ़ाया।सांसद सोलंकी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि एक पेड़ माँ के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दशार्ता है।

इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। माँ और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार हैं और इस पहल के माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।



सोलंकी ने पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक पौधा केवल एक पेड़ नहीं, बल्कि स्वच्छ हवा, सुरक्षित पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उन्होंने आमजन से आव्हान किया की आइए, हम सभी प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनकी देखभाल का संकल्प लें। एक पेड़ माँ के नाम केवल एक अभियान नहीं, बल्कि माँ के प्रति सम्मान, प्रकृति के प्रति कर्तव्य और भविष्य की पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। एक पेड़ माँ के नाम का हिस्सा बनें और अपनी माँ के लिए एक अविस्मरणीय स्मृति बनाने के लिए एक पेड़ लगाएँ।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंघल,भाजयुमो महामंत्री नीतेश पटेल, रवि पटेल,गुलाब नागदिया, निखिल पटेल, शेखर पटेल , रोहित पटेल, महेश पटेल, सतीश पटेल, विकास पटेल,सोहन पटेल, लाखन भंडारी, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्रीराम मंदिर ट्रस्ट की निष्पक्ष जांच हो - कांग्रेस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जीरापुर

जिला कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार नगर कांग्रेस कमेटी जीरापुर के तत्वावधान में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े चढ़ावे एवं वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की निष्पक्ष न्यायिक जांच, दोषियों पर कठोर कार्रवाई तथा ट्रस्ट में पारदर्शिता सुनिश्चित किए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार जीरापुर को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में मांग की गई कि पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच कराई जाए, चढ़ावे, दान एवं ट्रस्ट की संपत्तियों का स्वतंत्र फोरेंसिक एवं वित्तीय ऑडिट कराया जाए तथा यदि जांच में किसी भी प्रकार की अनियमितता



या वित्तीय अपराध सामने आए तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही ट्रस्ट के कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुधार लागू किए जाएं।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष तरुण चौबे, जिला पंचायत सदस्य यशवंत सिंह गुर्जर (लिंबोदा), वरिष्ठ नेता मोहन सिंह कोडक्या, जिला किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष गिरिराज सिंह खींची, जिला कांग्रेस महासचिव राजेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण सहरावत, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम सिंह राजेहेड़ी, विधानसभा अध्यक्ष गोपाल, मंडलम अध्यक्ष चंद्र सिंह पटेल, छापीहेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष निर्भय सिंह खींची, मंडलम अध्यक्ष बहादुर सिंह, चंद्रपाल सिंह (सरपंच), जनपद सदस्य शिवनारायण गुर्जर, पप्पू सिंह बना, श्याम किराड़, रमेश वर्मा, रवि सिंह तोमर, लक्ष्मण, मांगीलाल, कैलाश मालवीय, राधेश्याम मालवीय, सेवादल नगर अध्यक्ष भगवान मालवीय सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## अपाक्स की बैठक में मालवीय सर्व सहमति से जिला अध्यक्ष नियुक्त

**तराना।** अपाक्स जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्व सहमति देवनारायण मालवीय(पटवारी) को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर मालवीय ने कहा कि कर्मचारियों के हितों का ध्यान कर नियमानुसार काम किया जाएगा।मुख्य अतिथि प्रान्तीय अध्यक्ष कृष्णपाल सिह यादव रहे। कार्यक्रम में मंदसौर नीमच आगर मालवा उज्जैन इंदौर देवास आदि की जिला अध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे।बैठक में संगठन को मजबूत बनाने सदस्यता अभियान चलाने और अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति जागरूक रहकर उनका समाधान करने के अनेकों प्रस्ताव पारित किए। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव मनीष बलुनिया के द्वारा किया गया तथा आभार पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार द्वारा व्यक्त किया गया।

## नशा मुक्ति को लेकर पुलिस और विद्यार्थियों ने कॉम्बिंग अभियान चलाया



**भौरासा।** नशे से दूरी हे जरूरी में मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत आज जिला पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद के आदेशानुसार एवं सोनकच्छ एसडीओपी,,,,,,,के मार्गदर्शन में व थाना प्रभारी अनीता सिंह द्वारा आज नगर शासकीय कन्या हाई स्कूल ओर शासकीय बालक हाई स्कूल के विद्यार्थियों के साथ कांबिंग नशा मुक्ति अभियान चलाया गया विद्यार्थियों ने अपने हाथ में ,,नशे से दूरी हे जरूरी,,हमारा हे यही संदेश नशा मुक्त हो हमारा मध्य प्रदेश,,,जैसे लिखी तख्तियां हाथ में लेकर चल रहे थे जिसमें थाना प्रभारी अनीता सिंह ने नशे से संबंधित,अफीम,गांजा,ड्रग्स, भांग जैसे नशीले पदार्थों से होने वाली हानिकारक जानकारियां दी ओर इनसे दूरी बनाने के साथ साथ नगर में रैली निकाल कर जागरूकता का संदेश दिया नशीले पदार्थों के क्रय विक्रय जैसी जानकारी को हेल्प लाइन नंबर कैसे दी जाए ओर साथ थाना भौंरासा को भी अवगत कराया जाए इसकी भी जानकारी दी गई ओर साथ ही थाना प्रभारी अनीता सिंह ने जानकारी में बताया गया कि ये मध्य प्रदेश पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे।

## सुसनेर के समीप ग्राम पंचायत मोदी में चलेगा कचरा वाहन



**सुसनेर ।** स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोदी को कचरा मुक्त बनाने के उद्देश्य से पंचायत द्वारा ई-रिक्शा आधारित कचरा वाहन संचालित किए जाएंगे। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच घनश्याम बंसिया ने नवीन कचरा वाहनों की चाबियां संबंधित वाहन चालकों को सौंपी। सरपंच ने बताया कि इन वाहनों के माध्यम से गांव की प्रत्येक गली और घरों से नियमित कचरा संग्रहण किया जाएगा, ताकि पंचायत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें और स्वच्छता अभियान में पंचायत का सहयोग करें।इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण मीणा, भेरूलाल अहिरवार, विठ्ठल बोहरा, ओम प्रकाश बंसिया, गिरीश बंसिया, सहायक सचिव महेश जैन एवं बालचंद पाटीदार सहित पंचायत सदस्य और ग्रामीण उपस्थित थे।

## मंडी में राजेंद्र शर्मा बने सचिव, तीन सहायक उप निरीक्षक बने निरीक्षक



**सुसनेर।** कृषि उपज मंडी समिति में पदस्थ चार कर्मचारियों की पदोन्नति होने पर मंडी परिसर में स्टाफ द्वारा उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सचिव राजेंद्र शर्मा के सचिव पद पर पदोन्नत होने पर उन्हें पुष्पमाला पहनाकर शुभकामनाएं दी गईं। वहीं जगदीशचंद भील, हरिनारायण मांगोरिया एवं पवन शर्मा के मंडी सहायक उप निरीक्षक से मंडी निरीक्षक पद पर पदोन्नत होने पर भी सहकर्मियों ने उनका अभिनंदन किया। मंडी कर्मचारियों ने पदोन्नत अधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की और विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव एवं कार्यकुशलता से मंडी समिति के कार्यों में और अधिक गति एवं पारदर्शिता आएगी। समारोह के दौरान सभी कर्मचारियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी साझा की।



# दुल्हनिया ले आएगी का ट्रेलर रिलीज

## फिल्म में शाहरुख के बेटे आर्यन की रूमर्ड गर्लफ्रेंड भी नजर आएंगी

आकाशादित्य लामा की फिल्म 'दुल्हनिया ले आएगी' का ट्रेलर रिलीज हो गया। कॉमेडी, रोमांस, पारिवारिक रिश्तों और शादी की अफरा-तफरी से भरपूर यह ट्रेलर एक ऐसी फैमिली एंटरटेनर की झलक दिखाता है, जिसमें हंसी के साथ-साथ इमोशंस और कई मजेदार ट्विस्ट भी देखने को मिलेंगे। फिल्म में खुशाली कुमार, महेश मांजरेकर और पीयूष मिश्रा दिखाई देंगे।

फिल्म में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की रूमर्ड गर्लफ्रेंड लारिसा बोन्सी भी नजर आएंगी। बता दें कि सिद्धार्थ बनर्जी, आकाशादित्य लामा और विकास अग्रवाल द्वारा प्रोड्यूस की गई 'दुल्हनिया ले आएगी' 24 जुलाई, 2026 को थिएटर में रिलीज होगी।

### खुशाली ने किरदार को करियर का सबसे मजेदार बताया

एक्ट्रेस खुशाली कुमार ने कहा, ₹यह मेरे करियर के सबसे मनोरंजक किरदारों में से एक है। वह कॉन्फिडेंट है, अनप्रिडिक्टेबल है और हर पल सबको सरप्राइज करती रहती है। ट्रेलर में फिल्म की एनर्जी और मस्ती भरे नेचर को खूबसूरती से दिखाया गया है। अब मैं ऑडियंस को उसकी पूरी कहानी बड़े पर्दे पर देखने का इंतजार नहीं कर सकती।₹

महेश मांजरेकर ने फिल्म के बारे में कहा, 'दुल्हनिया ले आएगी' की सबसे खास बात इसकी सादगी और ईमानदारी है। यह ऐसी फिल्म है, जो मनोरंजन करने की कोशिश नहीं करती, बल्कि आप खुद-ब-खुद इसकी दुनिया में खो जाते हैं और मुस्कुराने लगते हैं। मेरा किरदार अपने परिवार के लिए सबसे अच्छा चाहता है और यही इमोशनल पक्ष इसकी कॉमेडी को और भी दमदार बनाता है। ट्रेलर सिर्फ उस मजे की एक झलक है, जो फिल्म में देखने को मिलेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि हर पीढ़ी के दर्शक इस कहानी से जुड़ाव महसूस करेंगे।

### उत्सव से सजा इसका माहौल फिल्म को और भी आकर्षक बनाता

फिल्म की कहानी एक ऐसी दुल्हन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसके सामने समय की बड़ी चुनौती है। इसी डेडलाइन के बीच उसकी जिंदगी में कई संभावित दूल्हों की एंट्री होती है और शुरू हो जाता है दूल्हों की तलाश का ऐसा मजेदार सिलसिला, जो दर्शकों को अंत तक बांधे रखने का वादा करता है। शादी के रंगों और उत्सव से सजा इसका माहौल फिल्म को और भी आकर्षक बनाता है। फिल्म के ट्रेलर को लेकर डायरेक्टर आकाशादित्य लामा ने कहा, ₹हर शादी में ड्रामा होता है, लेकिन 'दुल्हनिया ले आएगी' में यह ड्रामा फेरों से पहले ही शुरू हो जाता है। हमारी कोशिश थी कि ट्रेलर देखने के बाद दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान हो और साथ ही उनके मन में यह जानने की उत्सुकता भी बनी रहे कि आगे क्या होने वाला है। यह तेज रफ्तार, मजेदार, इमोशनल और ऐसे किरदारों से भरी फिल्म है, जिनसे दर्शक आसानी से जुड़ जाएंगे। यह पूरी तरह से एक फैमिली एंटरटेनर है और मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे देखकर उतना ही आनंद लेंगे, जितना हमें इसे बनाने में आया।



# दिल टूटने पर रोए थे आमिर खान, दोस्त अमीन का खुलासा



**बॉलीवुड एक्टर आमिर खान ने 5 जुलाई को गौरी स्प्रैट के साथ तीसरी शादी की है। इस शादी के बाद से उन्हें सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जा रहा है। अब आमिर के करीबी दोस्त अमीन हाजी उनके बचाव में आए हैं। अमीन हाजी ने रेडिफ को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि आमिर शादी का बहुत सम्मान करते हैं और उन्होंने हमेशा अपने पुराने परिवार और बच्चों की पूरी जिम्मेदारी उठाई है।**

### दिल टूटने पर आमिर को रोते हुए देखा है

आमिर को एक बेहद भावुक इंसान बताते हुए अमीन ने कहा कि उन्होंने आमिर को दिल टूटने के बाद बिखरते हुए देखा है। वे कहते हैं कि लोग कई साल बाद दोबारा प्यार मिलने पर मजाक बनाते हैं, लेकिन 15 साल का समय बहुत लंबा होता है। मैंने उन्हें रोते हुए देखा है। बाहर से रिश्ते जितने आसान लगते हैं, उतने होते नहीं हैं। जब कोई शादी टूटती है, तो उसके लिए किसी एक व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराना ठीक नहीं है।

### आमिर खान खुद भी दे चुके सफाई

आमिर खान ने लव जिहाद का ब्रांड एंबेसडर कहे जाने पर खुद भी सफाई दी है। वेबसाइट रेडिफ के साथ बातचीत में आमिर ने कहा- मेरी तीनों शादियों में किसी भी पत्नी ने धर्म परिवर्तन नहीं किया, क्योंकि शादियां सिविल मैरिज थीं। तीसरी पत्नी गौरी हिंदू नहीं बल्कि ईसाई हैं।



आमिर ने कहा- मेरी बेटी इरा की शादी एक हिंदू से हुई है। मेरी दोनों बहनों निखत खान और फरहत खान के पति भी हिंदू हैं। कजिन मंसूर की शादी एक ईसाई से हुई है। अमीन हाजी बताया की वे आमिर खान को पिछले 35 साल से जानते हैं। अमीन ने कहा की आमिर हमेशा से शादी के रिश्ते को गरिमा देते आए हैं। कई लोग एक रिश्ता टूटने के बाद निराश हो जाते हैं, लेकिन आमिर ऐसे नहीं हैं। लोग अक्सर उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर बातें करते हैं, लेकिन यह नहीं देखते कि वे कितने ईमानदार रहे हैं।




मेसी ने 2 गोल असिस्ट किए, 'फॉकलैंड बैनर' लहराने पर विवाद

# अर्जेंटीना फुटबॉल वर्ल्डकप फाइनल में

एजेंसी ▸▸ अटलांटा

डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना लगातार दूसरी बार फुटबॉल वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गया है। लियोनेल मेसी की टीम ने बुधवार रात को दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराया। टीम 85 मिनट 0-1 से पिछड़ रही थी। उसके बाद आखिरी 7 मिनट में दो गोल दागे और जीत हासिल की। फाइनल में उसका मुकाबला 19 जुलाई को स्पेन से होगा। अटलांटा में एंथनी गॉर्डन के 55वें मिनट के गोल से इंग्लैंड फाइनल की ओर बढ़ता दिख रहा था। लेकिन लियोनेल मेसी की टीम ने आखिर वक्त में मैच का रुख पलट दिया। मेसी के पास पर एंजो फर्नांडेज ने 25 गज से शानदार गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। फिर इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में मेसी के सटीक क्रॉस पर सब्स्टीट्यूट लॉटारो मार्टिनेज ने हेडर से गोल दागकर जीत दिला दी। जीत के बाद अर्जेंटीना के प्लेयर्स ने मैदान पर (फॉकलैंड/माल्विनास अर्जेंटीना के हैं) लिखा हुआ बैनर लहराया था। इस पर विवाद हो गया और दोनों देशों के फैंस भिड़ गए।

### अर्जेंटीना 7वीं बार फाइनल में पहुंचा है



यह अर्जेंटीना का 7वां वर्ल्ड कप फाइनल होगा। टीम इससे पहले 1930, 1978, 1986, 1990, 2014 और 2022 में फाइनल खेल चुकी है। अर्जेंटीना 1978, 1986 और 2022 में विश्व कप जीत चुकी है। अब उसके पास लगातार दूसरी बार और कुल चौथा खिताब जीतने का मौका है। फॉकलैंड अटलांटिक महासागर में स्थित एक द्वीप है, जिस पर दोनों देश अपना दावा करते हैं। 2 अप्रैल 1982 को अर्जेंटीना ने फॉकलैंड पर कब्जा कर लिया।





ब्यूनस आयर्स में बड़ी संख्या में फैंस सड़कों पर उतर आए

### फुटबॉल कम, लड़ाई ज्यादा

मैच की शुरूआत से ही यह साफ हो गया था कि मुकाबला सिर्फ फुटबॉल का नहीं है। तीसरे ही मिनट में इंग्लैंड के इलियट एंडरसन पर टैकल के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी आमने-सामने आ गए। रेफरी इस्माइल एलफाथ को बीच-बचाव करना पड़ा। पूरे पहले हाफ में कई बार खिलाड़ी भिड़े और फाउल की भरमार रही।

### गुरनूर बरार पर कार्रवाई, एक डिमेरिट पॉइंट मिला

भारत के तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में लेवल-1 कोड ऑफ कंडक्ट उल्लंघन का दोषी पाया गया। उन्हें आधिकारिक चेतावनी दी गई और रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट जोड़ा गया। पिछले 24 महीनों में यह उनका पहला अपराध है। यह घटना इंग्लैंड की पारी के 8वें ओवर की है, जब ब्रार ने फील्डिंग के दौरान गेंद बल्लेबाज की ओर खतरनाक तरीके से फेंकी।

# सिंधु जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने जापान ओपन सुपर-750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने दूसरे दौर में दुनिया की नंबर-5 खिलाड़ी चीन की हान यू को 35 मिनट में 21-16, 21-14 से हराया। इस जीत के साथ सिंधु ने हान यू के खिलाफ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 8-1 कर लिया। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना जापान की पूर्व वर्ल्ड चैंपियन नोजोमी ओकुहारा से होगा, जिन्हें दूसरे दौर में वॉकओवर मिला।




# वेस्टइंडीज के मेजर लीग में निकोलस पूरन का 31 गेंद में शतक

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क

वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन ने मेजर क्रिकेट लीग में 31 गेंद में शतक लगा दिया है। उन्होंने गुरुवार को टक न्यूयॉर्क की ओर से वॉशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ 5 चौके और 13 छक्कों से सजी पारी खेली। उनकी पारी के दम पर न्यूयॉर्क ने वॉशिंगटन को 266 रन का टारगेट दिया है। जवाब में फ्रीडम ने 7 ओवर में दो विकेट पर 78 रन बना डाले हैं।

लीग के एक अन्य मुकाबले में लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स ने सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स को 7 रन से हराकर पहली बार मेजर लीग क्रिकेट के फाइनल में प्रवेश किया है। फाइनल मैच 19 जुलाई को ऑकलैंड में खेला जाएगा। नाइट राइडर्स ने टॉस हारकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 187 रन बनाए।

**प्रवेश प्रारंभ**

आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**

क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**तुरंत आवश्यकता है**

1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**मकान बेचना है**

गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**प्रॉपर्टी बेचना है**

प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**आवश्यकता है**

रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क
9827820470

**मकान बेचना है**

साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**आवश्यकता है**

मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**

उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**

सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह ।
सीधे आनर से संपर्क करें ।
9669578652

**आवश्यकता**

छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**

अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**अवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**बेचना है**

अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**

शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### कैंप में अपने लाइसेंस रिन्यूअल और नए लाइसेंस बनवा सकते हैं दुकानदार

**इंदौर।** नगर निगम इंदौर का लाइसेंस विभाग व्यापारियों की सुविधा के लिए ट्रेड लाइसेंस बनाने के लिए लगातार मार्केटों में कैंप लगा रहा है। ये कैंप 18 जुलाई तक चलेंगे, जिसमें दुकानदार अपने लाइसेंस रिन्युअल करा सकते है और नए लाइसेंस भी बना सकते है। राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने बताया कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल के निर्देश पर ये कैंप लगाए जा रहे हैं। गुरुवार को बंगाली चौराहा, राजमोहल्ला, रणजीत हनुमान रोड, सिक्ख मोहल्ला में ये कैंप लगाया गया है। शुक्रवार और शनिवार को ये कैंप नसिया रोड/सिंधी कॉलोनी, नवलखा रोड, पोलोग्राउंड पर लगाए जाएंगे। नए लाइसेंस बनवाने के लिए कुछ जरूरी डॉक्यूमेंट्स लगेंगे। इसमें संपत्तिकर कर की रसीद, किरायानामा (किराएदार होने की स्थिति में), दुकान का फोटो, आवेदक का फोटो, आधार कार्ड, पेनकार्ड, दुकान का बिजली का बिल।

### मेडिकल छात्र और बुजुर्ग ने दी जान, दो अलग-अलग मामलों की जांच में जुटी पुलिस

**इंदौर।** इंदौर के निजी मेडिकल कॉलेज के एक छात्र और लसूडिया इलाके में रहने वाले एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस जांच कर रही है। खुड़ैल थाना पुलिस के मुताबिक निजी मेडिकल कॉलेज के थर्ड ईयर के छात्र रामगोपाल पाल (21) ने बुधवार दोपहर हॉस्टल परिसर में जहरीला पदार्थ खा लिया। कॉलेज प्रबंधन ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां रात में उनकी मौत हो गई। रामगोपाल बड़वाह के पास रामगढ़ के रहने वाले थे। पुलिस को उनके कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। तबीयत गंभीर होने के कारण उनके बयान भी दर्ज नहीं हो सके। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच जारी है। लसूडिया थाना क्षेत्र के बापू गांधी नगर में रहने वाले राजेश जाधव (60) ने बुधवार शाम अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार, राजेश ने घटना से पहले पत्नी को ऊपर के कमरे में चाय लेकर आने के लिए कहा था। जब पत्नी चाय लेकर पहुंची तो वह फंदे पर लटके मिले।

### डॉक्टर के क्रेडिट कार्ड से खरीदे 37 हजार के गिफ्ट वाउचर, साइबर ठगी का केस दर्ज

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में एक निजी अस्पताल के डॉक्टर साइबर ठगी का शिकार हो गए। साइबर अपराधियों ने उनके क्रेडिट कार्ड का दुरुपयोग कर अमेजन से 37 हजार रुपए के गिफ्ट वाउचर खरीद लिए। मामले की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक निजी अस्पताल में कार्यरत डॉ. दीपक पाटीदार 7 जून को विजयनगर क्षेत्र में थे। इसी दौरान उनके मोबाइल पर क्रेडिट कार्ड का 37 हजार रुपए का बिल आया। जांच करने पर पता चला कि उनके कार्ड से अमेजन के गिफ्ट वाउचर खरीदे गए हैं। ठगी का पता चलते ही उन्होंने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, लसूडिया थाना पुलिस ने हेमत कुमार की शिकायत पर साइबर ठगी का एक अन्य मामला दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि 12 जुलाई को उनके मोबाइल पर एक एप से जुड़ा मैसेज आया। लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल हैक हो गया।

### एनएसयूआई महासचिव पर रेप का आरोप एबीवीपी ने विरोध में पुतला जलाया

**झाबुआ।** भोपाल में एनएसयूआई के महासचिव सुभाष यादव पर 23 वर्षीय जनजातीय छात्रा से मारपीट और दुष्कर्म का आरोप लगा है। झबुआ में इस घटना के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की झाबुआ इकाई ने राजगढ़ नाका पर प्रदर्शन किया और एनएसयूआई का पुतला जलाया। शिकायत के अनुसार, भोपाल में एनएसयूआई की ही एक 23 वर्षीय जनजातीय कार्यकर्ता को सुभाष यादव ने बैठक के बहाने अपने फ्लैट पर बुलाया था। आरोप है कि वहां सुभाष यादव ने छात्रा के साथ मारपीट की और दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सुभाष यादव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और एससी-एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुतला दहन के दौरान एबीवीपी के प्रांत मंत्री दर्शन कहार ने घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस के शीर्ष नेता छात्रों के अधिकार की बात करते हैं, वहीं दूसरी तरफ उनके संगठन के पदाधिकारी छात्राओं के साथ ऐसा कृत्य कर रहे हैं।

### थांदला के मियाटी गांव में गौ हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, मांस व हथियार जब्त

**झाबुआ।** थांदला तहसील के मियाटी गांव के काछला फलिया में बुधवार रात गौहत्या की सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। मौके से पशु मांस, चाकू, कुल्हाड़ी, लोहे की सरिया समेत अन्य सामान जब्त किया गया है। मामले में पुलिस जांच जारी है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अशोक कनेश अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने घटनास्थल से दो संदिग्धों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। पूछताछ में उनकी पहचान आलिया पिता मांगू भाबोर और जुगाली पिता भीला भूरिया, दोनों निवासी मियाटी गांव, के रूप में हुई। पुलिस ने घटनास्थल की तलाशी के दौरान पशु मांस, एक चाकू, एक कुल्हाड़ी, छह लोहे की सरिया और मांस काटने में इस्तेमाल होने वाला लकड़ी का बड़ा गुटका बरामद किया है। पंचनामा तैयार कर सभी सामान जब्त कर लिया है। बरामद गौवंश के अवशेषों को पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सक के पास भेजा गया, जहां उनका परीक्षण किया गया।

### समयसीमा नजदीक लेकिन अधूरी पड़ी 27 किलोमीटर सड़क, एक साल से निर्माण ठप

**धार।** धार जिले में नागदा से बरमंडल तक 27 किलोमीटर लंबी टू-लेन सड़क का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा पूरी होने से मात्र 15 दिन पहले भी अधूरा है। निर्माण की धीमी गति के कारण अब तक 10 किलोमीटर मार्ग पर भी डामरीकरण पूरा नहीं हो सका है। पिछले एक वर्ष से यह परियोजना ठप पड़ी है, जिससे बारिश के मौसम में वाहन चालकों और राहगीरों को खराब सड़क पर यात्रा करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरमंडल से चिराखान तक लगभग 7 किलोमीटर सड़क का डामर करीब छह माह पहले उखाड़ दिया गया था। शिकायतों के बाद इसे समतल किया गया, लेकिन केबल डालने के लिए फिर से खुदाई कर दी गई। लगातार बारिश के कारण कई स्थानों पर सड़क एक से दो फीट तक धंस गई है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। इस हिस्से में कई पुल-पुलियाओं का निर्माण भी अभी तक शुरू नहीं हो पाया है।

### सर्जन-एनेस्थेटिस्ट नियुक्त होने पर भी मरीज निजी अस्पताल जाने को मजबूर

**धार।** धार जिले के सरदारपुर सिविल अस्पताल में पिछले छह माह से कोई ऑपरेशन नहीं हुआ है। हैरानी की बात यह है कि अस्पताल में सर्जन और एनेस्थेटिस्ट सहित पर्याप्त डॉक्टर पदस्थ हैं। इसके बावजूद मरीजों को इलाज के लिए जिला या निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। मंगलवार को जिला अस्पताल के डॉक्टरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर अपनी चिंता जाहिर की। डॉक्टरों ने बताया कि जिला अस्पताल में केवल दो एनेस्थेटिस्ट होने के बावजूद पिछले छह माह में करीब 2,400 ऑपरेशन किए गए, जबकि सरदारपुर सिविल अस्पताल में एक सर्जन और एक एनेस्थेटिस्ट पदस्थ होने के बाद भी छह माह में एक भी ऑपरेशन नहीं हुआ। मामले की पड़ताल के दौरान सरदारपुर सिविल अस्पताल की स्थिति भी कई सवाल खड़े करती नजर आई। अस्पताल में सर्जन, मेडिसिन विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, एनेस्थेटिस्ट, शिशु रोग विशेषज्ञ सहित आधा दर्जन से अधिक एमबीबीएस डॉक्टर पदस्थ हैं। इसके बावजूद ऑपरेशन सेवाएं पूरी तरह ठप हैं। जिसके कारण मरीजों को उपचार के लिए जिला अस्पताल या निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। औचक निरीक्षण के दौरान ओपीडी समय में अस्पताल में कुछ ही डॉक्टर मौजूद मिले।

डाक विभाग की पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी हत्याकांड में पांच दिन बाद भी मुख्य आरोपी का पति अभी भी फरार

# पति सैनी पर 10 हजार का इनाम घोषित, चार टीमें तलाश में जुटीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में डाक विभाग की पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी हत्याकांड में पांच दिन बाद भी मुख्य आरोपी और मृतका का पति अखिलेश सैनी का कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस की चार से अधिक टीमें अलग-अलग जगहों पर उसकी तलाश में जुटी हैं। आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

**11 जुलाई को हुई थी हत्या-** 11 जुलाई को डाककुंज कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में 38 वर्षीय पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी की हत्या कर दी गई थी। घटना के समय उनके दोनों बच्चे स्कूल गए हुए थे। स्कूल से लौटने पर बच्चों ने घर के अंदर मां का खून से लथपथ शव देखा। वारदात के बाद से उर्मिला का पति अखिलेश सैनी फरार है।



**मोबाइल साथ नहीं ले गया आरोपी-** जांच अधिकारियों के मुताबिक अखिलेश ने पूरी वारदात पहले से योजना बनाकर की। पुलिस का मानना है कि उसे यह जानकारी थी कि जांच में मोबाइल फोन सबसे अहम सुराग होता है। इसी वजह से वह अपने दोनों मोबाइल फोन घर पर छोड़कर फरार हुआ, जिससे उसकी लोकेशन और संपर्कों का पता नहीं चल पा रहा है। पुलिस को कुछ दिन पहले सूचना मिली थी कि अखिलेश सैनी को खलघाट क्षेत्र में देखा गया था। इस सूचना की भी जांच की जा रही है, हालांकि अब तक इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

पुलिस आरोपी के अगरबत्ती कारोबार से जुड़े लोगों की भी जानकारी जुटा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि वह किसी परिचित, कारोबारी या रिश्तेदार के संपर्क में तो नहीं है। भोपाल में रहने वाले उसके माता-पिता और अन्य रिश्तेदारों से भी पूछताछ की गई है।

#### नई सिम और डिजिटल लेनदेन के भी नहीं मिले सुराग

पुलिस को आशंका है कि आरोपी ने फरारी के दौरान नई सिम खरीदी होगी, लेकिन अभी तक इसका कोई सबूत नहीं मिला है। बैंक खाते, यूपीआई और अन्य डिजिटल भुगतान माध्यमों से भी उसकी कोई गतिविधि सामने नहीं आई है। जांच में पता चला है कि आरोपी बच्चों को दोपहिया वाहन की चाबी देने के बाद ऐसे रास्ते से निकला, जहां सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे। बाद में उसके फुटेज इंदौर रेलवे स्टेशन पर मिले। पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि उसने दिल्ली जाने के लिए ट्रेन का टिकट बुक कराया था, लेकिन बाद में उसे रद्द करा दिया। इसके बाद वह सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र की ओर जाता दिखाई दिया।

#### ओंकारेश्वर में हुआ अस्थि विसर्जन

- उधर, उर्मिला सैनी की अस्थियों का ओंकारेश्वर में विसर्जन कर दिया गया। अब उनके दोनों बच्चे प्रेक्षा और अव्यक्त की शेष शोक रस्में खंडवा स्थित नाना-नानी के घर पर पूरी कराई जाएंगी।
- पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश लगातार जारी है। उसकी गिरफ्तारी या उसके बारे में पुख्ता सूचना देने वाले को 10 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने एमडी ड्रग्स, क्रिकेट सट्टे और पुराने आपराधिक मामलों को लेकर

# नाना पटवारी से देर रात तक पूछताछ की गई

## तीन आरोपी अभी भी फरार, पूछताछ की पुष्टि और जांच का विवरण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने एमडी ड्रग्स, क्रिकेट सट्टे और पुराने आपराधिक मामलों को लेकर नाना पटवारी पर अपना शिकंजा और मजबूत कर दिया है। इसी सिलसिले में बुधवार को पुलिस ने नाना पटवारी और उसके बेहद करीबी माने जाने वाले सुमित मंत्री को गहन पूछताछ के लिए सहायक पुलिस आयुक्त यानी एसीपी कार्यालय में तलब किया। वहां देर रात तक पुलिस अधिकारियों ने दोनों से विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से सवाल-जवाब किए। इस पूरी कार्रवाई के दौरान नाना पटवारी के वकील भी थाना परिसर में लगातार मौजूद रहे।

इससे पहले पुलिस उपायुक्त डीसीपी नरेंद्र रावत ने दोनों ही संदिग्धों को पूछताछ के लिए तलब किए जाने की आधिकारिक पुष्टि कर दी थी। बुधवार की रात तकरीबन 12 बजे तक दोनों व्यक्ति एसीपी कार्यालय में ही मौजूद रहे, जहां जांच टीम ने उनसे जुड़े कई संवेदनशील मुद्दों पर पूछताछ की। हालांकि, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने वर्तमान जांच की संवेदनशीलता को देखते हुए पूछताछ के मुख्य विषयों और उससे सामने आए तथ्यों का खुलासा करने से साफ इनकार कर दिया है। दूसरी तरफ, एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में पूर्व में गिरफ्तार किए गए दोनों मुख्य आरोपी इस समय पुलिस की रिमांड पर चल रहे हैं। पुलिस हिरासत में लेकर उनसे लगातार कड़ाई से पूछताछ कर रही है। जांच अधिकारी उन आरोपियों के माध्यम से शहर के पूरे ड्रग्स नेटवर्क, क्रिकेट सट्टेबाजी के कारोबार और इस पूरे अवैध धंधे में नाना पटवारी के कथित जुड़ाव से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों तथा कड़ियों को जोड़ने में जुटे हुए हैं।





#### फरार साथियों की तलाश में पुलिस की दबिश

पुलिस की अब तक की जांच में क्रिकेट सट्टेबाजी से जुड़े इस पूरे नेटवर्क में नाना पटवारी के तीन अन्य करीबियों के नाम भी प्रमुखता से उजागर हुए हैं। पुलिस की विशेष टीमें उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं, लेकिन फिलहाल वे सभी पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहे हैं। इसी मामले में जांच के दायरे में आई कुछ युवतियों से भी पुलिस ने पूछताछ की है, हालांकि अब तक कोई ऐसा ठोस साक्ष्य हाथ नहीं लगा है जिसके आधार पर नाना पटवारी के खिलाफ कोई नया मुकदमा दर्ज किया जा सके।

# इंदौर की 1214 करोड़ की जल-सीवर परियोजनाओं को मंजूरी

## अर्बन चैलेंज फंड से 302 करोड़ की केंद्रीय सहायता मिलेगी, नगर निगम पर ऋण का बोझ भी कम होगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

भारत सरकार ने अर्बन चैलेंज फंड के तहत इंदौर नगर निगम की 1,214.54 करोड़ रुपए की जल प्रदाय और सीवरेज परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की बैठक में नगर निगम ने परियोजनाओं का प्रेजेंटेशन दिया, जिसे एपेक्स कमेटी ने स्वीकृति प्रदान की।

स्वीकृत परियोजनाओं में 907.74 करोड़ रुपए की जल प्रदाय परियोजनाएं और 306.80 करोड़ रुपए की सीवरेज परियोजनाएं शामिल हैं। बैठक में मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल और यूडीडी के दिव्यांक सिंह वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

**302 करोड़ की मिलेगी केंद्रीय सहायता-** अर्बन चैलेंज फंड के तहत कुल परियोजना लागत का 25 प्रतिशत, यानी करीब 302.70 करोड़ रुपए केंद्र सरकार से सहायता के रूप में मिलेंगे। इस राशि का उपयोग नर्मदा परियोजना के फेस-4 के तहत जल वितरण लाइन और सीवरेज लाइन बिछाने में किया जाएगा। इससे नगर निगम पर ऋण का बोझ भी कम होगा।

नगर निगम ने बैठक में जल वितरण प्रणाली को मजबूत करने, सीवर नेटवर्क के विस्तार और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के उन्नयन की योजना प्रस्तुत की।

कोर्ट ने आरोपी दंपती को दोषमुक्त कर दिया

# 2.19 करोड़ की संपत्ति राजसात

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में करीब 15 साल पुराने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में विशेष कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपी दंपती को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप से दोषमुक्त कर दिया, लेकिन ईडी की ओर से अटैच की गई करीब 2.19 करोड़ रुपए की संपत्ति पर किसी ने दावा नहीं किया। इसके चलते कोर्ट ने उस संपत्ति को शासन के पक्ष में राजसात करने के आदेश दिए हैं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2011 में महू स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के तत्कालीन क्लर्क राजेश नीम और अंजना नीम के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था। इससे पहले राजेश नीम के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं में पुलिस ने मामला दर्ज किया था। इसी प्रकरण के आधार पर ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कार्रवाई शुरू की थी। पुलिस द्वारा दर्ज मूल आपराधिक मामले में फरवरी 2023 में दोनों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया गया था। इसके बाद आरोपियों ने विशेष पीएमएलए कोर्ट में आवेदन देकर मनी लॉन्ड्रिंग मामले से भी बरी किए जाने की मांग की। विशेष न्यायाधीश राजेंद्र कुमार पाटीदार की अदालत ने आवेदन स्वीकार करते हुए दोनों आरोपियों को मनी लॉन्ड्रिंग मामले से दोषमुक्त कर दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट के दो फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि यदि मूल अपराध में आरोपी अंतिम रूप से दोषमुक्त हो जाता है तो उसके खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के बाद दुल्हन के साथ फेरे लेने से पहले

# विवाह की मुख्य रस्मों के बीच पकड़ाया दूल्हा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के चंदन नगर थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को सीहोर से हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी की पहचान सीहोर निवासी रवि विश्वकर्मा के रूप में हुई है। पीड़िता की लिखित शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए इंदौर पुलिस की एक विशेष टीम बुधवार को सीहोर पहुंची और वहां चल रहे एक विवाह समारोह के दौरान मंडप से ही दूल्हे को हिरासत में लेकर इंदौर आ गई।



इस पूरे मामले में पुलिस ने युवती के बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़िता की शिकायत दर्ज होने के बाद महिला पुलिसकर्मियों ने आरोपी रवि विश्वकर्मा को फोन के माध्यम से थाने आकर अपना पक्ष रखने के लिए सूचित किया था लेकिन आरोपी ने पुलिस के सामने उपस्थित होने से साफ मना कर दिया। आरोपी के इस अड़ियल रुख के बाद चंदन नगर पुलिस की एक विशेष टीम बुधवार को तत्काल सीहोर के लिए रवाना हुई। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो वहां आरोपी रवि विश्वकर्मा की शादी की रस्में चल रही थीं। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए विवाह की मुख्य रस्में शुरू होने से ठीक पहले ही आरोपी को शादी के मंडप से हिरासत में ले लिया। पुलिस की इस अचानक हुई कार्रवाई से विवाह समारोह में हड़कंप मच गया और पुलिस आरोपी को लेकर तुरंत इंदौर आ गई।

#### एक वर्ष तक शादी का प्रलोभन देकर बनाए शारीरिक संबंध

चंदन नगर थाना प्रभारी से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित युवती ने थाने में उपस्थित होकर एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। युवती का आरोप है कि सीहोर के रहने वाले रवि विश्वकर्मा ने उसे शादी का झांसा दिया और उसके साथ प्रेम संबंध स्थापित किए। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने शादी का पक्का वादा करते हुए करीब 1 साल तक उसके साथ कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जब युवती ने उस पर शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने साफ तौर पर विवाह करने से इनकार कर दिया और उसे धोखा दिया। पीड़िता पिछले दो दिनों से न्याय की गुहार लेकर लगातार थाने के चक्कर लगा रही थी जिसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक्शन लिया।

# दिल के पास छिपा था 180 ग्राम का रेयर ट्यूमर, ऑपरेशन से मिली नई जिंदगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

हार्ट एक्सपर्ट्स ने एक दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण सर्जरी कर 75 वर्षीय बुजुर्ग मरीज को नई जिंदगी दे दी। डॉक्टरों की टीम ने मरीज के दिल के दाहिने हिस्से से करीब 180 ग्राम वजनी कार्डियक ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाला।

अगर सर्जरी नहीं होती तो मरीज का हार्ट फेल्योर की ओर बढ़ रहा था। हरदा जिले के भुवनखेड़ी गांव निवासी जय सिंह चंदेल पिछले करीब 15 दिनों से सांस फूलने, सीने में दर्द और बार-बार चक्कर आने जैसी समस्याओं से परेशान थे। शुरूआत में उन्होंने इसे उम्र के लिहाज से कमजोरी समझा, लेकिन जब स्थिति लगातार बिगड़ने लगी और सामान्य कामकाज भी मुश्किल हो गया, तब उन्होंने हरदा के डॉक्टरों को बताया। मरीज की स्थिति और जांचों के बाद 6 जुलाई को सर्जरी का निर्णय लिया गया। डॉ. विनीत पांडे, एनेस्थेटिस्ट डॉ. मनोज गुप्ता और उनकी टीम ने सफल ऑपरेशन कर ट्यूमर को निकाल दिया। खास बात यह उनका इलाज आयुष्मान भारत योजना में पूरी तरह निःशुल्क हुआ। डॉ. विनीत पांडे (डायरेक्टर, कार्डियक सर्जरी डिपार्टमेंट, मेदांता हॉस्पिटल) ने बताया कि के दौरान पता चला कि ट्यूमर का आकार 9.5 .5.5 सेंटीमीटर और वजन 180 ग्राम है हार्ट में इस प्रकार के ट्यूमर अत्यंत रेयर होते हैं और समय पर इलाज नहीं मिलने पर जानलेवा साबित हो सकते हैं।

# स्टोर मैनेजर ने 10 लाख के जूते-कपड़े बेचकर रकम हड़पी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

विजयनगर थाना क्षेत्र में सी-21 मॉल स्थित एक शोरूम के स्टोर मैनेजर पर करीब 10 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि उसने बिना बिल के जूते, कपड़े और अन्य सामान बेचकर ग्राहकों से पैसे अपने खाते में ट्रांसफर कराए।

विजयनगर पुलिस के मुताबिक, सुयश विहार कॉलोनी निवासी कंपनी मैनेजर सितलेश यादव की शिकायत पर रोशन कुमार यादव के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। रोशन मूल रूप से बिहार का रहने वाला है और सी-21 मॉल स्थित एसिक्स शोरूम में स्टोर मैनेजर था।

वह जून 2024 में नौकरी पर रखा गया था और 13 सितंबर 2025 को नौकरी छोड़कर चला गया। इसके बाद उसका मोबाइल भी बंद हो गया।

रोशन के जाने के बाद कंपनी ने स्टॉक की जांच कराई। जांच में 65 जोड़ी जूते, 40 कपड़े और 38 एक्सेसरीज गायब मिलीं। इनकी कुल कीमत करीब 9.93 लाख रुपए बताई गई है। शोरूम के कर्मचारियों स्वेता, राहुल, दुर्गेश, पंकज और हेमंत से पूछताछ में सामने आया कि रोशन कई ग्राहकों से कंपनी के खाते की बजाय अपने बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर करवाता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश में एक टीम बिहार भेजी गई है।













मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com